सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 7:12

आज का तापमान

शिमला	18.0 न्यू	26.0 अधि
धर्मशाला	22.5 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	78,955
निफ्टी	24,636
सोना 1,48,200	चांदी 2,25,100

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 7 अगस्त 2026 | 23 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 220, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

फ्लाइट में इमरजेंसी दरवाजा खोलने की कोशिश, यात्री अरेस्ट

एजेंसी, कुआलालंपुर। कुआलालंपुर से कोच्चि जा रही एक विमान सेवा में इमरजेंसी एग्जिट खोलने की कोशिश करने वाले यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पर पैसेंजर्स और केबिन क्रू को धमकाने का भी आरोप है। इमरजेंसी एग्जिट की खिड़की के पैनल को नुकसान पहुंचा है। घटना बुधवार को रात करीब 9:30 बजे बाटिक एयर की फ्लाइट ओडी231 में हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान जमशीर अथानिक्कल के रूप में की है। वह कुआलालंपुर से कोच्चि आ रही बाटिक एयर की फ्लाइट ओडी231 में यात्रा कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

केजरीवाल का दावा 'बैन किया गया मेरा इंस्टाग्राम अकाउंट'

एजेंसी, नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को कहा कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट देश में बैन कर दिया गया है। उन्होंने

कहा कि इस बारे में मेटा से कई बार पूछने पर भी कोई जवाब नहीं आया। केजरीवाल ने अपने अकाउंट स्टेटस पेज का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। इसमें 'अनअवेलेबल इन सम लोकेशन्स' का मैसेज दिखाई दे रहा है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार मेटा पर दवाब डाल रही है कि जो भी व्यक्ति एथेनॉल या पेपर लीक के खिलाफ बोल रहा है, उसके अकाउंट को प्रतिबंधित किया जाए। (अनंत ज्ञान)

हरियाणा में थाने के सामने 7 लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग

एजेंसी, भिवानी। हरियाणा के दादरी शहर में सिटी थाने के सामने गुरुवार को अंधाधुंध फायरिंग हुई। इस दौरान ब्लैक स्कॉर्पियो में सवार 7 लोगों को गोलियां मारी गईं। सभी को सिविल अस्पताल लाने के बाद रोहतक रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सिटी थाने के ठीक सामने 3 बदमाश बाइक पर बैठकर आए और गाड़ी रुकवाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। 30 राउंड फायरिंग से ब्लैक स्कॉर्पियो को छलनी किया। गोलियों की गूंज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो सवार कोर्ट से पेशी भुगतकर आ रहे थे। पुलिस इसे गैंगवार मान रही है। घटना के 2 वीडियो भी सामने आए। एक में ब्लैक स्कॉर्पियों में लहूलुहान युवक बैठे दिख रहे हैं। वहीं, दूसरे में तीन हमलावर हाथ में रिवॉल्वर लेकर भागते दिखे। (अनंत ज्ञान)

श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों से भरा ट्रॉलर दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी, कोलंबो। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में 11 भारतीय मछुआरों को लेकर जा रहा एक भारतीय मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद श्रीलंका नौसेना ने बचाव अभियान शुरू कर दिया। वीरवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, ट्रॉलर कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार कर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में प्रवेश कर गया था और वहां बॉटम ट्रॉलिंग कर रहा था। इसी दौरान वह डेल्फ्ट द्वीप (नेदुन्थीवु) के पास समुद्री चट्टान से टकराकर फंस गया। (अनंत ज्ञान)

प्रदेश के 10 लाख परिवारों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा : सीएम

1.75 लाख अति निर्धन परिवारों के लिए नई योजना की घोषणा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं व ग्रामीण विकास को नई गति देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। सरकार ने लगभग 10 लाख पात्र परिवारों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने की नई योजना तैयार करने के साथ-साथ 1.75 लाख अति निर्धन परिवारों के लिए 'अपना परिवार सुखी परिवार योजना' शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्तियों को जब्त कर गरीबों के हित में उपयोग करने की नीति पर भी सरकार आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरुवार को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 48 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने मशोबरा में नए खंड विकास



जनसभा को संबोधित करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

कार्यालय भवन का उद्घाटन किया, जबकि भट्टाकुफर में लोक निर्माण विभाग मंडल कार्यालय, बलदेयां में उपमंडल कार्यालय, नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन तथा संपर्क सड़क के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में आधारभूत ढांचे और जनसुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सर्वेक्षण के माध्यम से 1.75 लाख अति निर्धन परिवारों की पहचान की है और उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए विशेष योजना लागू की जाएगी। साथ ही प्रदेश के लगभग 10 लाख पात्र परिवारों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने की नई योजना भी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है और गांवों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश के 150 सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया गया है, जिससे लगभग 24 हजार नए विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 87 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं तथा शिक्षकों के रिक्त पद भरे जा रहे हैं। वहीं सरकारी मेडिकल कॉलेजों में थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित करने और रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू करने की प्रक्रिया भी जारी है।

सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन योजना के प्रथम चरण में 137 वाहनों को किया रवाना

सीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण स्वच्छता अभियान को नई गति देते हुए ग्रामीण ठोस कचरा प्रबंधन योजना के प्रथम चरण में 137 वाहनों को रवाना किया। ये वाहन गांवों में घर-घर से कचरा एकत्र करेंगे, जबकि अगले चरण में 700 और वाहन पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांत पर कार्य कर रही है तथा भ्रष्टाचार के माध्यम से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अब भारत-तिब्बत सीमा तक पहुंचेगी विकास की नई रफ्तार

किन्नौर में बीआरओ को मिली 180 किमी लंबी एनएच परियोजना

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भारत-तिब्बत सीमा से सटे हिमाचल प्रदेश के रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण किन्नौर जिले के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी निर्णय लिया है। केंद्र ने प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-505ए पावरी-रिकांगपिओ-कल्पा तथा एनएच-5 के महत्वपूर्ण हिस्से के निर्माण, उन्नयन और रखरखाव की जिम्मेदारी सीमा सड़क संगठन को सौंप दी है।

लगभग 180 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बीआरओ के अधीन आने से सीमांत क्षेत्रों में सड़क निर्माण को नई गति मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय केवल एक सड़क परियोजना तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास, पर्यटन, बागवानी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में 31 जुलाई को अधिसूचना भी जारी कर दी है।

अधिसूचना के अनुसार एनएच-505ए की शुरुआत पावरी से होगी और यह रिकांगपिओ को जोड़ते हुए कल्पा तक पहुंचेगा। इसके साथ ही एनएच-5 के पावरी-चिनी-शिपकी ला (भारत-तिब्बत सीमा) खंड का विकास और रखरखाव भी बीआरओ करेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच सड़क निर्माण और रखरखाव में बीआरओ का व्यापक अनुभव रहा है। ऐसे में अब इस परियोजना के तेजी से आगे बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर सड़क संपर्क से सीमा क्षेत्रों में सैन्य आवाजाही और आपदा प्रबंधन की क्षमता भी पहले से अधिक सशक्त होगी।

फैसले से सीमांत क्षेत्रों में बढ़ी विकास की उम्मीदें

केंद्र सरकार के इस निर्णय का सीमांत किन्नौर क्षेत्र में व्यापक स्वागत किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बीआरओ के जिम्मेदारी संभालने से सड़क निर्माण और रखरखाव कार्यों में तेजी आएगी, जिससे वर्षों से लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्र के लोगों ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे किन्नौर और भारत-तिब्बत सीमा से जुड़े इलाकों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका कहना है कि बेहतर सड़क संपर्क से सीमांत क्षेत्रों का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा और क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को भी नई दिशा मिलेगी।

बता दें कि किन्नौर देश-विदेश में अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक पर्यटन और उच्च गुणवत्ता वाले सेब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

पत्रकार तेजपाल को दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष की सजा

एजेंसी, पणजी

बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने वीरवार को तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को रेप केस में दोषी करार दिया। उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि वे 2 हफ्ते में सरेंडर करें।

इससे पहले मई 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में तेजपाल को बरी कर दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। मामला नवंबर 2013 का है। तहलका की महिला पत्रकार ने आरोप लगाया था कि गोवा में आयोजित थिंक फेस्ट के दौरान 7 और 8 नवंबर की रात होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने दो बार उनका यौन उत्पीड़न किया। (अनंत ज्ञान)

तेजपाल बोले- हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

हाईकोर्ट के फैसले पर तेजपाल ने कहा, 'हम फैसले से बहुत निराश हैं।

हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। कुछ लोग तहलका और राजनीतिक बदले की भावना से 13 सालों से मेरे पीछे पड़े हैं। हमने 7.5 साल ट्रायल कोर्ट में केस लड़ा और बरी हुए थे।' हाईकोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की बजाय घटना के बाद पीड़ित महिला के व्यवहार पर ज्यादा ध्यान दिया। तेजपाल के माफी मांगने वाले ई-मेल जैसे अहम सबूतों को भी सही अहमियत नहीं दी।

लामू-हीलिंग मार्ग पर हीलिंग नाले के पास हुआ दर्दनाक हादसा

होली में खाई में गिरी कार, दो की मौत

अनंत ज्ञान

भरमौर। उपमंडल भरमौर की तहसील होली के लामू-हीलिंग मार्ग पर स्थित हीलिंग नाले के समीप बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू टीम की मदद से दोनों शवों को खाई से बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान सुरेश कुमार (38), पुत्र रंगीला राम, तथा संजय कुमार (35), पुत्र सरवन राम, निवासी लामू क्षेत्र के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि दोनों युवक बुधवार रात करीब 11 बजे किसी कार्य से हीलिंग से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हीलिंग नाले के समीप उनकी ऑल्टो कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया और दोनों शवों को खाई से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया गया है कि दोनों मृतक विवाहित थे।

सुरेश कुमार अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं, जबकि संजय कुमार अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है।

'क्या बोलती पब्लिक' अभियान शुरू करेगी कॉकरोच जनता पार्टी

एजेंसी, नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सितंबर से देशभर में 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान शुरू करेंगे। दीपके ने गुरुवार को महाराष्ट्र के संभाजीनगर में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम गांव-शहर जाकर युवाओं से बात करेंगे। साथ ही, बेरोजगारी और महंगी शिक्षा को मुद्दा बनाएंगे। दीपके बोले- बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है और इसे देशव्यापी मुद्दा बनाया जाएगा। हम शिक्षा सुधारों पर काम करेंगे। शिक्षा को मुनाफा कमाने का जरिया बना दिया गया है, लेकिन हम इस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं। नीट पेपर लीक को लेकर दीपके और उनकी पार्टी ने जंतर-मंतर पर 20 जून से 25 जुलाई तक, लगातार 36 दिनों तक धरना दिया था। 25 जुलाई को तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी ने धरना समाप्त करने की घोषणा की थी। एक दिन पूर्व दीपके ने कहा था कि सीजेपी कोई चुनावी राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी, बल्कि देश के लोकतांत्रिक संस्थानों और शासन में जवाबदेही तय करने के लिए एक मजबूत पब्लिक प्रेशर ग्रुप के रूप में काम करेगी। (अनंत ज्ञान)

गांव-शहरों में युवाओं से बात करेंगे दीपके

ट्रंप की सुरक्षा में चूक : हेलिकॉप्टर के पास से उड़ी कमर्शियल फ्लाइट

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक हेलिकॉप्टर मरीन वन की उड़ान के दौरान सुरक्षा में चूक हुई है। गत दिवस को व्हाइट हाउस से उड़ान भरते समय मरीन वन और एक यात्री विमान तय सुरक्षा दूरी से ज्यादा करीब आ गए। इसके बाद अमेरिकी विमानन नियामक एफएए ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना गत दिवस दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। ट्रंप व्हाइट हाउस से जॉइंट बेस एंड्रूज जा रहे थे। उसी समय एनवॉय एयर का एक यात्री विमान भी रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर गया।

मामले में एफएए ने शुरू की जांच

एफएए की शुरुआती जांच में पता चला कि दोनों विमान एक-दूसरे के सबसे करीब आने पर सिर्फ 1.3 किलोमीटर की दूरी पर थे। उनकी ऊंचाई में भी महज 700 फीट का अंतर रह गया था। अधिकारियों का कहना है कि दोनों विमान टक्कर की दिशा में नहीं थे और राष्ट्रपति की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

सुरक्षा में चूक कैसे हुई?

वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, मरीन वन की उड़ान के दौरान रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानों को कुछ देर के लिए रोक दिया जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। एयर ट्रैफिक कंट्रोल समय पर उड़ानें नहीं रोक सका। इसी वजह से यात्री विमान ने भी टेकऑफ कर लिया। एफएए अब यह पता लगा रहा है कि सुरक्षा प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं हुआ और एयर ट्रैफिक कंट्रोल से चूक कैसे हुई।

राहुल गांधी की जेन-जी से जुड़ने की कोशिश

एजेंसी, नई दिल्ली। पीएम मोदी के जेन-जी से जुड़ने के लिए इंस्टाग्राम पर लेट-नाइट रील्स पोस्ट करने के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर युवाओं से सीधे संवाद की पहल की है। राहुल ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन शुरू किया है, जिसमें छात्रों और जेन-जी यूजर्स को उनसे सवाल पूछने का न्योता दिया गया है। राहुल ने लिखा, 'छात्रों और जेन-जी, मैं आपकी बात सुनने के लिए यहां हूं। इंस्टाग्राम पर मुझसे कोई भी सवाल पूछिए। मैं ज्यादा से ज्यादा सवालों के जवाब देने की कोशिश करूंगा। इसके साथ उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी का लिंक भी शेयर किया, जहां यूजर्स अपने सवाल भेज सकते हैं।' राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर भी इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि स्टूडेंट्स, जेन-जी मैं सुनने के लिए यहां हूं। मुझसे इंस्टाग्राम पर कुछ भी सकते हो। (अनंत ज्ञान)

इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन शुरू किया

युवाओं से बातचीत नहीं हुई तभी तो हुआ आंदोलन

भागवत बोले, जेन-जी हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार और देशभक्त

एजेंसी, मुंबई

संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जेन-जी और जेन-अल्फा, पुरानी पीढ़ी से भी ज्यादा देशभक्त और ईमानदार है। उन्होंने कहा- हमें उनकी बात सुननी चाहिए। उनसे बातचीत में कमी थी, इसीलिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन हुआ। भागवत मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में किए जा रहे एक कार्यक्रम में बोल रहे हैं। इसका आयोजन इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस यानी आईआईएमयूएन अपनी 15वीं वर्षगांठ पर किया है।

नीट पेपर लीक के खिलाफ देशभर में प्रदर्शनों के बाद इसे आरएसएस का युवाओं के साथ सबसे अहम संवाद माना जा रहा है। जंतर-मंतर पर 36 दिन चले आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। मोहन भागवत ने दिल्ली में 20 जुलाई को छात्रों के प्रदर्शन के 4 दिन बाद कहा था कि आज की नई पीढ़ी बहुत सारे सवाल पूछती है।

हमें आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए। हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब देश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर छात्र जंतर-मंतर प्रदर्शन कर रहे थे। उनके बयान के 12 घंटे के बाद शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दे दिया था। (अनंत ज्ञान)



भागवत ने मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में दिया यह बयान

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू के बीच तीखी बहस

खड़गे बोले-क्या मुझे रिजिजू से सीखना पड़ेगा

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में वीरवार को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बीच तीखी बहस हुई। खड़गे ने कहा- क्या अब मुझे किरेन रिजिजू से सीखना पड़ेगा। वे चेयरमैन के चेंबर में जाकर बोलते हैं कि रोज मैं ही यहां आकर बोलता हूं। अगर मैं नियम नहीं पढ़ूंगा तो क्या उनकी दी हुई चीजें पढ़ूं? खड़गे ने कहा कि क्या बोलना है, कब बोलना है और कैसे बोलना है, यह तय करना मेरा अधिकार है। सत्ता पक्ष हमारे सांसदों का अपमान कर रहा है। मैं सिर्फ अमित शाह के संसद में आकर जवाब देने की मांग कर रहा हूं।

इस सदन में जेटली जी ने खुद कहा था कि रुकावट लोकतंत्र का हिस्सा है। इस पर रिजिजू ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष विपक्ष के नए सदस्यों को बोलने का मौका ही नहीं दे रहे हैं। एक ही मुद्दे पर बार-बार बोलकर समय बर्बाद कर रहे हैं। पवन खेड़ा कांग्रेस के नए सांसद हैं। संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर मैं सदन में उन्हें सम्मानित करना चाहता हूं। लेकिन दिक्कत यह है खेड़ा को अब तक वेलकम स्पीच देने तक का मौका नहीं मिला। वीरवार सुबह 11 बजे लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही कुछ ही मिनटों बाद दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। 2 बजे 10 मिनट कार्यवाही चलने के बाद लोकसभा शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। (अनंत ज्ञान)

The Best Education & Research Oriented University in Hills of Himachal Pradesh.

SRI SAI UNIVERSITY PALAMPUR (HP)

www.srisaiuniversity.org

COURSES OFFERED

ENGINEERING | Ph.D COURSES
POLYTECHNIC | LAW
PHARMACY | APPLIED SCIENCES
BIO SCIENCES | PUBLIC HEALTH
MANAGEMENT | COMPUTER
HOTEL | APPLICATIONS
MANAGEMENT | MOUNTAINEERING
PARAMEDICAL | ADVENTURE SPORTS

SSU PALAMPUR SRI SAI UNIVERSITY Transforming Dreams into Reality

Proudly NAAC Accredited, setting benchmarks in quality education NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

NCC

97365 01261-94170 50602

सड़कों से मजबूत होगी हिमाचल की कनेक्टिविटी

गडकरी-विक्रमादित्य की बैठक में जलोड़ी सुरंग समेत कई परियोजनाओं पर बनी सहमति

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। देश की राजधानी नई दिल्ली में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक राज्य के सड़क विकास के लिए बेहद सकारात्मक और दूरगामी परिणाम लेकर आई है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन, जलोड़ी सुरंग, पुल निर्माण तथा अन्य महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों और विकास संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए कई परियोजनाओं पर सैद्धांतिक सहमति जताई तथा लंबित मामलों में स्वीकृति प्रक्रिया तेज करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक को प्रदेश के सड़क ढांचे को नई मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के सैंज-लूरी-बंजार-औट मार्ग पर बंजार से औट तक सड़क सुधार और डामरीकरण के लिए 25.11 करोड़ रुपए जारी करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने लगभग 1775 करोड़ रुपए की लागत वाली बहुप्रतीक्षित जलोड़ी सुरंग परियोजना की स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह भी किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने मंत्रालय के अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग-303 के नगरोटा बगवां-रानीताल मार्ग के लिए 395 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक सहमति व्यक्त की। इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम और तेज होगा।

विक्रमादित्य सिंह ने वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत 239.45 करोड़ रुपए की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति देने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। इनमें टीकर-जारोल-गहन-नानखड़ी-खमाड़ी मार्ग तथा छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर-कुमारहट्टी मार्ग का उन्नयन शामिल है।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से विशेष रूप से सेब उत्पादक क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने 'सेतु बंधन' योजना के तहत पुल निर्माण के लिए 3.46 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराने, अधिक सड़क परियोजनाओं को मंजूरी देने तथा केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत हिमाचल के वार्षिक आवंटन को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए करने का भी आग्रह किया।

केंद्र के सहयोग से विकास परियोजनाओं को मिलेगी नई गति

ऐसे में हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में मजबूत सड़क नेटवर्क विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बेहतर सड़क संपर्क से पर्यटन, बागवानी, कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों को नई ऊर्जा मिलती है। लिहाजा, नई दिल्ली में हुई यह बैठक प्रदेश के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के अंत में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल प्रदेश को सड़क एवं आधारभूत ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिया, जिससे आने वाले समय में प्रदेश की कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने की उम्मीद और मजबूत हो गई है।

आभूषण, नकदी व आवश्यक दस्तावेज छिपाने का मामला

रक्कड़ पुलिस ने अब तक किए सात गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

देहरा। पुलिस थाना रक्कड़ की टीम ने आभूषण, नकदी और जरूरी दस्तावेज छिपाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 90 लाख रुपए नकद, 801 अमेरिकी डॉलर, पासपोर्ट, जमीन से जुड़े दस्तावेज तथा 1 किलो 324 ग्राम सोना व अन्य आभूषण बरामद किए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 29 जून 2026 को मौआं निवासी अविनाश पुत्र देशराज ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके करीब 4 से 4.5 किलोग्राम सोना, चांदी व हीरे के आभूषण, 2.5 करोड़ रुपए नकद तथा जरूरी दस्तावेज रिश्तेदारों ने बेईमानी की नीयत से छिपा दिए हैं। शिकायत के आधार पर रक्कड़ थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस अधीक्षक पुलिस जिला देहरा के निर्देश पर विशेष जांच दल गठित किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और प्रारंभिक जांच के आधार पर राजकुमार, तृप्ता देवी, राजकुमारी और प्रतीक्षा शर्मा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से संदिग्ध ब्रीफकेस, विदेशी मुद्रा, पासपोर्ट, जमीन के दस्तावेज और कुछ आभूषण बरामद हुए। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने डेरा बस्सी (मोहाली) स्थित नेहा, हरवंश और बृज भूषण के घर की तलाशी ली। यहां से नकदी और आभूषण बरामद होने के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अब तक कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो आरोपी उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत पर हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले में बरामदगी का सिलसिला जारी है। शेष नकदी और आभूषणों की बरामदगी के साथ अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस जिला देहरा की टीम मामले की तह तक पहुंचने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

लाखों की नकदी व आभूषण भी किए बरामद

राज्यसभा में डॉ. सिकंदर कुमार ने उठाया बच्चों में थायराइड व हार्मोन संबंधी बीमारियों का मुद्दा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में बच्चों में बढ़ते अंत:स्त्रावी और थायराइड संबंधी रोगों का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश सहित देशभर में उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। उन्होंने विशेष रूप से हिमाचल जैसे क्षेत्रों में उपचाराधीन बच्चों की स्थिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता तथा प्रत्येक तृतीयक चिकित्सा संस्थान में बाल अंत:स्त्रावी इकाई स्थापित करने के संबंध में सरकार की योजना पर सवाल किया।

◆ केंद्र सरकार ने बताया एनएचएम के तहत जांच उपचार और रेफरल व्यवस्था को किया गया मजबूत

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। कार्यक्रम में मधुमेह और जन्मजात हाइपोथायरॉयडिज्म सहित 38 स्वास्थ्य स्थितियों की पहचान की व्यवस्था है। संदिग्ध मामलों को मेडिकल कॉलेजों और अन्य उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के लिए रेफर किया जाता है। उन्होंने बताया कि एनएचएम के तहत राज्यों को उनकी राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के अनुसार वित्तीय और तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

अनुसूचित जाति विभाग को बूथ स्तर तक मजबूत करेगी कांग्रेस : नरेश चौहान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश चौहान ने वीरवार को राजीव भवन में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से पहुंचे जिला व ब्लॉक अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने उनका ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं से स्वागत किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद नरेश चौहान ने जल्द राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्रिमंडल के सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुसूचित जाति वर्ग तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

नरेश चौहान ने नियुक्ति के लिए कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गंगूराम मुसाफिर और प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नंदा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है।

जयराम ठाकुर बोले-सुक्खू सरकार ने कर्ज लेकर तोड़े सभी रिकॉर्ड, विकास कार्य ठप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को गंभीर आर्थिक संकट की ओर धकेलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने कर्ज लेने के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

जयराम ठाकुर ने दावा किया कि वर्ष 2022 तक प्रदेश की सभी सरकारों ने मिलकर करीब 69,500 करोड़ रुपए का ऋण लिया था, जबकि वर्तमान सरकार ने अपने चार साल के कार्यकाल में लगभग 45,000 करोड़ रुपए का कर्ज ले लिया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार एक वर्ष और सत्ता में रहती है तो यह आंकड़ा 60,000 करोड़ रुपए से अधिक पहुंच सकता है।

◆ चार साल में 45 हजार करोड़ रुपए का ऋण लेने का लगाया आरोप

उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में विकास कार्य प्रभावित हैं और पूर्व भाजपा सरकार के समय खोले गए करीब दो हजार संस्थान बंद कर दिए गए हैं, तो इतना बड़ा कर्ज आखिर किस कार्य में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी गारंटियों को पूरा नहीं किया और अधिकांश वादे केवल घोषणाओं तक सीमित रह गए।

जयराम ने कहा कि भाजपा विधायक दल ने जनहित के मुद्दों को लगातार उठाया है। उन्होंने भाजपा में गुटबाजी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है, जबकि कांग्रेस आंतरिक कलह से जूझ रही है।

उन्होंने दावा किया कि पंचायत और निकाय चुनावों में जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है और 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अस्पतालों में मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

धर्माणी ने की 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा, योजनाओं में तेजी के दिए निर्देश

अधिकारियों से बोले-पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में बचत भवन में जिला स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, जल शक्ति, श्रम, खाद्य नागरिक आपूर्ति, वन और लोक निर्माण विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र लोगों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने सरकारी धन से निर्मित परिसंपत्तियों की विभागवार मैपिंग कर उनकी निगरानी और बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रसव से संबंधित विस्तृत आंकड़े उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, ताकि संस्थागत और गैर संस्थागत प्रसव की स्थिति का आकलन किया जा सके। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा और वीबी राम जी योजना के तहत 1,01,900 जॉब कार्ड जारी किए गए हैं। इनमें 34,756 लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है और अब तक 120.23 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में 652 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि विशेष परियोजना के तहत 163 और शहरी आवास योजना के तहत 17 आवास पूर्ण किए गए हैं।

मंत्री ने लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने और सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

धर्मशाला में डॉ. राजेश शर्मा का सुधीर शर्मा पर जुबानी हमला, बोले-

सोशल मीडिया नहीं, जांच एजेंसियों के सामने रखें अपना जवाब

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा विधायक सुधीर शर्मा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आय से अधिक संपत्ति मामले में दर्ज एफआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत वर्ष 2017 में भाजपा द्वारा तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ लगाए गए आरोपों से हुई थी। बाद में भाजपा सरकार बनने पर इस शिकायत की जांच शुरू हुई और अब उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विजिलेंस ने मामला दर्ज किया है।

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यदि किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ जांच चल रही है तो उसे सोशल मीडिया पर बयानबाजी करने के बजाय जांच एजेंसियों के समक्ष अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए। कानून सभी के लिए समान है और जांच में पूरा सहयोग करना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व से भी अपील की कि वह जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न डाले और अपने नेताओं को कानून का सम्मान करने की सलाह दे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। डॉ. शर्मा ने धर्मशाला स्मार्ट सिटी परियोजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भूमिगत डस्टबिन, ट्यूलिप गार्डन और अन्य विकास कार्यों पर खर्च हुए सार्वजनिक धन का हिसाब जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से स्वीकृत योजनाओं की स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि विधायक के पास अपनी संपत्ति से जुड़े सभी वैध दस्तावेज हैं तो उन्हें सोशल मीडिया पर नहीं, बल्कि संबंधित जांच एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। साथ ही कहा कि विधानसभा और जांच एजेंसियां अपनी बात रखने के उचित मंच हैं तथा व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए।

लोकहित के मुद्दों से भाग रही कांग्रेस, संसद का समय नारेबाजी में कर रही बर्बाद : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया हमीरपुर। सांसद अनुराग ठाकुर ने संसद की कार्यवाही में लगातार हो रहे व्यवधान पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि संसद के महत्वपूर्ण समय का उपयोग जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने के बजाय अपनी ओछी राजनीति के लिए कर रहे हैं। उनका उद्देश्य देशहित के विषयों पर विमर्श करना नहीं, बल्कि संसद की कार्यवाही को बाधित कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करना है।

◆ कहा-राहुल गांधी स्वयं सदन में नहीं आते, लेकिन संसद न चलने देने के करते हैं हरसंभव प्रयास

उन्होंने कहा कि संसद सत्र का यह तीसरा सप्ताह चल रहा है, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी सदन में तीन बार भी दिखाई नहीं दिए। वे स्वयं लोकसभा में उपस्थित नहीं होते, जबकि दूसरी ओर सदन न चल पाए इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा से जुड़े एंटी-पेपर लीक विधेयक पर लगभग 12 घंटे तक विस्तृत चर्चा करवाई, तब कांग्रेस की ओर से इस महत्वपूर्ण विधेयक पर 12 शब्द भी नहीं बोले गए। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस युवाओं के हितों के प्रति कितनी उदासीन है और उसकी राजनीति केवल विरोध के लिए विरोध करने तक सीमित रह गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा कुछ अन्य विपक्षी दल लगातार सदन की कार्यवाही में बाधा डालते हैं, वेल में आकर नारेबाजी करते हैं और फिर वॉकआउट कर देते हैं। यदि उनका उद्देश्य केवल नारे लगाना है तो यह काम संसद के बाहर भी किया जा सकता है, लेकिन संसद देश के करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं और समस्याओं पर चर्चा का सर्वोच्च मंच है। ऐसे में व्यवधान उत्पन्न करना लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसे व्यवहार को देख रही है और लोकतंत्र को बाधित करने वालों को समय आने पर उचित जवाब देगी।

प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए सुक्खू सरकार जिम्मेदार : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजिंदर राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक कुप्रबंधन, राजनीतिक प्रतिशोध और चहेते लोगों को संरक्षण देने की नीति पर काम कर रही है। राणा ने दावा किया कि प्रदेश की जनता सरकार की कार्यप्रणाली से नाराज है और पंचायत व स्थानीय निकाय चुनावों में इसका संकेत मिल चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर कर देगी।

शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान राणा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था के बजाय कुछ प्रभावशाली लोगों का दबदबा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय के आसपास ऐसे लोग सक्रिय हैं, जिनके पास न कोई संवैधानिक पद है और न प्रशासनिक जिम्मेदारी, लेकिन सरकार के अहम फैसलों में उनकी भूमिका दिखाई देती है।

◆ सरकार नहीं, चहेतों का 'सिंडिकेट' चला रहा हिमाचल

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बड़ी संख्या में सलाहकारों, ओएसडी और राजनीतिक नियुक्तियों के जरिए सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ डाला है। राणा के अनुसार, यह व्यवस्था राजनीतिक संरक्षण देने का माध्यम बन गई है।

प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने रिकॉर्ड स्तर पर कर्ज लिया है, लेकिन उसका असर विकास कार्यों में नजर नहीं आ रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से राष्ट्रीय राजमार्ग, आपदा राहत और अन्य योजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपए मिलने के बावजूद सड़कें बदहाल हैं और पुलों की स्थिति खराब है।

राणा ने कहा कि हिमाचल सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में पिछड़ रहा है। उन्होंने एचआरटीसी की आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि कई बस रूट प्रभावित हैं और कर्मचारियों व पेंशनभोगियों को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजनीतिक दबाव में मामले दर्ज किए जा रहे हैं। राणा ने कहा कि यदि सरकार के पास किसी भी आरोप के प्रमाण हैं तो उन्हें अदालत में पेश करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उनकी भी जांच हुई, लेकिन कोई आरोप साबित नहीं हो सका।

राजेंद्र राणा के खिलाफ भोरंज थाने में शिकायत

अनंत ज्ञान, भोरंज। सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के खिलाफ भोरंज थाना में शिकायत दर्ज कर एफआईआर की मांग की गई है। कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया और महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुबाला ने कांग्रेस समर्थकों के साथ पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राजेंद्र राणा ने हाल में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार पर वित्तीय अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, सरकारी धन के दुरुपयोग और अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ये आरोप प्रथम दृष्टया असत्य हैं और आम जनता में भ्रम फैलाने वाले हैं। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 192 के तहत कार्रवाई की मांग की है।

डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

बागवानी बाजार में लाल सेब का जलवा, बागवानों की उम्मीदों को मिले नए पंख

हिमाचल में कम पैदावार ने बढ़ाई सेब की कीमतें

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मौसम की मार से हिमाचल में सेब उत्पादन भले ही प्रभावित हुआ हो, लेकिन मजबूत बाजार और देशभर में बढ़ी मांग ने बागवानों के नुकसान की भरपाई कर दी है। ओलावृष्टि, असमय बारिश और तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण इस बार फसल में भारी कमी दर्ज की गई, फिर भी सीमित आवक के चलते मंडियों में अच्छी गुणवत्ता वाले सेब को रिकॉर्ड दाम मिल रहे हैं। यही वजह है कि कम उत्पादन के बावजूद बागवानों को बेहतर आमदनी होने से पूरे सीजन को लेकर उत्साह का माहौल है।

राज्य स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड के अनुसार 3 अगस्त तक प्रदेश व बाहरी राज्यों की मंडियों में 15,45,596 सेब पेटियां पहुंची हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 40,70,172 पेटियां था। यानी इस बार अब तक 25,24,576 पेटियां कम बाजार में पहुंची हैं। इसके बावजूद ढली सहित प्रमुख मंडियों में प्रीमियम गुणवत्ता वाले रॉयल डिलीशियस, स्पर और गाला जैसी किस्मों को 3,000 से 3,700 रुपए प्रति पेटी तक भाव मिल रहे हैं। सीमित आवक के कारण खरीदारों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है और गुणवत्ता वाले सेब की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है।

बागवानी विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष प्रदेश में 2,18,35,350 सेब पेटियों का उत्पादन होने की संभावना है। इसमें शिमला से 1,15,49,500, कुल्लू से 37,60,500, किन्नौर से 28,18,000, मंडी से 22,83,300 तथा चंबा से 10,16,900 पेटियां उत्पादन होने का अनुमान है। प्रदेश में वर्तमान समय में 1,16,338 हेक्टेयर क्षेत्र में सेब की खेती की जा रही है और कुल फल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 77.58 प्रतिशत है। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलते मौसम के कारण उत्पादन में गिरावट आई है, लेकिन गुणवत्ता ने हिमाचली सेब की बाजार में मजबूत पहचान बनाए रखी है।

पूरे सीजन में अच्छे दाम मिलने की उम्मीद

प्रदेश में पिछले एक दशक के दौरान सेब उत्पादन लगातार मौसम पर निर्भर रहा है और हर वर्ष उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। वर्ष 2025-26 में 3,49,93,800 पेटियों का उत्पादन हुआ था, जबकि इस बार उत्पादन कम रहने का अनुमान है। इसके बावजूद व्यापारियों की मजबूत मांग, सीमित आवक और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण इस सीजन में हिमाचली सेब को प्रीमियम मूल्य मिलने की संभावना बनी हुई है। यही कारण है कि उत्पादन घटने के बाद भी बागवानों के चेहरे पर संतोष और बेहतर आय की उम्मीद साफ दिखाई दे रही है।

न्यूज ब्रीफ

10 से 12 तक होंगी ब्लॉक स्तरीय संवाद बैठकें

अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने लाभार्थी परिवारों के साथ होने वाली ब्लॉक स्तरीय संवाद बैठकों की संशोधित तिथियां जारी कर दी हैं। पहले 6 से 8 अगस्त प्रस्तावित बैठकें अब 10, 11 और 12 अगस्त, 2026 को आयोजित होंगी। विकास खंड परागपुर को तीन क्लस्टरों में विभाजित किया गया है। बैठकों में चयनित लाभार्थी परिवारों से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, समस्याओं और सुझावों पर सीधा संवाद किया जाएगा। विभाग ने सभी उपायुक्तों को सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सहौड़ा पंचायत के प्रभावितों को अवार्ड वितरित

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। गगल हवाई अड्डा विस्तारीकरण में आरएंडआर के तहत सहौड़ा पंचायत के प्रभावितों को अवार्ड किए जा चुके हैं, जिसमें कुल 19 करोड़ की राशि, 191 भूमि प्रभावित, 4 विस्थापित परिवारों को दी जाएगी। कांगड़ा हवाई अड्डा विस्तारीकरण परियोजना के तहत पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आरएंडआर) प्रक्रिया के तहत सहौड़ा पंचायत में प्रभावितों को अवार्ड वितरित किए गए। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर रंजीत ठाकुर ने बताया कि सहौड़ा पंचायत में कुल 191 भूमि प्रभावितों को पीएफ- लैंड ऑनल का अवार्ड नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा 3 दुकानदार और 4 प्रोजेक्ट विस्थापित परिवार भी शामिल हैं। मुआवजा राशि जल्द ही सभी प्रभावितों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी।

धीरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू

अनंत ज्ञान, डरोह। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम कार्यालय धीरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम देवी चंद ने की। इसमें विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों, विभागों और पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसडीएम ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने विद्यालयों से देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का आग्रह किया, ताकि समारोह को भव्य और प्रेरणादायक बनाया जा सके।

धीरा में टीबी मुक्त भारत अभियान जारी

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य शिविर एवं टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत सीएचसी धीरा के अंतर्गत 1 से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर मुनीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम पंचायतों में पहुंचकर लोगों की निशुल्क जांच कर रही है। शिविरों में एक्स-रे, बीपी, शुगर, हेपेटाइटिस बी और टीबी जांच की जा रही है। विभाग ने ग्रामीणों से शिविरों में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की है।

एपीएमसी कांगड़ा ने की 5.34 करोड़ की आय अर्जित

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। गगल। कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) कांगड़ा की बैठक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार (निशु मोंगरा) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में दिसंबर 2025 से जून 2026 तक की 5.34 करोड़ रुपए की आय का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2026-27 में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है, जिसमें टांडा खोली, पासू, फतेहपुर, मिलवां और रियाली मंडियों के विकास कार्य शामिल हैं। बैठक में खाली दुकानों के आवंटन और ई-नाम योजना से अधिक किसानों को जोड़ने पर भी चर्चा की गई। जुलाई 2026 तक किसानों को ई-नाम के माध्यम से 3.3 करोड़ रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया गया।

सुरेंद्र काकू ने किया पुल का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। ग्राम पंचायत कोहला के टीका खोपा गांव में 25 लाख रुपये की लागत से बने पुल का उद्घाटन पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू ने किया। पुल बनने से बरसात के दौरान हर वर्ष संपर्क कटने की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर पंचायत प्रधान रंजना देवी, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि मानसून में नाले में पानी बढ़ने से बच्चों, मरीजों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती थी। उद्घाटन के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य समस्याएं भी पूर्व विधायक के समक्ष रखीं। चौधरी सुरेंद्र काकू ने कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान किया और शेष मांगों को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।

फीस वृद्धि व सीटों में कटौती का विरोध जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में फीस वृद्धि और आईसीएआर सीटों में कटौती के विरोध में एबीवीपी का छात्र आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। ई-मेल अभियान, ब्लैक डे, रैली, धरना और हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने 28 से 36 प्रतिशत फीस वृद्धि तथा वेटरिनरी कॉलेज की एसएफएस फीस बढ़ाने का विरोध किया। एबीवीपी ने इसे मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के हितों के खिलाफ बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार से मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

शाहपुर में कल जुटेंगे पेंशनर्स, निकालेंगे रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर 8 अगस्त को शाहपुर में 18 पेंशनर संगठनों का वार्षिक अधिवेशन होगा। प्रदेशभर से पेंशनर इसमें भाग लेंगे और अधिवेशन से पहले रैली निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति ने संशोधित ग्रेच्युटी, पेंशन बकाया, महंगाई राहत, चिकित्सा बिलों के भुगतान और अन्य लंबित मांगों पर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। अधिवेशन में आगामी आंदोलन की रणनीति तय करने और मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया जाएगा।

धर्मशाला में विधायक सुधीर के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पुलिस ने नहीं जलाने दिया पुतला, कांग्रेस नेता बोले- सीएम के खिलाफ अभद्र शब्द बर्दाश्त नहीं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ वीरवार को धर्मशाला में ब्लॉक कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रदेश भाजपा द्वारा शिमला में प्रदेश सरकार के खिलाफ निकाली रैली में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा द्वारा सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

इसके चलते धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस ने कचहरी चौक पर कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी के नेतृत्व में सुधीर शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि सीएम पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर सुधीर शर्मा माफी मांगें। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक सुधीर शर्मा का पुतला जलाने का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पुतला नहीं जलाने दिया।

विधायक सुधीर शर्मा का पुतला जलाने से रोकते पुलिस कर्मी।

देवेंद्र जग्गी ने सुधीर पर लगाए गंभीर आरोप: इस दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने विधायक सुधीर शर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक सुधीर शर्मा द्वारा सीएम के खिलाफ अभद्र शब्दों का प्रयोग करना गलत है। देवेंद्र जग्गी ने कहा कि सुधीर शर्मा बौखलाहट में इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। देवेंद्र जग्गी ने कहा कि सुधीर शर्मा को विजिलेंस में दर्ज में एफआईआर का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जो कदम उठा रही है वो सही है, अगर अन्य लोग भी आय से अधिक संपत्ति वाले हैं तो उनकी भी जांच की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा के बयान को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुधीर शर्मा ने सीएम के खिलाफ को अभद्र शब्द कहे हैं, उसका जवाब, धर्मशाला की जनता उन्हें देगी।

आरएंडआर राशि और एक साल का समय देने की मांग

एयरपोर्ट प्रभावितों ने लगाई गुहार, डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार परियोजना से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को लेकर सनौरा पंचायत सहित कई गांवों के ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने वीरवार को डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रभावितों ने आरएंडआर (पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन) राशि जल्द जारी करने, घर खाली करने के लिए कम से कम एक वर्ष का समय देने और मुआवजे में समानता सुनिश्चित करने की मांग रखी।

पूर्व प्रधान सुनीता देवी ने बताया कि कई परिवारों को जमीन और भवन का मुआवजा मिल चुका है, लेकिन आरएंडआर के तहत मिलने वाला डिस्टर्बेंस अलाउंस अभी तक जारी नहीं हुआ है। आर्थिक सहायता के अभाव में परिवार नई जमीन खरीदने और घर बनाने में असमर्थ हैं। उन्होंने बरसात, निर्माण सामग्री और मजदूरों की कमी को देखते हुए प्रशासन से पर्याप्त समय देने की मांग की। प्रभावितों ने आरोप लगाया कि सनौरा, रच्छियालु, इच्छी, गगल सहित अन्य गांवों में मुआवजे की दरों में काफी अंतर है। कुछ क्षेत्रों में अधिक और कुछ गांवों में कम मुआवजा मिलने से प्रभावित परिवारों में रोष है। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी हस्तक्षेप की मांग की। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का केस-टू-केस आधार पर परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कानून के अनुसार सभी मामलों में समान अवधि देना संभव नहीं है, लेकिन वास्तविक जरूरत वाले मामलों में समय दिया जाएगा। मुआवजे का निर्धारण सर्किल रेट और तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर किया है। असंतुष्ट प्रभावित संबंधित रेफरेंस अथॉरिटी में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। प्रशासन ने समस्याओं के हल का आश्वासन दिया।

डमटाल में घर से 10.96 ग्राम चिट्टा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए स्टाफ ने रिहायशी मकान से 10.96 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ डमटाल थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की है। सीआईए स्टाफ को मिली सूचना के आधार पर गांव चक्क नांगलियां, डाकघर कंदरोड़ी, तहसील इंदौरा में तपेश्वर सिंह उर्फ सोनू के आवासीय मकान पर तलाशी की गई। तलाशी के दौरान मकान के एक कमरे में टेलीविजन के स्पीकर के भीतर छिपाकर रखा 10.96 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान तपेश्वर सिंह उर्फ सोनू, पुत्र स्व. मदन सिंह, निवासी गांव चक्क नांगलियां, डाकघर कंदरोड़ी, तहसील इंदौरा के रूप में हुई है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

छतवाल गांव के पास बाइकों की टक्कर दो युवकों की मौत

अनंत ज्ञान, इंदौरा। पठानकोट-कुल्लू नेशनल हाईवे-154 पर छतवाल गांव के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बुलेट मोटरसाइकिल और हीरो स्प्लेंडर बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुलेट सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सहायता पहुंचाई और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मृतकों की पहचान बब्बू पुत्र भूटो निवासी गांव छतवाल, जिला पठानकोट और अरिश शर्मा (18) पुत्र अतुल शर्मा निवासी जसूर, तहसील नूरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल में एथलेटिक्स मीट का आगाज 1500 खिलाड़ियों दिखाएंगे अपना दमखम

अनंत ज्ञान

पठानकोट। प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में सीबीएसई क्लस्टर XVIII एथलेटिक्स मीट 2026 का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पंजाब और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों से 1500 से अधिक छात्र-खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में जिला खेल अधिकारी पठानकोट लवप्रीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने प्रताप वर्ल्ड स्कूल को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया। सीबीएसई की ओर से सरबजीत सिंह को ऑब्जर्वर और हरप्रीत कौर को टेक्निकल हेड नियुक्त किया गया है। उनकी देखरेख में प्रतियोगिताएं सीबीएसई मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में 100 मीटर, 400 मीटर, 3000 मीटर दौड़, शॉट पुट और हाई जंप सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित हुईं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हाई जंप, 3000 मीटर दौड़ और शॉट पुट जैसी स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी और निदेशक सनी महाजन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

थुरल में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन में परमार ने सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र के थुरल में भाजपा महिला मोर्चा के थुरल, भवारना और सुलह मंडलों के संयुक्त सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा अब तक पूरी नहीं हुई है, जिससे प्रदेश की मातृशक्ति में रोष है। परमार ने कहा कि सरकार झूठी घोषणाओं और प्रचार की राजनीति कर रही है तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के हित में कई योजनाएं लागू की गई हैं। सम्मेलन में महिलाओं ने आगामी चुनाव में वादाखिलाफी का जवाब देने का संकल्प लिया है।

एचपीयू की बीसीए मेरिट में डीएवी कॉलेज कांगड़ा के पांच छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान आशीष दमीर, कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की बीसीए मेरिट सूची में एमसीएम डीएवी कॉलेज, कांगड़ा के पांच विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। कनिका ने 8.77 सीजीपीए के साथ प्रथम, ईशा ने द्वितीय, भूमिका ने पंचम, प्रिया देवी ने सप्तम और गुणिका सोनी ने नवम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और कॉलेज की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और भविष्य में भी कॉलेज बेहतर प्रदर्शन जारी रखेगा।

नगरोटा बंगवा में चोरी, नशा और यातायात नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्ती: संजीव

अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। नगरोटा बंगवा के नए थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा कि क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है और सभी मामलों की गंभीरता से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी। यातायात नियमों की अनदेखी करने, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट, रैश ड्राइविंग और स्टंटबाजी करने वालों के चालान के साथ वाहन भी जब्त किए जाएंगे। बाजार में अवैध पार्किंग पर भी कार्रवाई होगी, ताकि एंबुलेंस और अन्य वाहनों की आवाजाही बाधित न हो। कॉलेजों के आसपास स्टंट और पटाखेबाजी करने वाले युवाओं के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

वित्तीय दावों के लंबित भुगतान पर टीजीटी कला संघ ने जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से शिक्षकों और कर्मचारियों के लंबित वित्तीय दावों का शीघ्र निपटारा करने की मांग उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि यात्रा भत्ता, मेडिकल क्लेम, पंचायत चुनाव मानदेय, जनगणना मानदेय, वेतन निर्धारण, पदोन्नति लाभ और हाईकोर्ट के आदेशों से जुड़े वित्तीय मामलों का भुगतान लंबित है। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों में निराशा बढ़ रही है। संघ ने क्लस्टर सिस्टम पर भी सुझाव देते हुए प्राथमिक स्तर पर 90 प्रतिशत पद भरने, पदोन्नति प्रक्रिया समयबद्ध करने और शिक्षकों के हित सुरक्षित रखने की मांग की।

आय सीमा हटाकर वन टाइम सेटलमेंट की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश करुणामूलक संघ ने सरकार से करुणामूलक नियुक्तियों में वार्षिक आय सीमा 3 लाख रुपए समाप्त करने और वन टाइम सेटलमेंट के तहत लंबित मामलों का समाधान करने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र अत्री ने कहा कि करीब 1650 परिवार केवल आय सीमा के कारण वर्षों से नौकरी से वंचित हैं, जबकि वे लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। संघ ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए आगामी कैबिनेट बैठक में सभी पात्र परिवारों को बिना भेदभाव समान आधार पर रोजगार देने का निर्णय लेने की अपील की, ताकि प्रभावित परिवारों का जीवनयापन सुचारु हो सके।

रिड़कमार कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य मनोज कुमार ने नए स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्य, इतिहास और समाज सेवा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने 'नॉट मी बट यू' के मूल मंत्र की व्याख्या करते हुए युवाओं से निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया। साथ ही विद्यार्थियों को देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

सरकार ने जनता से छीना सस्ता सफर: बिक्रम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पूर्व परिवहन एवं उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने एचआरटीसी के ग्रीन, स्मार्ट और सम्मान कार्ड बंद कर हिम बस प्लस कार्ड लागू करने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार की जनहितकारी रियायती योजनाओं को समाप्त कर यात्रियों को मिलने वाली राहत खत्म कर दी गई है। बिक्रम ठाकुर ने सरकार से पुराने कार्ड और रियायतें बहाल करने तथा बढ़ाया गया सदस्यता शुल्क वापस लेने की मांग की।

विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान शाखा जयसिंहपुर द्वारा नशा मुक्ति एवं नशे के दुष्प्रभावों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों की जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

कुदैल पंचायत में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। विधायक किशोरी लाल ने बैजनाथ की ग्राम पंचायत कुदैल में उद्यान विभाग की शिवा परियोजना के तहत फलदार पौधारोपण अभियान का शुभारंभ अमरूद का पौधा लगाकर किया। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, बागवानी को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण करना है। विभाग के अनुसार कुदैल में 10 हेक्टेयर भूमि पर करीब 10 हजार उन्नत किस्म के फलदार पौधे लगाए जाएंगे, जिससे 20 किसान लाभान्वित होंगे। किसानों को पौधे, तकनीकी मार्गदर्शन और सिंचाई सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

BYAS INFRABUILD PVT. LTD.

RECRUITMENT NOTICE
(For Mission Vatsalya Scheme of the Women and Child Development Department)

Walk-in Interview for engagement of manpower purely on outsourced basis through HPSEDC for Mission Vatsalya Scheme of the Women and Child Development Department.

DETAILS OF POST
- Various Posts – 19

TOTAL POSTS: 19

INTERVIEW SCHEDULE
DATE : 21 AUGUST 2026 (Friday)
TIME : 11:00 AM to 4:00 PM

Age Limit: 18–45 years as on the date of the interview.

DETAILS OF POSTS, QUALIFICATION & REMUNERATION

Sr. No.	Name of Post	No. of Posts	Place of Posting	Essential Qualification	Remuneration per Month (Inclusive EPF, ESI, GST and others applicable Charges)
1.	Programme Officer (SARA)	01	Shimla (State Headquarter)	Post Graduate degree in Social Work/ Sociology/ Child Development/ Human Rights/ Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health / Community Resource Management from a recognized University. OR Graduate in Social Work /Sociology/ Child Development/ Human Rights/ Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health / Community Resource Management from a recognized University with 2 years of experience in project formulation/ implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development / Social Welfare. Proficiency in Computers.	₹34,755/-
2.	Protection Officer (Non-Institutional Care) (One post in each District)	12	One post in each District (Himachal Pradesh)	Post Graduate degree in Social Work/ Sociology/ Child Development/ Human Rights/ Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health / Community Resource Management from a recognized University. OR Graduate in Social Work /Sociology/ Child Development/ Human Rights/ Public Administration/ Psychology/ Psychiatry/ Law/ Public Health / Community Resource Management from a recognized University with 2 years of experience in project formulation/ implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development / Social Welfare. Proficiency in Computers.	₹27,804/-
3.	Nurse	05	Chamba – 01 Kangra – 01 Mandi – 01 Shimla – 02	Diploma in General Nursing & Midwifery (GNM) or B.Sc Nursing from any recognized institute. Preference will be given to B.Sc Nursing. at least one year experience of working in the relevant field.	₹13,240/-
4.	Counsellor (Female)	01	Shimla	Graduate in Social Work/ Sociology/ Psychology/ Public Health/ Counselling from a recognised university. OR PG Diploma in Counselling and Communication. At least 1 year of working experience with the Govt./NGO preferably in the field of Women & Child Development. Proficiency in Computers.	₹23,170/-

INTERVIEW VENUE
H.No. 82/9 Bhagwahan Muhalla
Near Head Post Office ,
Back side of District Court Complex
Mandi Tehsil Sadar District Mandi H.P. 175001

ESSENTIAL QUALIFICATION
As per above table for each post.
All qualifications must be from a recognized University/Institution.

NATURE OF ENGAGEMENT
✓ Purely on outsourced basis
✓ Maximum period of engagement: As per Mission Vatsalya Scheme norms

PLACE OF POSTING
Across Himachal Pradesh
(as per department requirement)

CONTACT DETAILS : 82787-85851 01905-356364 byasinfrabuild@gmail.com

Note: The company reserves all original documents and only short-listed candidates will be called for interview.

अजय वर्मा ने 5 इलेक्ट्रिक बसों को कांगड़ा बस स्टैंड से दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के स्वरूप में बदलाव किया जा रहा है। अगले वर्ष तक निगम के बेड़े में 50 प्रतिशत बसें इलेक्ट्रिक होंगी। यह बात एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कांगड़ा बस स्टैंड से पांच इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों से परिवहन क्षेत्र को आधुनिक बनाया जा रहा है। कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र को इलेक्ट्रिक बस डिपो मिलना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने इसके लिए सरकार का आभार जताया। अजय वर्मा ने पूजा-अर्चना के बाद बसों को रवाना किया और अधिकारियों के साथ स्वयं बस में सफर भी किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शिमला से 300 इलेक्ट्रिक बसों को विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया था, जिनमें से पांच बसें कांगड़ा को मिली हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों को आरामदायक सफर उपलब्ध करवाने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होंगी। इनके संचालन से निगम की आय में भी वृद्धि होगी, क्योंकि डीजल बसों की तुलना में इनकी संचालन लागत कम होगी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

कैप्टन राम सिंह को पद्मश्री दिलाने के प्रयास तेज विकास समिति ने सरकार को भेजा प्रस्ताव

प्रेसवार्ता करते समिति के अध्यक्ष विजय शमशेर भंडारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। स्वतंत्रता सेनानी, संगीतकार एवं गीतकार कैप्टन राम सिंह ठाकुर को पद्मश्री सम्मान दिलाने के प्रयास तेज हो गए हैं। कैप्टन राम सिंह ठाकुर मेमोरियल विकास समिति, खनियारा के अध्यक्ष विजय शमशेर भंडारी ने वीरवार को प्रेसवार्ता में बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध संगीतकार कैप्टन राम सिंह ठाकुर को पद्मश्री सम्मान दिलाने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल पंजाब गोरखा एसोसिएशन की ओर से आवश्यक दस्तावेज तैयार कर राज्य सरकार को भेजे गए हैं, जिन्हें आगे केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द सकारात्मक निर्णय आने की संभावना है।

13 से 15 अगस्त तक होगा 3 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट

भंडारी ने बताया कि कैप्टन राम सिंह ठाकुर की स्मृति में 13 से 15 अगस्त तक खनियारा में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा, जिसमें 15 से 16 टीमें भाग लेंगी। खिलाड़ियों के लिए वाटरप्रूफ टेंट, चिकित्सा सुविधा, रिफ्रेशमेंट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में कैप्टन राम सिंह ठाकुर के नाम पर संगीत प्रतियोगिता आयोजित करने की भी योजना है, ताकि उनके राष्ट्रभक्ति और संगीत योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराया जा सके। टूर्नामेंट के पहले दिन सेवानिवृत्त डीआईजी विनोद और 14 अगस्त को कर्नल महेश गुरुंग मुख्य अतिथि होंगे।

नशा तस्कर पर शिकंजा, डमटाल में आरोपी का अवैध निर्माण ध्वस्त

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एनडीपीएस अधिनियम के आरोपी शशि कुमार पुत्र गुरदयाल सिंह, निवासी डमटाल के अवैध निर्माण को सक्षम प्राधिकारी के आदेशों के अनुपालन में ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई और पूरे अभियान पर लगातार निगरानी रखी गई। इस संबंध में एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि शशि कुमार के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस अधिनियम के तहत दो म

न्यूज ब्रीफ

सुजानपुर में 19 से 23 अगस्त तक बंद रहेंगी स्वर्णकार और कपड़ा कारोबारियों की दुकानें

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर में स्वर्णकार संघ ने 19 से 23 अगस्त तक अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। यह फैसला स्वर्णकार संघ की बैठक में अध्यक्ष सुभाष चंद और उपाध्यक्ष रूप चंद की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने निर्धारित अवधि में कारोबार बंद रखने पर सहमति जताई। वहीं, कपड़ा व्यापारियों ने भी स्वर्णकार संघ के निर्णय का समर्थन करते हुए 19 से 23 अगस्त तक अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। व्यापारियों के इस सामूहिक निर्णय के कारण उक्त अवधि में सुजानपुर बाजार की कई दुकानें बंद रहेंगी।

आंतरिक शिकायत समिति का किया पुनर्गठन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के तहत जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर में जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी (जीएसआईसीसी) का पुनर्गठन किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज शर्मा की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सिविल जज बिंद्रा देवी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। रीडर ग्रेड-2 शिवानी कतना को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। समिति में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता भागीश शर्मा, केसी भाटिया, निशा वर्मा, अनीता कुमारी और सामाजिक संस्था से सुशीला शर्मा को सदस्य शामिल किया गया है।

हड़ेटा के संदीप लखनपाल बने लेफ्टिनेंट कर्नल

अनंत ज्ञान, गलोड़। उपमंडल नादौन के गलोड़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत हड़ेटा के गांव अप्पर हड़ेटा निवासी संदीप लखनपाल ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर पदोन्नति हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। सैनिक परिवार से संबंध रखने वाले संदीप के पिता बृजमोहन भी सेना में सेवा दे चुके हैं। माता लीला देवी ने हमेशा उन्हें प्रेरित किया। पंचायत प्रधान रजनी बाला, उपप्रधान कैप्टन पुरुषोत्तम चंद, पूर्व प्रधान संजय कुमार सहित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी।

नादौन में 150 पदों के लिए साक्षात्कार 13 को

अनंत ज्ञान, नादौन। नालागढ़ की कंपनी टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशन्स लिमिटेड में फ्लोर स्टाफ के 150 पदों को भरने के लिए 13 अगस्त को सुबह साढे दस बजे उप रोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 40 वर्ष तक के बारहवीं पास पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 14,300 रुपए मासिक वेतन के साथ ओवरटाइम भत्ता, पीएफ, ईएसआईसी और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इनका कार्यस्थल नालागढ़ होगा। अगर कोई युवा इन पदों के लिए योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

मशीन ऑपरेटरों के ऑनलाइन साक्षात्कार 14 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। बद्दी की कंपनी पीए प्रिसिजन कंपोनेंट्स में मशीन ऑपरेटरों के 10 पदों को भरने के लिए 14 अगस्त को सुबह 10 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में ऑनलाइन साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए फिटर, टर्नर और मशीनिस्ट ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमाधारक 18 से 30 वर्ष तक के फ्रेशर्स या अनुभवी युवा पात्र होंगे। चयनित युवाओं को 17,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। उन्होंने बताया कि अगर कोई युवा इन पदों के लिए योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

उचित मूल्य की 9 दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला के विभिन्न विकास खंडों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 9 उचित मूल्य की दुकानें खोली जाएंगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इसके लिए 5 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये दुकानें थैल, सुनवीं ब्राह्मणा, अप्पर पथल्यार, दैण, जटुआ, चमनेड़, जड़ोह, सासन और यानवीं में प्रस्तावित हैं। जिला नियंत्रक आंचल कुमारी ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से विभागीय पोर्टल पर किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। आवेदकों के लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास रखी गई है। प्राथमिकता पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाओं, महिलाओं के समूहों तथा पात्र व्यक्तियों को दी जाएगी।

धनेटा कॉलेज में बताए नशे के दुष्प्रभाव

अनंत ज्ञान, धनेटा। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में नशे के दुरुपयोग और एंटी चिट्टा अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और कानूनी दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और तनाव प्रबंधन पर भी मार्गदर्शन दिया। अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नशा निवारण समिति सहित विभिन्न समितियों के संयुक्त सहयोग से किया गया।

नई स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर राजेंद्र ने जताया मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार

अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए नई स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने की तैयारी कर रही है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को बेहद कम प्रीमियम पर 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध करवाया जाएगा। मामूली प्रीमियम पर इतनी बड़ी बीमा सुविधा देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नई स्वास्थ्य बीमा योजना को सेवानिवृत्त प्रिंसिपल राजेंद्र वर्मा ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इसके तहत बड़े मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालों को भी जोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार योजना को अगले 2 से 3 महीनों में लागू करने की तैयारी है।

120 करोड़ रुपए से आठ मंजिला बनेगा हमीरपुर का नया बस अड्डा

पार्किंग, बैंक्विट हॉल सहित कई सरकारी दफ्तर और अन्य सुविधाओं का होगा प्रावधान

◆ सूबे की शान बनेगा निर्माणाधीन सबसे बड़ा अंतरराज्यीय बस अड्डा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। बीते करीब डेढ़ दशक से सियासी कदमताल में उलझा रहा हमीरपुर का प्रस्तावित नया बस अड्डा अब आकार ले चुका है।

इसी साल के अक्तूबर माह तक इसके मुकम्मल तौर पर तैयार हो जाने की उम्मीद है। पीडब्ल्यूडी का दावा है कि बहुत जल्दी इसका रूप स्वरूप सामने आ जाएगा। 8 मंजिलें तैयार हो चुकी हैं। हालांकि टेंडर प्रक्रिया को लेकर विपक्ष के नेता सवाल उठा रहे हों, लेकिन इसके

संजय कटोच, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

निर्माण पर अब लगभग 130 करोड़ खर्च होने हैं। अनंत ज्ञान ने पीडब्ल्यूडी के स्थानीय एसडीओ पंकज कटोच से बस अड्डे से जुड़े हुए सभी मामलों पर चर्चा की। उनका कहना था कि पांच मंजिल से बढ़ाकर अब आठ मंजिल तक बनाया जा रहा है। इससे पहले इसे पांच मंजिल तक बनाया जाना था। उन्होंने बताया कि इसमें बेसमेंट के जो चार फ्लोर हैं। उसके ऊपर भी कर फ्लोर अलग से बन रहे हैं, उनका निर्माण चल रहा है। वहीं, बसों के खड़ा होने की व्यवस्था होगी। रूट पर वहीं से रवाना होंगी। कई दफ्तर भी इसमें खुलेंगे। बस अड्डा वाली जगह पर एक नाला भी है उसकी चैनेलाइजेशन का काम भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। उसका अलग से टेंडर हुआ है। दरअसल में इस बस अड्डे के निर्माण को लेकर मौजूदा कांग्रेस सरकार के नेता पूर्व भाजपा सरकार पर तंज भी करते रहे हैं। कारण यह है कि जब तत्कालीन धूमल सरकार का शासन था और चुनावों की बेला भी नजदीक थी, उसमें इसका शिलान्यास किया गया था, लेकिन बाद में कांग्रेस की सरकार आई, तब भी यह बस अड्डा नहीं बना। इसके बाद जयराम ठाकुर की सरकार आई, उस समय भी इसका जिक्र नहीं हुआ। मगर अब जब हमीरपुर जिले से फिर से सुक्खू के रूप में जब मुख्यमंत्री बने, तो फिर निश्चित रूप से यह मुद्दा बड़ा था और कांग्रेस ने इसे भुनाकर हमीरपुर के लोगों को बड़ी सहूलियत देने का जो प्रयास किया है, उसका अंजाम इसी साल के अंत तक देखने को मिल जाएगा। इस बार मुख्यमंत्री बनने के बाद सीएम सुक्खू ने इसे बनाने पर जोर दिया है।

सुजानपुर चौगान को मिलेगा नया रूप, सौंदर्यीकरण अभियान शुरू

अनंत ज्ञान

◆ चौगान के चारों ओर लगेंगे आम के पेड़

◆ नगर परिषद ने शुरू किया अभियान

◆ गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

सुजानपुर। ऐतिहासिक चौगान की सुंदरता और हरियाली को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए नगर परिषद ने व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण अभियान शुरू कर दिया है। मैदान की मखमली घास की नियमित कटाई और समतलीकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही चौगान के चारों ओर आम के पौधे लगाने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है, जिससे आने वाले समय में ऐतिहासिक मैदान की प्राकृतिक खूबसूरती और बढ़ेगी।

उपमंडल अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि विधायक द्वारा उपलब्ध करवाई गई घास काटने की मशीन से चौगान की घास की नियमित कटाई की जा रही है। उनके निर्देश पर नगर परिषद के अधिकारी चौगान को व्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि चौगान के चारों ओर आम के पौधे लगाने के लिए बागवानी (हॉर्टिकल्चर) विभाग के साथ चर्चा शुरू कर दी गई है। एसडीएम ने कहा कि ऐतिहासिक चौगान केवल सुजानपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की धरोहर है। इसकी स्वच्छता और गरिमा बनाए रखना प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैदान में कूड़ा-कचरा फैलाने, गंदगी करने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे ऐतिहासिक चौगान को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

चंबोह पंचायत की ग्राम सभा की बैठक में किए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

नशा करने और करवाने वालों पर लगेगा जुर्माना

◆ फेरीवालों को बिना पहचान गांव में प्रवेश नहीं

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। चंबोह पंचायत में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में गांव के विकास कार्यों और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। पंचायत प्रधान सुनील कुमारी और उप प्रधान केहर सिंह ने बताया कि ग्राम सभा ने सबसे पहले नशे की रोकथाम को लेकर सख्त निर्णय लिया है।

बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति गांव में किसी भी प्रकार का नशा करता है या अन्य लोगों को नशा करने के लिए प्रेरित करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, नशे से संबंधित गतिविधियों की

सूचना देने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि गांव में आने वाले फेरी वालों के लिए भी नियम तय किए गए हैं। अब बिना पहचान के किसी भी फेरी वाले को गांव में घूमने या सामान बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहले उसकी पहचान और आवश्यक जानकारी की जांच की जाएगी, उसके बाद ही गांव में बिक्री की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई फेरी वाला पंचायत के नियमों का पालन नहीं करता है तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी जाएगी। ग्राम सभा ने गांव में सामाजिक सुरक्षा, शांति और बेहतर माहौल बनाए रखने के लिए सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है। बैठक में पंचायत के विकास कार्यों को लेकर भी विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

जन्म और शादी की बधाई राशि तय

बैठक में ट्रांसजेंडरों की ओर से ली जाने वाली राशि पर भी चर्चा की गई। इस पर भी प्रस्ताव पारित किया कि बच्चे के जन्म और शादी की बधाई की राशि निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म पर 2100 रुपए और शादी की बधाई देने के लिए 3100 रुपए की राशि निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपनी मर्जी से अधिक राशि देना चाहता है तो उसका भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया है।

लकवाग्रस्त कुलदीप की मदद को आगे आए नरेश कुमार दर्जी

उपचार के लिए दी 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत चंदरुही के चंदरुही गांव निवासी लकवाग्रस्त कुलदीप कुमार की मदद के लिए समाजसेवी एवं पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद हमीरपुर नरेश कुमार उर्फ दर्जी भाई आगे आए हैं। उन्होंने कुलदीप को उपचार के लिए अपनी ओर से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

कुलदीप कुमार कुछ समय पहले तक एक निजी कंपनी में कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन अचानक लकवे (पक्षाघात) का दौरा पड़ने के बाद उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर हो गई। बीमारी के कारण उनकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हुई है और अब वह काम करने में असमर्थ हैं। लगातार इलाज के चलते परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। दर्जी भाई ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना समाज का दायित्व है और संकट की घड़ी में हर संभव सहयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के सक्षम लोगों से भी जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कुलदीप कुमार और उनके परिजनों ने नरेश कुमार उर्फ दर्जी भाई द्वारा दी गई आर्थिक सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त किया और भोंरज विधायक से भी उपचार के लिए सहयोग की उम्मीद जताई।

मेहंदी प्रतियोगिता में शिखा ने प्रथम और महक ने झटका दूसरा स्थान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर के सौजन्य से शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड संख्या-8 में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिखा ने प्रथम, महक ने द्वितीय और दीक्षा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी सुनील कुमार रांगड़ा ने स्तनपान के महत्व पर जानकारी देते हुए बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान शुरू करवाना और पहले छह माह तक केवल मां का दूध देना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छह माह के बाद ऊपरी आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखना लाभकारी होता है। मां का दूध शिशु के लिए सुरक्षित, संपूर्ण और सर्वोत्तम आहार है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ डायरिया, निमोनिया और अन्य संक्रमणों से बचाव में सहायक होता है। बीसीसी को-ऑर्डिनेटर सलोचना देवी ने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए पहला प्राकृतिक टीकाकरण है। इससे बच्चे का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास बेहतर होता है। उन्होंने बताया कि स्तनपान माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता सरोज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या, नीला, रजनी और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

किसानों के हित सर्वोपरि, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को नहीं किया जाएगा स्वीकार: डॉ. सुनील

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी कर सार्वजनिक धन का

किसी अन्य उद्देश्य में उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना की हर गतिविधि का मुख्य उद्देश्य किसानों का कल्याण होना चाहिए। डॉ. चौहान ने डीपीएमयू-हमीरपुर तथा बीपीएमयू बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित 'टीम बिल्डिंग, नेतृत्व विकास, प्रेरणा एवं तनाव प्रबंधन' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वरिष्ठ कॉरपोरेट प्रशिक्षक मनु भारद्वाज द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को काइज़ेन और निरंतर सुधार की कार्य संस्कृति अपनाने का आह्वान किया। साथ ही किसानों के साथ पारदर्शी और प्रभावी संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। वरिष्ठ सलाहकार बलजीत संधू ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर दिशा प्रदान करना है। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. संतोष शर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डीएवी स्कूल हमीरपुर में तीन दिवसीय शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में एआरओ एचपी जोन-वन डॉ. रश्मि जम्वाल के दिशा निर्देशन में तीन दिवसीय आंतरिक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 से 8 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एचपी जोन-वन के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के करीब 200 शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि जम्वाल, एआरओ एचपी जोन-वन एवं प्रधानाचार्य डीएवी रेहन रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि जम्वाल और विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन तथा डीएवी गान के साथ किया।

इस अवसर पर डीएवी मनई के प्रधानाचार्य दिनेश कौशल, डीएवी गोजू के प्रधानाचार्य विशाल कटोच, डीएवी पट्टा जटियां के प्रधानाचार्य विशाल शर्मा और डीएवी गुब्बर के प्रधानाचार्य राकेश ठाकुर सहित अन्य शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अधिगम, सहयोग, नवाचार और शिक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जा रही है। शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, रचनात्मक गतिविधियों और बेहतर कक्षा प्रबंधन की तकनीकों से अवगत करवाया जा रहा है। विभिन्न विषय विशेषज्ञ अपने अनुभव और आधुनिक शिक्षण पद्धतियां प्रतिभागियों के साथ साझा कर रहे हैं। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई ऊर्जा और बेहतर शिक्षण कौशल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्टता और आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलता है।

सीएम पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस आक्रामक, साधा निशाना

मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को नकारेगी जनता: सुमन

अनंत ज्ञान

प्रेसवार्ता करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन भारती। अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन भारती ने मुख्यमंत्री पर की गई टिप्पणी को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि संवैधानिक पदों पर रहे व्यक्तियों को मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने वीरवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जिन लोगों को जनता ने कई बार विधायक और मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद दिए, यदि वही मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं तो जनता को ऐसे लोगों को अस्वीकार करना चाहिए।

सुमन भारती ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं ने पार्टी से सब कुछ हासिल करने के बाद भी अपने स्वार्थों के लिए अपनी ही सरकार और नेतृत्व के खिलाफ षड्यंत्र रचे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को संवैधानिक मर्यादाओं की समझ नहीं है। मुख्यमंत्री उनकी मंशा से पहले से परिचित थे, इसी कारण उन्हें सरकार में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी आय से अधिक संपत्ति की जांच को लेकर बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हताशा में कुछ लोग लगातार अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे व्यक्ति संवैधानिक पदों के योग्य नहीं हैं। सुमन भारती ने बताया कि टिप्पणी को लेकर कानूनी राय ली जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि जनता आने वाले समय में ऐसे लोगों को पूरी तरह नकार देगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व पार्षद राजू चौधरी, देवीदास शहंशाह, राकेश कुमार सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

राहत शहर में सड़क किनारे बनी नालियों पर बनाए गए कंक्रीट के स्लैब उखाड़ने का कार्य शुरू

नादौन में जलभराव से मिलेगी निजात

अनंत ज्ञान

सोनल, नादौन। नादौन शहर में बरसात के पानी की सही निकासी न होने के कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए लोक निमार्ण विभाग ने शहर में सड़क के किनारे बनी नाली पर दुकानदारों द्वारा डाले गए कंक्रीट के स्लैबों को उखाड़ने का कार्य शुरू हो गया है।

अब दुकानदार इस नाली पर कंक्रीट के स्लैब की बजाय लोहे के जाले लगाते होंगे, ताकि जब नाली की साफ-सफाई की अवश्यकता हो तो इस बड़ी नाली को साफ किया जा सके। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण पानी की निकासी न होने के कारण पानी लोगों के घरों व दुकानों में घुंस गया था और ब्यास पुल पर भी काफी पानी व मलबा जमा हो गया था। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने प्रशासन को स्थायी समाधान के निर्देश दिए हैं। इसके चलते एसडीएम

अनंत ज्ञान

सड़क किनारे नाली पर डाले गए कंक्रीट के स्लैबों को जेसीबी से उखाड़ते हुए।

निशांत शर्मा ने अधिकारियों व दुकानदारों की एक विशेष बैठक करके इस समस्या के समाधान के लिए दुकानदारों से सहमति बनाई थी कि इस समस्या के समाधान के लिए दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे नाली पर जो कंक्रीट के स्लैब डाले हैं उन्हें तोड़ना होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिमला से (ईएनसी) प्रमुख अभियंता प्रयोजना सुरेन्द्र पाल जगोता क्वाल्टि कंट्रोल सैल हिमाचल प्रदेश टीम सहित नादौन पहुंचे । उनके साथ सैल के सदस्य जल शक्ति विभाग के चीफ इंजीनियर दीपक गर्ग व सुरेन्द्र वशिष्ट सीईओ हिमुडा के अलावा राकेश कुमार अधीक्षण अभियंता लोक निमार्ण विभाग शिमला, विजय कुमार चौधरी अधीक्षण अभियंता हमीरपुर, मुख्य अभियंता जल शक्ति विभाग धर्मशाला, एससी लोक निमार्ण विभाग इलैक्टिकल डिविजन, राजेंद्र जुबलानी अधिशाषी अभियंता लोक निमार्ण विभाग नादौन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे थे। टीम ने निरीक्षण के दौरान नादौन शहर में बरसात के पानी की सही निकासी न होने से जलभराव की समस्या के कारणों बारे संबधित अधिकारियों व स्थानीय लोगों से चर्चा की थी और अधीनस्थ अधिकारियों को इस समस्या के समाधान के निर्देश दिए थे। एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि लोक निमार्ण विभाग ने सड़क किनारे बनी नालियों पर से कंक्रीट के स्लैब जेसीबी से उखाड़ने शुरू कर दिए हैं। इन स्लैब की जगह दुकानदारों को एक स्टैंडर्ड की लोहे की जाली लगवानी होगी ताकि नालियों की सफाई में किसी प्रकार की कोई वाधा न आए।

45 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में की नकल, यूएमसी समिति के समक्ष 21 को किए तलब

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मई-जून माह में आयोजित स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों की सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान नकल करते पकड़े गए परीक्षार्थियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परीक्षा के दौरान नकल के कुल 45 मामले सामने आए हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने बताया कि नकल करते हुए पकड़े गए सभी परीक्षार्थियों को 21 अगस्त को यूएमसी (अनुचित साधन प्रयोग) समिति के समक्ष तलब किया गया है। सभी संबंधित परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि पर समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों पर विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यूएमसी समिति प्रत्येक मामले की जांच करने के बाद तथ्यों के आधार पर निर्णय लेगी और दोषी पाए जाने वाले परीक्षार्थियों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है। नकल जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए भविष्य में भी सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि मेहनत और योग्यता के आधार पर विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सके।

वैदिक मंत्रोच्चार से आर्ट ऑफ लिविंग केंद्रों में रुद्राभिषेक संपन्न

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। श्रावण मास के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से मंडी जिले के समखेतर बाजार, बालीचौकी, नेरचौक और सौलीखड़ केंद्रों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया गया। बेंगलुरु स्थित आश्रम से पधारे स्वामी आदित्य के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर स्वामी आदित्य ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है तथा रुद्राभिषेक से जीवन में शांति, सकारात्मकता, संतोष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि वैदिक मंत्रों के प्रभाव से वातावरण शुद्ध होता है तथा प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा, सामाजिक सद्भाव और मानव कल्याण की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर की प्रेरणा से आर्ट ऑफ लिविंग संस्था श्रावण मास के दौरान देशभर में ऐसे आयोजन कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक साधना से जुड़ सकें।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के शिक्षकों, स्वयंसेवकों और साधकों ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में संस्था ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता का आह्वान किया।

सरकाघाट की सड़कें बदहाल सरकार व लोक निर्माण विभाग जवाब दे : दलीप

बोले-जर्जर सड़कों से जनता परेशान, जल्द मरम्मत नहीं हुई तो होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान

विधायक दलीप ठाकुर।

सरकाघाट। सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कें आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। सरकाघाट-हलयाणा-रोपड़ी-रिस्सा, बलद्वाड़ा-तुंग बतालड़ी-मसयाणी-ढलवान, कोलनी-सड़वाल-पनयाली-चंदैश, त्रिफालघाट-बड़ौन-भटेहड़ा-ठाणा-चौकी, प्लासी-उखला-बारस-महड़ी-चंदरोती तथा पटड़ीघाट-ज्वाली-गैहरा सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं।

लगातार हो रही बरसात के कारण इनकी स्थिति और अधिक खराब हो गई है, जिससे लोगों का सफर जोखिम भरा बन गया है। विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है। रोजाना स्कूली बच्चे, मरीज, किसान, कर्मचारी और आम लोग गड्ढों से भरी इन सड़कों पर जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर सड़कें इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं कि वाहनों का चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन सरकाघाट की सड़कों की वास्तविक स्थिति उन दावों की पोल खोल रही है। जनता लंबे समय से इन सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग कर रही है, लेकिन सरकार और विभाग केवल आश्वासन देने तक सीमित हैं। यदि समय रहते इन सड़कों की उचित मरम्मत नहीं की गई तो किसी भी बड़ी दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग की होगी।

विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि पीडीएनए के तहत हिमाचल प्रदेश को जो सहायता राशि केंद्र द्वारा उपलब्ध करवाई गई है, उसका उपयोग क्षतिग्रस्त सड़कों पर होना चाहिए। । विभाग को पीडीएनए के तहत प्राप्त धनराशि का पारदर्शी और सही स्थानों पर उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही विधायक ने कहा कि यदि इन सड़कों की जल्द मरम्मत नहीं की गई तो लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा और इस मुद्दे को विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

भांबला के नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का एडीसी मंडी ने किया औचक निरीक्षण

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी प्रियांशु खाती ने वीरवार को उपमंडल सरकाघाट के भांबला क्षेत्र में संचालित दो नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. दिनेश ठाकुर, थाना प्रभारी बलद्वाड़ा तथा पुलिस दल भी मौजूद रहा।

एडीसी ने रटोली स्थित द रिकवरी विलेज तथा अपर भांबला स्थित द विनर फाउंडेशन केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, उपचार प्रक्रिया, स्टाफ की उपस्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र संचालकों से उपचार एवं पुनर्वास की कार्यप्रणाली की जानकारी भी प्राप्त की।

प्रियांशु खाती ने कहा कि नशामुक्ति केंद्रों का उद्देश्य केवल नशे की लत छुड़ाना नहीं, बल्कि मरीजों का मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक पुनर्वास सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने सभी केंद्रों को सरकार के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की नियमित निगरानी करता रहेगा, ताकि नशा पीड़ितों को गुणवत्तापूर्ण उपचार, सुरक्षित वातावरण और प्रभावी पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

सरकार की वॉकथॉन जारी, चिट्टा माफिया की मेराथॉन भारी : जम्बाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंड। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्बाल ने प्रदेश में बढ़ते चिट्टा कारोबार को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार वॉकथॉन जैसे प्रचारात्मक कार्यक्रमों में व्यस्त है, जबकि चिट्टा माफिया लगातार अपना नेटवर्क मजबूत कर रहा है।

◆भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई

जम्बाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार चिट्टा बरामद होने और नशा तस्करों की गिरफ्तारी की घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि समस्या गंभीर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में नशे के खिलाफ गंभीर है तो उसे बड़े तस्करों तक पहुंचकर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करना, अवैध संपत्तियां जब्त करना और युवाओं को नशे से बाहर निकालने के लिए ठोस अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने वॉकथॉन पर हुए सरकारी खर्च और उससे मिले परिणामों का भी ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की। जम्बाल ने कहा कि प्रदेश का हर अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है और गांवों से लेकर शहरों तक नशे का जाल फैल चुका है। ऐसे में केवल जागरूकता कार्यक्रम पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि चिट्टा माफिया के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा चिट्टा माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति की पक्षधर है। बड़े तस्करों की पहचान कर उनकी संपत्तियां जब्त की जाएं, अंतरराज्यीय नेटवर्क तोड़ा जाए और नशे के कारोबार को संरक्षण देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा न जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब प्रचार नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ ठोस और प्रभावी परिणाम देखना चाहती है।

बिना दस्तावेज स्कूली बच्चों को ले जा रही ट्रैवलर जब्त

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। संधोल चौकी पुलिस ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिना वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से बच्चों को ले जा रही एक ट्रैवलर को जब्त कर लिया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव जमवाल ने शिकायत मिलने पर कार्रवाई करते हुए वाहन को रोका, लेकिन चालक वाहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने ट्रैवलर में सवार सभी स्कूली बच्चों को सुरक्षित रूप से अन्य वाहनों के माध्यम से उनके घर भेजा।

जांच में पता चला कि वाहन पंजाब के एक व्यक्ति के नाम पंजीकृत है तथा उसके पास न वैध फिटनेस प्रमाणपत्र था, न परमिट और न ही अन्य आवश्यक दस्तावेज। संजीव जमवाल ने कहा कि प्रदेश में स्कूली वाहन हादसों को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और ऐसे वाहनों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को किसी स्कूल वाहन में भेजने से पहले उसके आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने की अपील की। पुलिस ने बताया कि पिछले एक महीने में संधोल क्षेत्र में यातायात नियमों के उल्लंघन पर अनेक चालान किए गए हैं। वहीं नशे के खिलाफ अभियान के तहत दो नशा पीड़ितों को नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया है।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मपुर संजीव सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा, स्कूली बच्चों की सुरक्षा और नशामुक्त समाज के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

जवाहर पार्क में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को प्रातः 11 बजे जवाहर पार्क में आयोजित होगा। समारोह में एसडीएम अमर नेगी राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे, मार्च पास्ट की सलामी लेंगे और स्वतंत्रता दिवस का संदेश देंगे। बैठक में एसडीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समारोह में पुलिस, पूर्व सैनिक, एनसीसी, एनएसएस तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नशा मुक्ति अभियान तथा स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त सुंदरनगर जनजागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूक किया जाएगा। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

डीसीसी सहकारिता समिति के बग्गी जोन में चुनावी सरगर्मियां तेज

अनंत ज्ञान

महेंद्र सिंह राणा, भौर। जिला मंडी की डीसीसी सहकारिता समिति के बग्गी जोन के निदेशक पद के लिए 8 अगस्त को होने वाले चुनाव को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। बग्गी जोन में महादेव, कनैड, चुनाहण और बग्गी शाखाओं को शामिल किया गया है, जहां से चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी मतदाताओं तक पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

कनैड से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार राजू राम ने बताया कि सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और मतदाता भी अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक हैं। उम्मीदवार गांव-गांव जाकर सहकारिता समिति के विकास, सदस्यों के हितों की रक्षा तथा बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के अपने-अपने वादे और योजनाएं मतदाताओं के समक्ष रख रहे हैं। चुनाव परिणाम को लेकर उम्मीदवारों और समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है तथा सभी की नजरें मतदान और उसके नतीजों पर टिकी हुई हैं।

पूर्व सीपीएस ने ध्वाल में निर्माणाधीन पुल का कार्य तेज करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने वीरवार को ध्वाल में सतलुज नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ मौके का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा से पहले गुणवत्तापूर्ण ढंग से पुल का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।

सोहन लाल ठाकुर ने बताया कि इस पुल का शिलान्यास और निर्माण कार्य वर्ष 2017 तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने किया था और उनके कार्यकाल में निर्माण कार्य शुरू हुआ था। हालांकि कुछ कार्य होने के बाद पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में पुल का निर्माण बंद हो गया। अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों तथा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के सहयोग से उनके आग्रह पर पुल निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाना है, ताकि ध्वाल, बटवाड़ा, धन्यारा, हाड़ाबोई और सोझा बेहली सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। यह पुल सलापड़-तत्तापानी सड़क मार्ग की महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा, जिससे रामपुर तक आने-जाने वाले लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है और निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इस पुल का लाभ मिल सके।

महिला मंडलों ने प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत कशमैला के अंतर्गत महिला मंडल रैहड़ी, उप्पर दगडोंन, कशमैला एवं कलेहड़ी की महिलाओं ने सामूहिक श्रमदान कर क्षेत्र की प्राकृतिक जल स्रोतों एवं बावड़ियों की व्यापक साफ-सफाई की।

इस अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कशमैला के प्रधान नरेंद्र पाल ने बताया कि महिला मंडलों द्वारा चलाया गया यह अभियान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत हमारी अमूल्य धरोहर हैं और इनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

महिला मंडलों की इस पहल से न केवल जल स्रोत स्वच्छ रहेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी इनका संरक्षण सुनिश्चित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने का लक्ष्य अवश्य सफल होगा।

अभियान में महिला मंडल उप्पर दगडोंन की प्रधान बंदना देवी, रैहड़ी की प्रधान सीता देवी, कशमैला की प्रधान लता देवी तथा कलेहड़ी की प्रधान फूला देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने ग्रामीणों से भी प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। महिला मंडलों की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

छोटाभंगाल-चौहार घाटी में नशे की बढ़ती दस्तक से चिंता

अनंत ज्ञान, बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी के समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र में नशे की बढ़ती गतिविधियों पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि खेती-बाड़ी पर निर्भर इन दुर्गम घाटियों में बाहरी राज्यों से जुड़े कुछ लोग स्थानीय युवाओं को लालच देकर नशे के कारोबार में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। चौहार घाटी के समाजसेवी एवं पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान ने कहा कि कुछ लोगों के लालच के कारण नशे का कारोबार धीरे-धीरे घाटियों तक पहुंचने लगा है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अब नशा माफिया के पूरे नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि पंचायत स्तर पर नियमित जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं, युवाओं और अभिभावकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए तथा नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलश यात्रा के साथ मंडी पहुंचा गुरु रविदास जी का समरसता का संदेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही राष्ट्रीय कलश यात्रा वीरवार को मंडी पहुंची। बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने नेरचौक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का स्वागत किया और गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज को एकता और मानवता का संदेश देते हैं। इसके बाद यात्रा मंडी के सकोड़ी पुल पहुंची, जहां सदर विधायक अनिल शर्मा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने सभी लोगों के सम्मान, समानता और भाईचारे का संदेश दिया, जो वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। भाजपा प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कलश यात्रा 29 जुलाई को वाराणसी स्थित गुरु रविदास जी की जन्मस्थली से शुरू हुई थी, जो विभिन्न राज्यों से होते हुए हिमाचल पहुंची है। यात्रा का उद्देश्य गुरु रविदास जी के समरसता, मानव सेवा और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

मंडी में यात्रा के दौरान श्री गुरु रविदास मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए लंगर और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पुराने मेला मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर एसडीएम फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस वर्ष भी जोगिंद्रनगर के पुराने मेला मैदान में हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा।

समारोह में एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनीश चौधरी ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड में भाग लेने वाले शिक्षण संस्थानों से 13 अगस्त तक प्रतिभागियों की सूची एसडीएम कार्यालय में जमा करवाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा और वह देशभक्ति की भावना पर आधारित होना चाहिए।

परेड में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का प्रशिक्षण पुलिस विभाग द्वारा कराया जाएगा। एसडीएम ने बिजली बोर्ड और जलशक्ति विभाग को समारोह के दौरान निर्बाध विद्युत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जबकि नगर परिषद को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया।

उचित मूल्य, कोल्ड स्टोर और मंडी की सुविधा नहीं मिलने से किसान परेशान

बरोट आलू का उत्पादन घटा, किसानों ने दूसरी सब्जियों का किया रुख

सरकार से ठोस नीति की मांग

अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी का आलू आज भी अपनी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसका उत्पादन लगातार घट रहा है। किसानों का कहना है कि आलू का उचित मूल्य नहीं मिलने, फसल में बढ़ती बीमारियों, महंगे बीज और सरकारी प्रोत्साहन के अभाव के कारण उन्होंने अब फूलगोभी, बंदगोभी, मटर, मूली, राजमा, शलगम, धनिया, प्याज, लहसुन और सरसों जैसी नकदी फसलों की खेती को प्राथमिकता देनी शुरू कर दी है।

किसानों के अनुसार करीब चार दशक पहले घाटियों में ढांखरी, चंद्रमुखी, कुफरी ज्योति, गोला और कुफरी गिरिराज किस्म के आलू बड़े पैमाने पर उगाए जाते थे तथा सरकार की ओर से रोग नियंत्रण के लिए दवाइयां और स्प्रे भी उपलब्ध कराए जाते थे। अब यह सुविधाएं लगभग समाप्त हो चुकी हैं। किसानों ने बताया कि छोटाभंगाल में धरमान सब्जी मंडी होने के बावजूद चौहार घाटी में बार-बार घोषणाओं के बाद भी मंडी स्थापित नहीं हो सकी है। वहीं, क्षेत्र में कोल्ड स्टोर नहीं होने से किसानों को अपनी उपज सड़कों के किनारे रखने या औने-पौने दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। किसानों ने सरकार से आलू के लिए समर्थन मूल्य जैसी व्यवस्था, कोल्ड स्टोर और विपणन सुविधाएं विकसित करने की मांग की है।

आईटीआई सुंदरनगर में प्लेसमेंट, 60 अभ्यर्थियों का चयन

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (दिव्यांग), सुंदरनगर में वीरवार को टीवीएस मोटर कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य विजय कुमार चौधरी ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में कुल 75 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत 60 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा आगामी मेडिकल परीक्षण (मेडिकल एग्जामिनेशन) के लिए बुलाया गया है। प्रधानाचार्य विजय कुमार चौधरी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा टीवीएस मोटर कंपनी के अधिकारियों का संस्थान में प्लेसमेंट आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कंपनी की ओर से एचआर प्रबंधक गुरप्रीत सिंह तथा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हेड सुखवीर परमार ने अभ्यर्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं, करियर के अवसरों तथा वेतन संबंधी जानकारी भी प्रदान की।

पर्यावरण संरक्षण पर हिम खंड की साहित्यिक गोष्ठी

अनंत ज्ञान

मंडी। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह परिसर भोजपुर में राष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका हिम खंड के संपादक एवं हिम साहित्य परिषद मंडी के अध्यक्ष डॉ. पीसी कौंडल की अध्यक्षता में पर्यावरण विषय पर साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में कवि सुरेंद्र मिश्रा ने हिम खंड पत्रिका में प्रकाशित संपादकीयों पर चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और अच्छे संस्कार विकसित हो सकें।

उन्होंने पत्रिका के ताजा अंक के संपादकीय 'पर्यावरण का प्रदूषित होना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक' का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदूषण की समस्या पर समय रहते ठोस कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने घर, गांव और शहर में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कवि सुरेंद्र मिश्रा ने 'पेड़ लगाओ जीवन पाओ' विषय पर कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं कवि, लेखक एवं पत्रकार भीम सिंह ने 'हरा-भरा रहे हमारा पर्यावरण' कविता के माध्यम से पेड़-पौधे लगाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया।

डॉ. पीसी कौंडल ने कहा कि पर्यावरण आधारित साहित्य वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने हिम खंड पत्रिका के संपादकीयों को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने के विचार का समर्थन किया और रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया। गोष्ठी में साहित्यकारों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे।

'**सफल** व्यक्ति वही होता है जो समय, ज्ञान और अवसर का सही उपयोग करना जानता है तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखता है।
-चाणक्य

संपादकीय

सफल जीवन का सूत्र

मनुष्य का जीवन सपनों के बिना अधूरा है। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कुछ न कुछ बनने, कुछ नया करने और समाज में अपनी पहचान स्थापित करने का सपना देखता है। कोई उत्कृष्ट चिकित्सक बनना चाहता है, कोई वैज्ञानिक, शिक्षक, सैनिक, कलाकार, खिलाड़ी या सफल उद्यमी बनने का लक्ष्य रखता है। सपने ही मनुष्य को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उसके जीवन को उद्देश्य प्रदान करते हैं। लेकिन केवल सपने देखना ही पर्याप्त नहीं होता। उन्हें साकार करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। यही गुण साधारण व्यक्ति को असाधारण उपलब्धियों तक पहुंचाते हैं।

सपनों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे मनुष्य को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जब व्यक्ति अपने भविष्य की कल्पना करता है, तब उसके भीतर नई ऊर्जा का संचार होता है। यही ऊर्जा उसे कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का साहस देती है। यदि जीवन में कोई लक्ष्य न हो, तो व्यक्ति बिना दिशा के भटक सकता है। इसलिए सबसे पहले अपने सपनों को पहचानना और उन्हें स्पष्ट लक्ष्य का रूप देना आवश्यक है।

सपनों को साकार करने की यात्रा का पहला चरण सही योजना बनाना है। बिना योजना के किया गया प्रयास अक्सर अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाता। जब व्यक्ति अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे चरणों में विभाजित करता है और प्रत्येक चरण के लिए समय निर्धारित करता है, तब सफलता की संभावना बढ़ जाती है। योजना केवल कागज पर लिखे शब्द नहीं होती, बल्कि वह दैनिक जीवन का अनुशासन बन जाती है। जो व्यक्ति अपने समय का सदुपयोग करना सीख लेता है, वह अपने लक्ष्य के अधिक निकट पहुंच जाता है।

परिश्रम सफलता की सबसे मजबूत नींव है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में किसी भी बड़ी उपलब्धि के पीछे वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण छिपा होता है। सफलता का कोई छोटा मार्ग नहीं होता। जो लोग कठिनाइयों से घबराकर प्रयास छोड़ देते हैं, वे अपने सपनों से दूर हो जाते हैं। इसके विपरीत जो लोग निरंतर प्रयास करते रहते हैं, वे एक दिन अवश्य सफल होते हैं। हर छोटी सफलता आगे बढ़ने का उत्साह देती है और हर असफलता एक नया अनुभव प्रदान करती है।

आत्मविश्वास भी सफलता का महत्वपूर्ण आधार है। यदि व्यक्ति स्वयं पर विश्वास नहीं करेगा, तो दूसरों का विश्वास भी प्राप्त नहीं कर सकेगा। आत्मविश्वास का अर्थ अहंकार नहीं, बल्कि अपनी क्षमता पर भरोसा रखना है। कठिन परिस्थितियों में यही विश्वास व्यक्ति को टूटने नहीं देता। अनेक महान व्यक्तियों ने अपने जीवन में अनेक बार असफलताओं का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। उनके आत्मविश्वास ने ही उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

अनुशासन सपनों को साकार करने का सबसे प्रभावी साधन है। प्रतिभा महत्वपूर्ण है, लेकिन अनुशासन के बिना प्रतिभा भी अपना पूरा प्रभाव नहीं दिखा सकती। समय पर कार्य करना, नियमित अभ्यास करना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना और अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना सफलता की दिशा में आवश्यक कदम हैं। अनुशासित व्यक्ति परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालना जानता है और कठिन समय में भी अपने लक्ष्य से नहीं भटकता। सकारात्मक सोच भी सफलता की यात्रा को सरल बनाती है। जीवन में समस्याएं और चुनौतियां हर व्यक्ति के सामने आती हैं। अंतर केवल इतना होता है कि कोई उन्हें बाधा मानता है और कोई उन्हें सीखने का अवसर।

आज की प्रमुख हस्ती

हरित क्रांति के महानायक स्वामीनाथन

डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन भारत के महान कृषि वैज्ञानिक और 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनका जन्म 7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में हुआ था। उनकी जयंती प्रत्येक वर्ष 7 अगस्त को मनाई जाती है। इस अवसर पर उनके जीवन, कार्यों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया जाता है।

डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन
जन्म : 7 अगस्त 1925
मृत्यु : 28 सितंबर 2023

डॉ. स्वामीनाथन ने अपना पूरा जीवन भारतीय कृषि के विकास और किसानों की उन्नति के लिए समर्पित किया। उन्होंने ऐसे वैज्ञानिक अनुसंधान किए जिनसे गेहूँ और धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों का विकास हुआ। इन नई किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों के कारण भारत में खाद्यान्न उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। पहले भारत को अनाज के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन हरित क्रांति के बाद देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा।

डॉ. स्वामीनाथन का मानना था कि कृषि का विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ छोटे और सीमांत किसानों तक पहुँचे। वे किसानों को आधुनिक खेती, बेहतर बीज, सिंचाई, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि पर भी विशेष बल दिया। उनका विचार था कि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हुए उत्पादन बढ़ाना ही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए। उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक माना जाता है। विद्यालयों और विभिन्न संस्थानों में उनकी जयंती के अवसर पर भाषण, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी तथा कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, किसानों के महत्व और कृषि के प्रति सम्मान का संदेश दिया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश की समृद्धि का आधार किसान और कृषि हैं।

अंत में, डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का जीवन परिश्रम, सेवा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने भारत को खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई और करोड़ों किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त किया। उनकी जयंती हमें कृषि, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा वैज्ञानिक सोच और टिकाऊ कृषि को अपनाने की प्रेरणा देती है।

कविता

पीपल का पेड़

(डॉ पी सी कौंडल), वरिष्ठ साहित्यकार, गांव डडोह, पोस्ट धावन, तहसील बल्ह, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश

पीपल के पेड़ को पूजनीय माना जाता है।
पीपल के पेड़ को ब्रह्मा का रूप माना जाता है पीपल के पत्ते
धार्मिक अनुष्ठानों में काम आते हैं। ब्याह शादियों में बेदी की शोभा
बढ़ाते हैं। हिंदू सुबह सवेरे पीपल की पूजा करते हैं।
क्यों कि पीपल में अनेक देवता वास करते हैं।।
मूल में ब्रह्मा,मध्य में विष्णु,ऊपर शिव रहते हैं। हिंदू धर्म के वेद
शास्त्र भी यही कहते हैं। पीपल के पेड़ दूषित वातावरण दूर करते हैं।
बदले में स्वच्छ हवा का निर्माण करते हैं।
पीपल के पेड़ बड़े और मोटे होते हैं। पक्षियों को अपने झुरमुट में
आसरा देते हैं। पीपल के पेड़ में औषधीय गुण होते हैं।
इसके पत्ते अनेक रोगों को दूर करते हैं।

हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और धाम की अनूठी परम्परा

हिमाचल प्रदेश अपनी अनोखी सांस्कृतिक विरासत व ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के लिए अपने ही देश में नहीं, अपितु विदेशों में भी प्रख्यात है। इसलिए यह राज्य अपने आप में अनेक धार्मिक एवं दर्शनीय स्मृतियों को आज भी समेटे हुए है। यह देवी-तुल्य भूमि देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी कही जाती है, क्योंकि जब-जब पड़ोसी देशों ने भारत पर आक्रमण किया, तब-तब यहां के वीर जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए न केवल दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया, बल्कि हंसते-हंसते शहादत का जाम पीने में भी पीछे नहीं रहे। यही कारण है कि यह प्रदेश अपनी गौरवशाली परम्पराओं, सांस्कृतिक धरोहर और देशभक्ति की अमूल्य विरासत को आज भी संजोए हुए है। यही इसकी सबसे बड़ी खूबसूरती है।

तुलसी राम डोगरा
(स्वतंत्र लेखक),पालमपुर

इस देवभूमि की अधिकांश आबादी दैवीय आस्था और धर्म-परायणता से सराबोर है। यद्यपि आज पाश्चात्य संस्कृति ने भी धीरे-धीरे यहां अपने पैर पसारने आरम्भ कर दिए हैं, जिसके प्रभाव से यहां की पुरातन संस्कृति और सभ्यता भी प्रभावित हो रही है। परंतु इसके बावजूद यहां के रीति-रिवाज, खानपान, वेशभूषा तथा तीज-त्योहार आज भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। यही सांस्कृतिक विविधता हिमाचल को देश के अन्य राज्यों से अलग पहचान प्रदान करती है।

हिमाचल प्रदेश में शादी-विवाह बड़े ही शानो-शौकत के साथ सम्पन्न होते हैं। जहां आधुनिक बैंड-बाजों और ढोल का उपयोग किया जाता है, वहीं शहनाई, नगाड़े तथा अन्य पारम्परिक वाद्य-यंत्र भी इन समारोहों में चार चांद लगा देते हैं। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशिष्ट भौगोलिक पहचान तथा पारम्परिक व्यंजन हैं। वर्तमान समय में विवाह एवं अन्य पारिवारिक आयोजनों में आधुनिक शैली से भोजन की व्यवस्था होने लगी है, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में दोपहर में परोसी जाने वाली पारम्परिक हिमाचली धाम का प्रचलन आज भी पूरी जीवंतता के साथ कायम है।

धाम की तैयारी कई दिन पहले ही आरम्भ हो जाती है। स्थानीय लोग चावल छंडाई अर्थात चावल को साफ करने की परम्परा निभाते हैं। इस अवसर पर गांव की महिलाएं एकत्रित होकर विवाह के मंगल गीतों के साथ चावल और दालों को बड़ी बारीकी से साफ करती हैं, ताकि उनमें एक भी कंकड़ न रह जाए। यह केवल श्रम नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग, आत्मीयता और पारिवारिक एकता का सुंदर उदाहरण होता है।

धाम बड़ी सादगी, शिद्दत और पारम्परिक विधि से तैयार की जाती है। इसके लिए घर के आंगन के निकट अस्थायी रसोई बनाई जाती है। वहां एक गहरा और लम्बा गड्ढा खोदा जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में तीण कहा जाता है। इस तीण में चार-पांच बड़ी-बड़ी ढेगचीनुमा चरोटियां अर्थात विशाल बर्तन रखे जाते हैं, जिनके नीचे लकड़ियां जलाकर भोजन तैयार किया जाता है। भोजन बनाने से पहले इन बर्तनों को बाहर से मिट्टी अथवा राख से लीपा जाता है, ताकि धुआं उन पर अधिक न जमे और बाद में उन्हें साफ करने में कठिनाई न हो। अग्नि प्रज्वलित करने से पूर्व शुभ मुहूर्त में अग्निदेव तथा कुलदेवता का स्मरण कर गुड़ और देशी घी अर्पित किया जाता है, जिससे सम्पूर्ण आयोजन मंगलमय माना जाता है।

धाम का भोजन अत्यंत स्वादिष्ट एवं पारम्परिक विधि से तैयार किया जाता है। इसे बनाने वाले बोटी अर्थात पारम्परिक रसोइये इस कला में विशेष महारत रखते हैं। चावल के अतिरिक्त पल्दा, मदरा, विभिन्न प्रकार की दालें तथा अनेक पारम्परिक व्यंजन तैयार किए जाते हैं। इनमें कई प्रकार के मेवों का मिश्रण किया जाता है, जिससे इनका स्वाद और सुगंध दोनों ही अद्भुत हो जाते हैं। इन व्यंजनों की मनमोहक महक दूर-दूर तक फैल जाती है और अतिथियों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

अतिथियों को चटाईनुमा लम्बी दरियों पर पंक्तिबद्ध बैठाया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में पैठं अथवा पंगत कहा जाता है। प्रत्येक अतिथि को टौर के पत्तों से बनी पत्तल प्रदान की जाती है। धाम परोसने वाले बड़े ही अनुशासन और विनम्रता के साथ मिर्च-पानी, चावल, दालें तथा अन्य व्यंजन क्रमबद्ध ढंग से परोसते हैं। विशेष बात यह है कि चावल को टोकरीनुमा पात्र, जिसे स्थानीय भाषा में छड़ कहा जाता है, में रखकर परोसा जाता है। दाल और अन्य व्यंजन इतनी तीव्रता और सटीकता से वितरित किए जाते हैं कि कहीं किसी प्रकार की कमी का अनुभव नहीं होता। परोसने वाले प्रायः पीली धोती धारण करते हैं तथा धाम वितरण के समय, चाहे गर्मी हो या सर्दी, जूते-चप्पल पहनना वर्जित माना जाता है।

धाम के अवसर पर एक अत्यंत रोचक परम्परा भी निभाई जाती है। जब दूल्हा-दुल्हन भोजन के लिए बैठते हैं, तब दुल्हन प्रतीकात्मक रूप से रूठ जाती है। उसे मनाने के लिए दूल्हे पक्ष की ओर से अंगूठी, गले का हार अथवा सामर्थ्य अनुसार कोई उपहार दिया जाता है। इसके पश्चात ही दुल्हन भोजन ग्रहण करती है। यही परम्परा दूल्हे के साथ दुल्हन के घर आयोजित धाम में भी निभाई जाती है। यद्यपि आधुनिक समय में थोड़ा परिवर्तन आया है और अब दूल्हा-दुल्हन अतिथियों की पंगत में न बैठकर अलग थाली में घर के भीतर भोजन करते हैं, फिर भी इस रस्म का निर्वहन आज भी किया जाता है।

धाम के अंत में विशेष रूप से रंगदार मीठे चावल का मिष्ठान परोसा जाता है। विशेषकर जिला कांगड़ा में यह परम्परा धाम के अंत में निभाई जाती है, जबकि कुछ अन्य जिलों में मिष्ठान पहले ही परोस दिया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के मेवों का समावेश होता है, जो भोजन के स्वाद को और अधिक बढ़ा देता है। कहा जाता है कि यदि यह मिष्ठान न परोसा जाए, तो धाम अधूरी-सी प्रतीत होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

'लीकतंत्र' की गिरफ्त में प्रतियोगी परीक्षाएं, कब बचेगा युवाओं का भविष्य?

एक युवा जब साल भर किसी परीक्षा की तैयारी करता है, तो सिर्फ वही परीक्षा नहीं देता, उसके साथ उसका पूरा परिवार, उनकी उम्मीदें और आने वाले कल की सुरक्षा भी परीक्षा की बेंच पर बैठी होती है।'

ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल,जिला, मंडी (हि.प्र.)

लेकिन जब परीक्षा से कुछ घंटे पहले प्रश्नपत्र बिकने की खबर आती है, तो टूटता सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि एक पूरा परिवार बिखर जाता है। देश भर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने की खबरें अब अपवाद नहीं रहीं, बल्कि लगभग हर वर्ष सुर्खियां बनती हैं। यह स्थिति केवल परीक्षा प्रणाली की कमजोरी नहीं दर्शाती, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य पर गहरा प्रश्नचिह्न भी लगाती है।

भारत में सार्वजनिक और प्रतियोगी परीक्षाओं का इतिहास जितना पुराना है, दुर्भाग्य से पेपर लीक की समस्या भी उतनी ही गंभीर और चिंताजनक रही है। हाल के वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं से लेकर विभिन्न राज्यों की पुलिस भर्ती, शिक्षक भर्ती, लोक सेवा आयोग और अन्य चयन परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंचाई है। यह महज किसी परीक्षा का रद्द होना या स्थगित होना नहीं है, बल्कि करोड़ों युवाओं की वर्षों की मेहनत, उनके आत्मविश्वास और निष्पक्ष प्रतियोगिता की भावना पर सीधा प्रहार है।

पेपर लीक अब कोई छिटपुट घटना नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट यानी 'एग्जाम माफिया' का रूप ले चुका है। पिछले तीन दशकों में अनेक बड़े मामलों ने यह साबित किया है कि परीक्षा प्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर सेंध मौजूद है। बिहार शिक्षक भर्ती, व्यापमं घोटाला, राजस्थान रीट, यूपी पुलिस भर्ती, रेलवे भर्ती, गुजरात जूनियर क्लर्क परीक्षा, नीट यूजी, यूजीसी-नेट और विभिन्न राज्यों की भर्ती परीक्षाओं में सामने आए विवाद इस बात के प्रमाण हैं कि यह समस्या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। वर्ष 2026 में भी कई परीक्षाओं को लेकर उठे विवाद इस चुनौती की गंभीरता को दर्शाते हैं।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर परीक्षा व्यवस्था में सेंध लगती कैसे है? प्रश्नपत्र तैयार होने से लेकर उनकी छपाई, पैकिंग, परिवहन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया में कई स्तर ऐसे हैं, जहां सुरक्षा में छोटी-सी चूक भी बड़े घोटाले का कारण बन जाती है। कई मामलों में अंदरूनी मिलीभगत, निजी एजेंसियों की लापरवाही और तकनीकी सुरक्षा की कमजोरियां भी सामने आई हैं।

तकनीक ने जहां परीक्षा प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, वहीं उसका दुरुपयोग भी तेजी से बढ़ा है। डार्कनेट, टेलीग्राम, व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कुछ ही मिनटों में प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजी हजारों अभ्यर्थियों तक पहुंचाई जा सकती है। कई बार परीक्षा शुरू होने से पहले ही सोशल मीडिया पर पेपर वायरल होने के दावे सामने आ जाते हैं। इससे पूरी परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता संदेह के घेरे में आ जाती है।

प्रतियोगी परीक्षाएं केवल एक चयन प्रक्रिया नहीं होतीं, बल्कि लाखों युवाओं के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होती हैं। एक अभ्यर्थी वर्षों तक कोचिंग, पुस्तकें, छात्रावास, यात्रा और अन्य खर्च उठाकर परीक्षा की तैयारी करता है। परीक्षा केंद्र कई सौ किलोमीटर दूर होने पर आर्थिक बोझ और बढ़ जाता है। ऐसे में यदि अंतिम समय पर परीक्षा रद्द हो जाए या पेपर लीक हो जाए, तो सबसे बड़ा नुकसान उसी मेहनती विद्यार्थी को होता है, जिसने ईमानदारी से तैयारी की होती है। इसके साथ ही उसका परिवार भी मानसिक तनाव, आर्थिक दबाव और भविष्य की अनिश्चितता से गुजरता है।

पेपर लीक की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि इससे योग्यता और प्रतिभा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों की जगह यदि पैसे या अवैध साधनों के बल पर चयन होने लगे, तो पूरी प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

स्वच्छता से पर्यावरण संरक्षण तक, नई शिक्षा नीति निभा रही अहम भूमिका

हर व्यक्ति को स्वच्छता की अच्छी आदतों और पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। आज देशभर के स्कूली विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहले की तुलना में अधिक सजगता दिखाई दे रही है। इसके पीछे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व से भी जोड़ा है।

डॉ नितिका शर्मा
भोरंज, जिला हमीरपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 स्कूलों में स्वास्थ्य, आरोग्य, स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षार्थियों के समग्र विकास पर विशेष जोर देती है। बीते छह वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। केवल पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि शिक्षण पद्धति, प्रयोगात्मक गतिविधियों, परियोजना कार्यों तथा सामुदायिक सहभागिता को भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। विद्यार्थियों को केवल सिद्धांत पढ़ाने के बजाय उन्हें व्यवहारिक रूप से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है, जिससे उनमें बचपन से ही जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित हो रही है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, वायु प्रदूषण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरणीय सततता जैसे विषयों को बच्चों की आयु और समझ के अनुरूप पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षण सामग्री में समाहित किया है। प्राथमिक स्तर से ही विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की आदत, स्वच्छ भोजन, कचरा पृथक्करण, जल संरक्षण तथा पौधों के महत्व के बारे में पढ़ाया जा रहा है। माध्यमिक स्तर पर पर्यावरणीय चुनौतियों, प्रदूषण नियंत्रण, जैविक खेती, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत विकास जैसे विषयों पर भी विशेष बल दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विभिन्न नीतिगत एवं कार्यक्रमगत पहलों के माध्यम से स्कूलों में खेल एवं शारीरिक शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यह नीति खेल-एकीकृत शिक्षण पर बल देती है तथा छात्रों के समग्र विकास के लिए खेलों को पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग मानती है। विभिन्न स्तरों के लिए खेल एवं शारीरिक शिक्षा पर विशेष पाठ्यपुस्तकें विकसित की गई हैं, जिनमें योग को विशेष महत्व दिया गया है। प्रारंभिक स्तर के लिए 'खेल-योग', मध्य स्तर के लिए 'खेल यात्रा' तथा माध्यमिक स्तर के लिए 'खेल-प्रवीण' जैसी पुस्तकों के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना और मानसिक संतुलन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वस्थ शरीर और स्वच्छ वातावरण के बीच के संबंध को भी बच्चों के सामने सरल भाषा में प्रस्तुत किया जा रहा है।

आज देश के अधिकांश विद्यालयों में 'मिशन लाइफ' के अंतर्गत ईको क्लब स्थापित किए जा रहे हैं। इन क्लबों के संचालन के लिए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इनका उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाना है। साथ ही उनमें पर्यावरण-अनुकूल सोच और व्यवहार विकसित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। ईको क्लब के माध्यम से छात्र वृक्षारोपण, पौधों की देखभाल, स्वच्छता अभियान, वर्षा जल संचयन, प्लास्टिक मुक्त परिसर, प्रकृति भ्रमण, जैविक खाद निर्माण तथा जल संरक्षण जैसी अनेक व्यावहारिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

संदेशों से नहीं, सख्ती से ही साकार हो पाएगा नशामुक्त भारत का सपना

भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश की युवा शक्ति स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त हो। आज सरकारें, सामाजिक संगठन, विद्यालय, धार्मिक संस्थाएँ और स्वयंसेवी संगठन समय-समय पर नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाते हैं। दीवारों पर लिखे संदेश, रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, जनसंवाद, सोशल मीडिया अभियान तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी जाती है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलता है, लेकिन यह कटु सत्य है कि केवल संदेशों और अपीलों के सहारे नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं हो पाया है। यदि वास्तव में नशामुक्त भारत का सपना साकार करना है, तो जागरूकता के साथ-साथ कठोर कानूनों का सख्ती से पालन, नशा तस्करों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई तथा समाज की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है।

केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतन्त्र लेखक ,गांव-कोटला, घुमारवीं

आज नशे का जाल शहरों से लेकर गाँवों तक तेजी से फैल चुका है। स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी, बेरोजगार युवा और कई बार कम उम्र के किशोर भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। शराब, चरस, अफीम, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स, नशीली गोलियाँ तथा प्रतिबंधित दवाओं का अवैध कारोबार समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। नशे के कारण परिवार बिखर रहे हैं, अपराधों में वृद्धि हो रही है, सड़क दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं और युवाओं का भविष्य अंधकारमय बनता जा रहा है। कई परिवार आर्थिक रूप से भी बर्बाद हो जाते हैं, क्योंकि नशे की लत व्यक्ति की आय, स्वास्थ्य और सामाजिक प्रतिष्ठा तीनों को प्रभावित करती है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि नशा अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

जागरूकता अभियान निश्चित रूप से आवश्यक हैं, क्योंकि वे लोगों को नशे के दुष्परिणामों से परिचित कराते हैं और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं। लेकिन जब नशा बेचने वाले बेखौफ होकर अपना कारोबार चलाते रहें, कानून का भय समाप्त हो जाए और दोषियों को समय पर दंड न मिले, तब केवल संदेशों का प्रभाव सीमित रह जाता है। इसलिए आवश्यकता है कि नशा तस्करों की संपत्ति जब्त की जाए, उनके आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड मिले। जब अपराधियों में कानून का वास्तविक भय पैदा होगा, तभी नशे के नेटवर्क पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

सीमा क्षेत्रों, राजमार्गों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों तथा संवेदनशील स्थानों पर निगरानी को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन, खुफिया तंत्र तथा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से नशे की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था को भी ऐसे मामलों में तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। समयबद्ध जांच और शीघ्र न्यायिक प्रक्रिया से ही अपराधियों में कानून का भय स्थापित किया जा सकता है।

नशे की समस्या का समाधान केवल कानून से भी संभव नहीं है। जिन युवा साथियों को नशे की लत लग चुकी है, उनके पुनर्वास की व्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए। नशामुक्ति केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाई जाए, प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा ऐसे युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

ई-श्रम पंजीकरण के बाद ही बनेंगे डिजिटल लेबर कार्ड

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। रामपुर बुशहर स्थित श्रम कल्याण कार्यालय ने क्षेत्र के सभी पंजीकृत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों से शीघ्र ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की है। श्रम कल्याण अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही पात्र कामगारों के डिजिटल लेबर कार्ड तैयार किए जाएंगे। कामगार स्वयं, लोक मित्र केंद्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के बाद प्राप्त ई-श्रम कार्ड, ई-श्रम पहचान संख्या या यूनिवर्सल अकाउंट नंबर की जानकारी श्रम कल्याण कार्यालय, रामपुर बुशहर में उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इसके बाद ही डिजिटल लेबर कार्ड जारी किए जाएंगे।

शिमला में तपन इंडस्ट्रीज का कैंपस इंटरव्यू 10 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला रोजगार कार्यालय, शिमला द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 अगस्त को प्रातः 10 बजे यूएस क्लब स्थित जिला रोजगार कार्यालय में तपन इंडस्ट्रीज, शोघी के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेक्नीशियन, स्पेयर पार्ट्स एग्जीक्यूटिव और वारंटी इंचार्ज सहित कुल 10 पद भरे जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 12,750 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा तथा नियुक्ति शोघी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में होगी। जिला रोजगार अधिकारी प्रवीण नगराईक ने बताया कि अभ्यर्थियों की आयु 19 से 47 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। जिनका पंजीकरण नहीं है, वे ई-ईएमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर इंटरव्यू में उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए 9816700572 पर संपर्क किया जा सकता है।

क्रेच केंद्रों में हेल्पर भर्ती के लिए आवेदन 22 तक

अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। नगर परिषद रामपुर के अंतर्गत संचालित चुहाबाग और खनेरी क्रेच केंद्रों में क्रेच हेल्पर के रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी शशि ठाकुर ने बताया कि पूर्व भर्ती प्रक्रिया में संबंधित पोषक क्षेत्र से पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण ये पद रिक्त रह गए थे। अब नगर परिषद रामपुर की स्थानीय पात्र महिलाओं से 22 अगस्त 2026 सायं 5 बजे तक आवेदन मांगे गए हैं। नियुक्ति मिशन शक्ति की गाइडलाइन के अनुसार को-टर्मिनस आधार पर होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को 3,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाली महिला की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह नगर परिषद रामपुर की निवासी और हिमाचल प्रदेश की स्थायी निवासी हो। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी, रामपुर में जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार 27 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे उपमंडलाधिकारी कार्यालय, रामपुर में आयोजित होगा।

एसीपीएस और एनपीए बहाली की मांग तेज

◆ पशु चिकित्सा अधिकारियों ने विधायक नंद लाल को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। हिमाचल प्रदेश वेटरिनरी ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को डॉ. अनिल शर्मा के नेतृत्व में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं रामपुर के विधायक नंद लाल से मुलाकात कर पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम (एसीपीएस) और नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए) को बहाल करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्ष 2022 में इन सुविधाओं को बंद किए जाने से अधिकारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ करियर प्रगति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। विधायक नंद लाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रजनीश, उपाध्यक्ष डॉ. हितेश जसवाल और महासचिव डॉ. तरुण ठाकुर ने भी सरकार से एसीपीएस और एनपीए बहाल करने की मांग दोहराते हुए कहा कि इससे पशु चिकित्सा अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकेंगे।

सीएम सुक्खू ने पौधरोपण कर 'ग्रीन शिमला अवर शिमला' अभियान का किया शुभारंभ

पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी का किया आह्वान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को अपने आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' परिसर में पौधारोपण कर नगर निगम शिमला के 'ग्रीन शिमला, अवर शिमला' अभियान के अंतर्गत सप्ताह भर चलने वाले पौधरोपण सप्ताह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम शिमला के पार्षदों को बान और देवदार के पौधे भी वितरित किए तथा अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि नगर निगम शिमला ने इस वर्ष अभियान के तहत 5,000 से 10,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सीएम सुक्खू ओक ओवर में पौधा रोपण करते हुए।

उन्होंने कहा कि यह अभियान का तीसरा वर्ष है और पिछले वर्ष चमियाना पहाड़ी क्षेत्र में लगाए गए लगभग 3,000 पौधों की जीवित रहने की दर उत्साहजनक रही है। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी उसी क्षेत्र में 3,000 अतिरिक्त पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर चलने वाले इस विशेष अभियान में प्रदेश सरकार के मंत्री भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रमों में भाग लेकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, नगर निगम के पार्षद तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

शिक्षा में गुणवत्ता व नवाचार ही भविष्य के सशक्त राज्य की नींव: रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

शिक्षिका को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

ब्यूरो, शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, समावेशी और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और विद्यालयों से अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलेगी। वह वीरवार को शिमला स्थित होटल हॉलिडे होम में एक दैनिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड (अध्यापक एवं विद्यालय सम्मान समारोह) के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

शिक्षा मंत्री ने समारोह के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से नई शिक्षण तकनीकों को अपनाने और विद्यार्थियों को बदलते समय की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने का आह्वान किया। समारोह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्यालयों और शिक्षकों को प्रोत्साहित करना रहा।

फीस वृद्धि के खिलाफ एसएफआई का आंदोलन शुरू

अनंत ज्ञान

फीस वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन करते एसएफआई कार्यकर्ता।

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में एसएफआई ने जनरल बॉडी बैठक आयोजित कर आंदोलन का औपचारिक आगाज़ कर दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले का विरोध करते हुए इसे छात्र विरोधी बताया।

एसएफआई इकाई के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, इसे महंगा बनाकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग और छात्रावास तक पहुंचकर छात्रों को आंदोलन से जोड़ेगा तथा फीस वृद्धि वापस होने तक चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन जारी रहेगा।

मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति के लिए छात्र नहीं, बल्कि कथित अनियमित भर्तियां, पदोन्नतियां और वित्तीय गड़बड़ियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि इनका बोझ छात्रों पर डालना पूरी तरह अनुचित है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में जनसंपर्क अभियान, धरना-प्रदर्शन, रैली और हस्ताक्षर अभियान चलाकर आंदोलन को तेज किया जाएगा। छात्रों ने एक स्वर में फीस वृद्धि का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए शिक्षा के अधिकार और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की जनपक्षीय व्यवस्था की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

घुंडा-भड़ेच पंचायत में की साफ-सफाई

स्वच्छता अभियान में भाग लेते पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं महिला मंडल के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत माई भारत, शिमला के तत्वावधान में वीरवार को ग्राम पंचायत घुंडा-भड़ेच में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत भवन और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर ग्रामीणों व दुकानदारों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, डस्टबिन का नियमित उपयोग करने तथा प्लास्टिक कचरे को अलग एकत्र कर रीसाइक्लिंग के लिए भेजने के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान का नेतृत्व पंचायत प्रधान तनुजा शर्मा और उपप्रधान साहिल कंवर ने किया, जबकि पंचायत प्रतिनिधियों, नव ज्योति युवा मंडल और महिला मंडल के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान आयोजित ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में स्वच्छता, प्लास्टिक कचरा निस्तारण और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी 15 दिनों तक पंचायत प्रतिनिधियों, युवा मंडलों और महिला मंडलों के सहयोग से विभिन्न स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सकता है तथा प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल ग्राम का निर्माण संभव है।

वैज्ञानिक जांच में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञता का बढ़ा दायरा

प्रतिभागी प्रमाण-पत्र लेने के बाद सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा में आयोजित एक माह का फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 23 पुलिस अन्वेषण अधिकारियों और चार फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को उप निदेशक डॉ. अपर्णा शर्मा ने प्रमाण-पत्र प्रदान किए। निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने कहा कि वैज्ञानिक अपराध जांच में फिंगरप्रिंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अपराध स्थल से फिंगरप्रिंट संग्रह, वैज्ञानिक विश्लेषण, आधुनिक सॉफ्टवेयर तथा संबंधित कानूनों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, चेतना (37 वर्ष) पत्नी श्री रूप चंद, निवासी गांव बौंधरी, डाकघर बारा, तहसील चच्योट, जिला मंडी, हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के आधार कार्ड में उसका नाम (Prikshit) और गांव का नाम (Kashaun Dhar) गलत दर्ज है। जबकि सही नाम (Pekshit Thakur) और गांव का सही नाम (Baundhari) है सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, युवराज (24वर्ष) पुत्र श्री चिंता मणि, निवासी गांव तौंस, डाकघर खलवाहन, तहसील बाली चौकी, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करता हूं कि ग्राम पंचायत (Thatta) के जन्म रजिस्टर रिकार्ड में मेरा नाम युवराज कुमार गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम युवराज है। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, कुमारी निशा पत्नी ओम प्रकाश निवासी गांव मसोग डाकघर नालग तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम निशा कुमारी से बदलकर कुमारी निशा रख लिया है।

नाम परिवर्तन

मैं, निन्द्रा देवी (74) पत्नी धना निवासी गांव डडोल डाकघर मैरामसीत तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश आधार नंबर- 5495 6138 7970 घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नरंद्रा देवी (Nirandra Devi) गलत दर्ज है। मेरा असली व सही नाम निन्द्रा देवी (Nindra Devi) है।

क्रमांकः 674/ रीडर
दिनांक :- 06/08/2026

मुशत्री मुनादी

पुशविन्द्र कुमार पुत्र नन्द लाल पुत्र साधू राम वासी गांब घालुवाल उप तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.) ...वादी

बनाम आम जनता ...प्रतिवादी

दरखास्त बुमराद दरुस्ती नाम राजस्व रिकार्ड महाल घालुवाल, खेवट नम्बर 816, खतौनी न0 828, खसरा नम्बर 888, 888/1, 889 नकल जमाबंदी साल 2024-25 उप तहसील ईसपुर, जिला ऊना (हि.प्र.)

नोटिस बनाम प्रतिवादी- पुशविन्द्र कुमार पुत्र नन्द लाल पुत्र साधू राम वासी गांव घालुवाल उप तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दरुस्ती नाम प्रस्तुत किया कि महाल घालुवाल उप तहसील ईसपुर जिला ऊना के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी पुष्पिन्दर कुमार पुत्र नन्द लाल पुत्र साधू राम वासी गांब घालुवाल का नाम गलत दर्ज हुआ है जिसकी दरुस्ती करके राजस्व रिकार्ड महाल घालुवाल में प्रार्थी का नाम पुष्पिन्दर कुमार पुत्र नन्द लाल की वजाये पुशविन्द्र कुमार पुत्र नन्द लाल पुत्र साधू राम वासी गांब घालुवाल उप तहसील ईसपुर जिला ऊना दर्ज किया जावे। अतः इस इश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को नाम दरुस्ती बारे कोई आपत्ति हो तो वह अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में तारीख पेशी 10.09.2026 प्रातः 10 बजे से लेकर 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तारीख पेशी तक उजर प्राप्त न होने की सूरत में यक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दरूस्ती बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर कावले समायत ना होगा।

नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता
द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.)।

व अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी हरोली जिला ऊना हि0प्र0

मुशत्री मुनादी आवेदन पत्र अधीन धारा 8 (4) OF Marriage Act. 1996 & Rule 4(2) of 2004.

श्री प्रदीप शर्मा पुत्र श्री शुभ कुमार शर्मा वासी वाथडी तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0)। श्रीमति रूबी पुत्री श्री सतपाल वासी वासी कोटला खुर्द तहसील व जिला ऊना (हि0 प्र0)

वनाम आम जनता

वजरिया इश्तहार राजपत्रा/अखबार- प्रार्थी प्रदीप शर्मा पुत्र श्री शुभ कुमार शर्मा वासी वाथडी तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0)।) व मति रूबी पुत्री श्री सतपाल वासी वासी कोटला खुर्द तहसील व जिला ऊना (हि0 प्र0)। ने इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनकी शादी दिनांक 18-01-2025 को हुई है। लेकिन उनकी शादी ग्रांम पंचायत में दर्ज नहीं हुई है। अतः आम जनता को वजरिया मुशत्री-मुनादी व राजपत्रा/अखबारी इश्तहार सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त शादी वारे कोई उजर एतराज हो तो वह निर्धारित तारीख पेशी 04-09-2026 तक असालतन या वकालतन इस न्यायालय में पेश कर सकता है। अन्यथा उसके बाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा। और उक्त शादी पंजीकरण करने के लिये सम्बन्धित पंचायत को आदेश दे दिया जायेगा। और मुकद्दमा का निपटारा फैसला नियमानुसार कर दिया जायेगा। आज दिनांक 04-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी हुआ।

कार्यकारी दण्डाधिकारी हरोली
जिला ऊना हि0प्र0

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडयाली
विकास खंड श्री नयना देवी जी, स्थित स्वारघाट, जिला बिलासपुर, (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंडयाली द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु विकास कार्यों हेतु (रेत क्रशर/प्लांट ऊना व अन्य स्थानों से, बजरी क्रशर /गोल 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम से 90 एमएम, सोलिंग) प्रति घन फुट, कट स्टोन व सोलिंग स्टोन, शटरिंग दीवार, स्लैब, रास्ता-स्टील/लकड़ी-प्रति स्क्वेयर फीट, स्टील जाल प्रति किलोग्राम, पक्की ईंट प्रथम/द्वितीय श्रेणी/प्रति ईंट, पशु माल ढुलान, सीमेंट पाइप पुलि 1ft, 2ft, 3ft, साइन बोर्ड JCB hard rock, soft rock/प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान मजदूरी सहित श्री नयना देवी जी से मंडयाली स्टोर तक/प्रति बैग तथा स्टोर से कार्य स्थल तक 0 कि.मी. से 2 कि.मी. तक प्रति चक्कर व 2 कि.मी. से 05 कि.मी. तक तथा 05 कि.मी. से अधिक पंचायत क्षेत्र तक प्रति चक्कर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी निविदा दिनांक 08.08.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मंडयाली में दोपहर 2:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। निविदा का आबंटन दिनांक 10.08.2026 को समय सुबह 11:00 बजे पंचायत की मासिक बैठक में किया जाएगा। सामग्री अच्छी किस्म की होनी चाहिए। सामग्री की अदायगी मूल्यांकन अनुसार की जाएगी। सामग्री की सप्लाई जहां तक गाड़ा जाती हो वहां तक करनी होगी। निविदा की दरें 31.03.2027 तक या आगामी निविदाओं की प्राप्ति तक प्रभावी रहेंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदादाता जीएसटी धारक लैटरपैड पर ही सामग्री की दर व GST extra में दें तथा निविदा पर कटिंग मान्य नहीं होगी तथा बंद लिफाफे में ही निविदा मान्य होगी। सामग्री का एम फार्म बिल के साथ देना होगा। सामग्री की दरें negotiation करने के उपरांत पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी। जमानत राशि 50000/- रु. है। यदि वेंडर समय पर सामग्री उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पंचायत नए सिरे से कुटेशन आमंत्रित कर सकती है व जमा सिक्योरिटी वापस नहीं होगी।

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत मंडयाली
विकास खंड नयना देवी जी, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत गांगुड़ी
विकास खंड धर्मपुर, तहसील-कसौली, जिला सोलन (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचना एवं न्यूज पेपर के माध्यम द्वारा निविदायें देने हेतु आमंत्रित किया जाता है। यह की बैठक में चर्चा उपरान्त सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया की ग्राम पंचायत गांगुड़ी में वर्ष 2026-2027 तक विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण हेतु निविदायें दिनांक 06-08-2026 को सायं 4:30 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत गांगुड़ी में (बन्द लिफाफे में) देना सुनिश्चित करें।

अतः दिनांक 07-08-2026 को समय 11:00 बजे पंचायत कमेटी के द्वारा निविदाएं खोली जाएंगी, जिसकी वैधता 31-03-2027 तक होगी। सामग्री की गुणवत्ता तकनीकी माप में सही होनी चाहिए, सामग्री की गुणवत्ता से कोई भी समझौता मान्य नहीं होगा। सभी सामाग्री ISI मार्क की होनी चाहिए।

सामग्री विवरणः-
1. क्रेशर रेत / वाशिंग रेता (प्रति फुट रेट)
2. बजरी 10/20mm (प्रति फुट रेट)
3. गटका 40/50mm (प्रति फुट रेट)
4. कट स्टोन / ड्रेसिंग पत्थर (प्रति पत्थर रेट)
5. बोल्डर स्टोन (प्रति फुट रेट)
6. ईंटें (प्रति पीस रेट)
7. टाइल्स (अलग-अलग प्रकार): रोड़ व रास्ते वाली इंटर लॉक टाइल 40, 60, 80mm [ISI मार्का] (प्रति पीस रेट)
8. शटरिंग लकड़ी/लोहे की (प्रति वर्ग फुट रेट)
9. खच्चर ढुलान सामग्री (प्रति फुट रेट)
10. GI पाइप (इंच में अलग-अलग रेट): * आधा इंच (1/2") GI पाइप रेट *पौना इंच (3/4") GI पाइप रेट *1 इंच (1") GI पाइप रेट *(अन्य साइज आवश्यकतानुसार)
11. सरिया (mm में रेट)
12. सीमेंट (सिविल सप्लाई चैल-डंगयारी से ग्राम पंचायत गांगुड़ी तक)
13. पाइप फिटिंग (रेट)
14. बिजली फिटिंग (रेट प्रति पॉइंट इत्यादि)
15. JCB कटिंग (प्रति घंटे का रेट)

GST / TAN नंबर होना चाहिए।

निविदा को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री तकनीकी माप के अनुसार ही देनी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत गांगुड़ी

कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ा
विकास खण्ड नादौन, जिला हमीरपुर(हिमाचल प्रदेश)

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़ा में वितीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ सील बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से दिनांक 24/08/2026 तक पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। खुली अधूरी दी गयी निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। सभी निविदादाताओ को जरुरी दस्तावेज साथ संलग्न करने अनिवार्य हैं। निविदाएँ दिनांक 22/08/2026 को पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। नियम व् शर्तें इस प्रकार से हैं। 1.निविदादाता के पास अपना GST न.व M FORM होना अनिवार्य हैं। 2. पंचायत पदाधिकारियों/कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। 3. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जायेगी व् निविदाधारक को पंचायत कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर-भीतर मु. 20000/- रु. की धरोहर राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। 4. निविदाधारक यदि समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है या घटिया सामग्री की आपूर्ति करता है तो निविदा रद्द कर दी जाएगी। 5. सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने व् कार्य का मूल्यांकन के पश्चात मापक पुस्तिका के आधार पर ही की जायेगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा।

सामग्री का विवरण : 01 क्रेशर बजरी प्रति घनमीटर, 02 क्रेशर रेता प्रति घनमीटर, 03 वोल्डर प्रति घनमीटर, 04 ईंट अव्वल प्रति ईंट, 05 सीमेंट ढुलाई प्रति बैग सिविल सप्लाई डिपो से बड़ा स्टोर तक प्रति बैग, 06 मिक्सर डीजल सहित प्रति दिन, 07 वाटर टैंकर (4000लीटर) (With Stay per Day) प्रति दिन, 08 JCB प्रति घंटा, 09 सटरिंग लकड़ी व लोहे की प्रति वर्ग फूट, 10 साइन बोर्ड 3*2 प्रति पीस

प्रधान/सचिव

प्रपत्र संख्या URC-2

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग-I के अंतर्गत पंजीकरण हेतु सूचना प्रकाशित करने संबंधी विज्ञापन|कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) तथा कंपनी (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में|

1.एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुपालन में, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह (15) दिन पश्चात् तथा तीस (30) दिन की अवधि समाप्त होने से पूर्व, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट संख्या 6, 7 एवं 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा) – 122050 स्थित रजिस्ट्रार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है, ताकि ASSURITY REAL ESTATE LLP का कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग-I के अंतर्गत अंशों (Shares) द्वारा सीमित कंपनी (Company Limited by Shares) के रूप में पंजीकरण कराया जा सके।

2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

ASSURITY REAL ESTATE LLP का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की भूमि, भवनों एवं अन्य अचल संपत्तियों के क्रय एवं विक्रय का व्यवसाय करना है। इसके अतिरिक्त कंपनी किसी भी भूमि, क्षेत्र, भवन, संरचना, अपार्टमेंट, मकान, फ्लैट, कक्ष, झोपड़ी अथवा मनुष्यों, पशुओं, उद्योग अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोगी किसी भी प्रकार के आवास या संपत्ति को खरीदने, अधिग्रहण करने, पट्टे (लीज़) पर लेने, निर्माण करने, विनिमय अथवा अन्य किसी वैध माध्यम से प्राप्त करने तथा उनका विकास, निर्माण, पुनर्निर्माण, रखरखाव एवं निपटान करने का कार्य करेगी।

कंपनी टाउनशिप, बाजार, सड़कें, बंदरगाह तथा अन्य भवनों अथवा सुविधाओं का निर्माण एवं विकास करने तथा उनमें जल निकासी, विद्युत, टेलीग्राफ, दूरभाष एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं एवं अधोसंरचना की स्थापना करने तथा उनका स्वामित्व, किस्तों के आधार पर, किराये पर, हायर-परचेज, पट्टे अथवा निजी समझौते, सार्वजनिक नीलामी या किसी अन्य वैधानिक माध्यम से विक्रय अथवा हस्तांतरण करने का व्यवसाय करेगी।

3.प्रस्तावित कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (MOA) तथा आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (AOA) के प्रारूप की प्रति निम्नलिखित कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी: प्लॉट संख्या 78, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़, भारत – 160002।

4. एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त आवेदन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस (21) दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति **रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट संख्या 6, 7 एवं 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा) – 122050 को भेज सकता है तथा उसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर भी प्रेषित करेगा।

दिनांक: 07 अगस्त, 2026

अश्योरिटी रियल एस्टेट एलएलपी (Assurity Real Estate LLP) की ओर से
प्रियंका अंकित मिगलानी
नामित भागीदार
(Designated Partner)
DIN: 00007719

कार्यालय ग्राम पंचायत हुडंग
विकास खंड धर्मपुर, तहसील-कसौली, जिला सोलन (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचना एवं न्यूज पेपर के माध्यम द्वारा निविदायें देने हेतु आमंत्रित किया जाता है। यह की बैठक में चर्चा उपरान्त सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया की ग्राम पंचायत गांगुड़ी में वर्ष 2026-2027 तक विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण हेतु निविदायें दिनांक 07-08-2026 को सायं 4:30 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत हुडंग में (बन्द लिफाफे में) देना सुनिश्चित करें।

अतः दिनांक 13-08-2026 को समय 11:00 बजे पंचायत कमेटी के द्वारा निविदाएं खोली जाएंगी, जिसकी वैधता 31-03-2027 तक होगी। सामग्री की गुणवत्ता तकनीकी माप में सही होनी चाहिए, सामग्री की गुणवत्ता से कोई भी समझौता मान्य नहीं होगा। सभी सामाग्री ISI मार्क की होनी चाहिए।

सामग्री विवरणः-
1. क्रेशर रेत / वाशिंग रेता (प्रति फुट रेट)
2. बजरी 10/20mm (प्रति फुट रेट)
3. गटका 40/50mm (प्रति फुट रेट)
4. कट स्टोन / ड्रेसिंग पत्थर (प्रति पत्थर रेट)
5. बोल्डर स्टोन (प्रति फुट रेट)
6. ईंटें (प्रति पीस रेट)
7. टाइल्स (अलग-अलग प्रकार): रोड़ व रास्ते वाली इंटर लॉक टाइल 40, 60, 80mm [ISI मार्का] (प्रति पीस रेट)
8. शटरिंग लकड़ी/लोहे की (प्रति वर्ग फुट रेट)
9. खच्चर ढुलान सामग्री (प्रति फुट रेट)
10. GI पाइप (इंच में अलग-अलग रेट): * आधा इंच (1/2") GI पाइप रेट *पौना इंच (3/4") GI पाइप रेट *1 इंच (1") GI पाइप रेट *(अन्य साइज आवश्यकतानुसार)
11. सरिया (mm में रेट)
12. सीमेंट (सिविल सप्लाई चैल-डंगयारी से ग्राम पंचायत हुडंग तक)
13. पाइप फिटिंग (रेट)
14. बिजली फिटिंग (रेट प्रति पॉइंट इत्यादि)
15. JCB कटिंग (प्रति घंटे का रेट)

GST / TAN नंबर होना चाहिए।

निविदा को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री तकनीकी माप के अनुसार ही देनी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत हुडंग

कार्यालय ग्राम पंचायत रौड़ी
विकास खंड धर्मपुर, तहसील-कसौली, जिला सोलन (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचना एवं न्यूज़ पेपर के माध्यम द्वारा निविदायें देने हेतु आमंत्रित किया जाता है। यह की बैठक में चर्चा उपरान्त सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया की ग्राम पंचायत रौड़ी में वर्ष 2026-2027 तक विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण हेतु निविदायें दिनांक 07-08-2026 को सायं 4:30 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत रौड़ी में (बन्द लिफाफे में) देना सुनिश्चित करें।

अतः दिनांक 10-08-2026 को समय 11:00 बजे पंचायत कमेटी के द्वारा निविदाएं खोली जाएंगी, जिसकी वैधता 31-03-2027 तक होगी। सामग्री की गुणवत्ता तकनीकी माप में सही होनी चाहिए, सामग्री की गुणवत्ता से कोई भी समझौता मान्य नहीं होगा। सभी सामाग्री ISI मार्क की होनी चाहिए।

सामग्री विवरणः-
1. क्रेशर रेत / वाशिंग रेता (प्रति फुट रेट)
2. बजरी 10/20mm (प्रति फुट रेट)
3. गटका 40/50mm (प्रति फुट रेट)
4. कट स्टोन / ड्रेसिंग पत्थर (प्रति पत्थर रेट)
5. बोल्डर स्टोन (प्रति फुट रेट)
6. ईंटें (प्रति पीस रेट)
7. टाइल्स (अलग-अलग प्रकार): रोड़ व रास्ते वाली इंटर लॉक टाइल 40, 60, 80mm [ISI मार्का] (प्रति पीस रेट)
8. शटरिंग लकड़ी/लोहे की (प्रति वर्ग फुट रेट)
9. खच्चर ढुलान सामग्री (प्रति फुट रेट)
10. GI पाइप (इंच में अलग-अलग रेट): * आधा इंच (1/2") GI पाइप रेट *पौना इंच (3/4") GI पाइप रेट *1 इंच (1") GI पाइप रेट *(अन्य साइज आवश्यकतानुसार)
11. सरिया (mm में रेट)
12. सीमेंट (सिविल सप्लाई चैल-डंगयारी से ग्राम पंचायत रौड़ी तक)
13. पाइप फिटिंग (रेट)
14. बिजली फिटिंग (रेट प्रति पॉइंट इत्यादि)
15. JCB कटिंग (प्रति घंटे का रेट)

GST / TAN नंबर होना चाहिए।

निविदा को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री तकनीकी माप के अनुसार ही देनी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत रौड़ी

न्यूज ब्रीफ

एबीवीपी ने मांगों को लेकर शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई ने विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों को लेकर महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने भाग लिया। अभियान के दौरान छात्र संघ चुनाव बहाल करने, तीनों विश्वविद्यालयों में बढ़ाई गई फीस को वापस लेने, नैप-2020 को पूरी तरह लागू करने, सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत करने और शिक्षण संस्थानों में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। एबीवीपी कुल्लू इकाई के मीडिया प्रमुख आदित्य रॉय ने कहा कि परिषद छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर संगठन आने वाले समय में आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

काजा स्कूल में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काजा में गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में आईटीबीपी, पुलिस, एनसीसी और एनएसएस की टुकड़ियां भाग लेंगी। स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

बीपीएल सर्वे पर सवालों का तूफान, कागजों के 'गरीब' सूची में, असली जरूरतमंद बाहर

ग्राम सभा को चयन का अधिकार और मनरेगा की शर्त खत्म करने की उठी मांग

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। हिमाचल प्रदेश में बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) सर्वे की चयन प्रक्रिया विवादों के घेरे में आ गई है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि पुराने आय प्रमाण पत्रों का सहारा लेकर आर्थिक रूप से सक्षम परिवार भी खुद को गरीब बताकर बी.पी.एल. सूची में शामिल हो गए, जबकि वर्षों से अभावों में जीवन बिता रहे वास्तविक जरूरतमंद परिवार आज भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इससे पूरी चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्राम सभा को मिले फैसला करने का अधिकार

ग्रामीण कादशु राम, जोबन दास, हरविंदर कुमार, जगदीश सहित सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि बीपीएल सूची का अंतिम चयन ग्राम सभा के माध्यम से होना चाहिए। उनका तर्क है कि गांव का प्रत्येक व्यक्ति अपने क्षेत्र के परिवारों की वास्तविक आर्थिक स्थिति से परिचित होता है। यदि चयन का अधिकार ग्राम सभा को दिया जाए तो अपात्र लोगों की पहचान आसान होगी और सरकारी सहायता वास्तव में उन परिवारों तक पहुंचेगी, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

मनरेगा की शर्त बनी गरीबों के लिए बाधा

ग्रामीणों ने बीपीएल पात्रता के लिए मनरेगा में कम से कम एक दिन कार्य करने की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कई स्थानों पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने करीबियों की मनरेगा में हाजिरी दर्ज करवा दी जाती है, जबकि वास्तविक गरीब मजदूर रोजी-रोटी के लिए दूसरे स्थानों पर दिहाड़ी करने निकल जाता है और मनरेगा में काम नहीं कर पाता। परिणामस्वरूप वही गरीब परिवार बीपीएल सूची से बाहर हो जाता है। लोगों का कहना है कि गरीबी का पैमाना मनरेगा की हाजिरी नहीं, बल्कि परिवार की वास्तविक आर्थिक स्थिति होनी चाहिए।

सरकार ने बदले नियम, अब निष्पक्ष क्रियान्वयन की चुनौती

प्रदेश सरकार ने बीपीएल चयन के नियमों में संशोधन करते हुए वार्षिक आय सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपए कर दी है। इसके साथ ही अनाथ, निराश्रित बुजुर्ग, विधवा, तलाकशुदा या परित्यक्त महिला की अध्यक्षता वाले परिवार, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग मुखिया वाले परिवार, भूमिहीन तथा गंभीर बीमारी से प्रभावित कमाने वाले सदस्य वाले परिवारों को प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया है। वहीं आयकरदाता, एक हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले तथा सरकारी, अर्द्धसरकारी या निजी नौकरी में कार्यरत परिवारों को अपात्र रखा गया है।केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए 2.82 लाख बीपीएल परिवारों का कोटा निर्धारित किया है। हालांकि जानकारों का मानना है कि केवल नियम बदलने से व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जब तक पात्रता का निष्पक्ष सत्यापन, ग्राम स्तर पर पारदर्शी चयन और फर्जी दावों पर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों के गरीबों तक पहुंचता रहेगा और जरूरतमंद अपने अधिकार से वंचित रहेंगे।

धर्म परिवर्तन, नशा मुक्ति और कूड़ा डंपिंग साइट हटाने को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

◆ रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन का अल्टीमेटम, एक महीने में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

ब्यूरो, कुल्लू। रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन कुल्लू ने जिले से जुड़े तीन प्रमुख जनहित के मुद्दों को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) कुल्लू को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने धर्म परिवर्तन के मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई, बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण और कुल्लू की कूड़ा डंपिंग साइट का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई। फाउंडेशन ने कहा कि कूड़ा डंपिंग साइट लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है, जिसका जल्द स्थायी समाधान आवश्यक है। वहीं, जिले में बढ़ते नशे पर चिंता जताते हुए संगठन ने कहा कि केवल जागरूकता अभियान चलाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे। ज्ञापन में धर्म परिवर्तन के मामलों को भी प्रमुखता से उठाते हुए कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने कहा कि ये मुद्दे समाज और युवाओं के भविष्य से जुड़े हैं, इसलिए प्रशासन को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। फाउंडेशन ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो महिलाओं के नेतृत्व में व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थापक पुष्पा शर्मा, कोषाध्यक्ष अवंतिका शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

तीर्थन घाटी के राजमिस्त्री रवि ने गायकी में रखा कदम

अनंत ज्ञान

◆ यूट्यूब पर रिलीज हुआ पहला हिंदी गीत 'वो शाम'

बंजार। जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में पिछले करीब 30 वर्षों से राजमिस्त्री और भवन निर्माण क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके योगेंद्र कुमार उर्फ रवि ने अब संगीत की दुनिया में भी कदम रखा है। उनका पहला हिन्दी रोमांटिक गीत 'वो शाम' 26 जुलाई 2026 को संगीतकार शेर सिंह कौशल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। गीत को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और इसे अब तक 1,250 से अधिक बार देखा जा चुका है।

मूल रूप से बिहार के रहने वाले योगेन्द्र कुमार करीब तीन दशक पहले रोजगार की तलाश में कुल्लू की तीर्थन घाटी पहुंचे थे। उन्होंने यहां सीमेंट मिस्त्री के रूप में कार्य शुरू किया। बाद में उन्होंने और उनके भाई साजन यादव ने स्थानीय युवतियों से विवाह कर यहीं अपना घर बसा लिया। दोनों भाइयों ने तीर्थन घाटी और बंजार क्षेत्र में कई भवनों के निर्माण में अपनी कारीगरी की पहचान बनाई है। योगेंद्र ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गायन का शौक था और लंबे समय से गीत रिकॉर्ड करने की इच्छा थी, जो अब पूरी हुई है।

गीत के बोल उन्होंने स्वयं लिखे हैं और आवाज भी दी है। इसका संगीत एवं कंपोजिशन शेर सिंह कौशल ने तैयार किया है। वीडियो में हंसराज और पल्लवी ने अभिनय किया है, जबकि निर्माण एसपी सिंह (ग्रीन हिल स्टूडियो) ने किया है। रवि ने कहा कि श्रोताओं का सहयोग मिला तो भविष्य में भी नए गीत प्रस्तुत करेंगे।

कुल्लू में कैंपस इंटरव्यू 11 को, चार पदों पर होगी भर्ती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू विनोद कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में 11 अगस्त 2026 को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इसमें स्नोवर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा और एलएमएस कलेहली में विभिन्न रिक्त पदों को भरा जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी सुबह 11 बजे अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्नोवर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा में टीजीटी (आर्ट्स) के एक पद के लिए भर्ती होगी। इसके लिए अभ्यर्थी का बीए, बीएड, टेट उत्तीर्ण होना और कम से कम एक वर्ष का शिक्षण अनुभव होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवार को 15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। एलएमएस कलेहली में कंप्यूटर शिक्षक के एक पद के लिए बीसीए, एमसीए, बीटेक या एमटेक योग्यताधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इस पद का वेतन 23 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित है। इसके अलावा पीआरटी (गणित) पद के लिए बीएससी/एमएससी गणित, बीएड और टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्हें 16 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। वहीं कंडक्टर पद के लिए वैध कंडक्टर लाइसेंस धारक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी का हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू से संपर्क किया जा सकता है।

राज्यस्तरीय लादरचा मेला अब 24 से 26 तक होगा आयोजित : शिखा

◆ लादरचा मेले की तैयारियां तेज, प्रशासन ने बनाई आयोजन की रुपरेखा

अनंत ज्ञान

अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। स्पीति का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध राज्यस्तरीय लादरचा मेला अब 24 से 26 अगस्त, 2026 तक काजा में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने अपने कार्यालय कक्ष में मेले को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि पहले मेले का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक प्रस्तावित था, लेकिन उदयपुर में होने वाले पोरी मेले को ध्यान में रखते हुए लादरचा मेले की तिथियों में बदलाव किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मेला का शुभारंभ 24 अगस्त को शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। शोभा यात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ काजा गोंपा से लादरचा मेला ग्राउंड तक निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न गोंपाओं से लामागण एवं चोमोगण, महिला मंडल व स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा तथा स्थानीय कलाकारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। मेले के दौरान महिला मंडल, स्कूली बच्चों और स्थानीय सांस्कृतिक दलों की ओर से रंगारंग एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसान मेले का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें किसानों को कृषि संबंधी नई तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। बैठक में मेले के दौरान शोभा यात्रा, कानून व्यवस्था, विद्युत, पानी, यातायात, चिकित्सा, खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभागीय प्रदर्शनी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा मेले के सफल आयोजन के लिए गठित मेला प्रबंधन उप समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए। उन्होंने सभी सदस्यों व स्थानीय लोगों से मेले को सफल बनाने में अपना रचनात्मक सहयोग देने का आग्रह किया। बैठक में एसडीएम दीक्षित राणा, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, खंड विकास अधिकारी अंशुल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक, एसएचओ जगदीश चंद, विभिन्न पंचायतों के प्रधानों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस सरकार के खिलाफ मनाली में हुंकार भरेगी भाजपा, 10 को होगा आंदोलन

सरकार हर मोर्चे पर विफल, मनाली विस क्षेत्र में विकास कार्य ठप : गोविंद

अनंत ज्ञान

मनाली एवं नग्गर मंडल की संयुक्त बैठक के दौरान पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर।

मनाली। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, विकास कार्यों का ठप पड़ना तथा आम जनता की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में भाजपा अब निर्णायक जनआंदोलन की राह पर है। 10 अगस्त को मनाली में आयोजित होने वाले विशाल जनआंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से वीरवार को भाजपा मनाली एवं नग्गर मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने की।

बैठक में आंदोलन की रुपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। मनाली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, जबकि स्थानीय विधायक केवल पहले से स्वीकृत योजनाओं का श्रेय लेने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि जनता को विकास नहीं, केवल घोषणाएं और आश्वासन मिले हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन शुरू होने के बावजूद क्षेत्र की सड़कों की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। विशेष रूप से लेफ्ट बैंक सड़क पिछले चार वर्षों से बदहाल स्थिति में है, लेकिन सरकार और संबंधित जनप्रतिनिधियों ने इसे सुधारने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए। इसका खामियाजा स्थानीय लोगों, किसानों, व्यापारियों और हजारों पर्यटकों को रोजाना भुगतना पड़ रहा है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के चार वर्ष पूरे होने के बावजूद जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने मनाली विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा तथा आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे जनआंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएं और इस जनआंदोलन को ऐतिहासिक सफलता प्रदान करें।

बीपीएल लाभार्थियों के साथ 10 से 12 तक होंगी संवाद बैठकें

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। जिला प्रशासन कुल्लू और उपमंडल प्रशासन कुल्लू-मनाली ने बीपीएल सर्वे के फेज-1 से फेज-8 के तहत चिन्हित लाभार्थी परिवारों के साथ ब्लॉक स्तरीय संवाद बैठकों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के अनुसार ये बैठकें 10 से 12 अगस्त तक आयोजित होंगी। विकास खंड नगर की 39 ग्राम पंचायतों के 744 बीपीएल लाभार्थी परिवारों से प्रशासन सीधा संवाद करेगा। बैठकें दो सत्रों में होंगी, जिनका समय सुबह 11 से दोपहर 1 बजे और दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक रहेगा। 10 अगस्त को पंचायत घर नसोगी में एसडीएम मनाली की अध्यक्षता में 14 पंचायतों के 186 लाभार्थियों से संवाद होगा। 11 को पंचायत घर नगर में एसडीएम कुल्लू की अध्यक्षता में 288 लाभार्थी परिवारों के साथ बैठक होगी। 12 को पंचायत घर कटराईं में 270 लाभार्थियों के साथ संवाद किया जाएगा। प्रशासन ने सभी पंचायत सचिवों को चयनित परिवारों को समय पर सूचना देने के निर्देश दिए हैं।

सरकार और प्रशासन के बीच तालमेल का अभाव : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार और प्रशासन के बीच किसी प्रकार का समन्वय नहीं है।

उन्होंने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि फिलहाल नए टेंडर जारी नहीं किए जाएंगे। वहीं, दूसरी ओर लाहौल के उदयपुर स्थित चिनाब डिवीजन में लगातार टेंडर निकाले जा रहे हैं। यदि इन कार्यों के लिए बजट का प्रावधान ही नहीं है, तो ऐसे टेंडर जारी करना न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि इससे ठेकेदारों के साथ-साथ आम जनता भी परेशानी में पड़ेगी। सरकार को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। रवि ने मल्टी टास्क वर्कर्स की नियुक्तियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार कर्मचारियों को उनके निवास से अत्यधिक दूर नहीं लगाया जाना चाहिए। इसके बावजूद 21 मल्टी टास्क वर्कर्स को सिस्सू में नियुक्त किया गया है, जबकि उनमें से कई दूरदराज क्षेत्रों से आते हैं। उन्होंने कहा कि 4,000-5,000 रुपए के मानदेय में कोई कर्मचारी दूर जाकर किराया, भोजन और अन्य खर्च वहन नहीं कर सकता। ऐसे में यह नियुक्तियां कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार बड़े-बड़े कर्ज लेने की बात करती है, लेकिन दूसरी ओर इतने कम मानदेय पर कर्मचारियों से दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं लेने की अपेक्षा करना न्यायसंगत नहीं है। सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इन कर्मचारियों की तैनाती और मानदेय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार व प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय होता, तो ऐसी विसंगतियां सामने नहीं आतीं। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि इन दोनों गंभीर विषयों पर तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करें, ताकि कर्मचारियों, ठेकेदारों और जनता को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

मंगलौर पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला दंडाधिकारी कुल्लू ने जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपमंडल बंजार स्थित एनएच-305 पर आरडी 79/875 के समीप स्थित मंगलौर पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। उपमंडलाधिकारी, बंजार द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार पत्थर एवं बोल्डर गिरने की घटना से मंगलौर पुल को क्षति पहुंची है, जिससे पुल के एबटमेंट (आधार संरचना) को सुदृढ़ करने का कार्य प्रभावित हुआ है। पुल की मजबूती एवं मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। जिला दंडाधिकारी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत जारी आदेशों के अनुसार एम्बुलेंस, अग्निशमन, पुलिस तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवागमन की अनुमति रहेगी। आदेशों में राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल, रामपुर के अधिशासी अभियंता को आवश्यक चेतावनी संकेतक, डायवर्जन बोर्ड, बैरिकेड्स एवं अन्य यातायात नियंत्रण उपकरण स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम जनता को प्रतिबंधों की स्पष्ट जानकारी मिल सके। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, कुल्लू को यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा आदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, उपमंडलाधिकारी, बंजार एवं अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल, रामपुर को पुल की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।यह आदेश पुल के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण होने अथवा अगले आदेश जारी होने तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन ने आम जनता एवं वाहन चालकों से सहयोग करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

मलाणा से रथ निर्माण के बाद लाहौल लौटे राजा घेपन, भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान, मनाली। मलाणा में नए रथ के निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाहौल घाटी के आराध्य देवता राजा घेपन, माता हिडिंबा और अठारह नाग अपने गृह क्षेत्र लाहौल की ओर प्रस्थान कर चुके हैं। वीरवार देर शाम राजा घेपन नए रथ में विराजमान होकर मनाली पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। देव यात्रा का रात्रि विश्राम मनाली के अलेउ में रखा गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देवी-देवताओं के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मोहन पैलेस में स्थानीय लाहौली समुदाय की ओर से देवभोज का आयोजन भी किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को राजा घेपन का रात्रि ठहराव हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चचोगा में होगा। शनिवार को वे बौद्ध गोंपा मनाली और रविवार को ढूंगरी में विराजेंगे। इसके बाद यात्रा कुलंग होते हुए लाहौल की ओर बढ़ेगी।

आगाज जनजातीय उत्सव-2026 के पूर्व कार्यक्रम क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

डीसी ने बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

अनंत ज्ञान

क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बल्लेबाजी करते हुए डीसी किरण भड़ाना।

ब्यूरो, केलांग। राज्यस्तरीय जनजातीय उत्सव-2026 के तहत आयोजित किए जा रहे पूर्व कार्यक्रमों की शृंखला में वीरवार को जिला मुख्यालय केलांग के समीप स्टिंगरि हेलीपैड में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त एवं अध्यक्ष, राज्य स्तरीय जनजातीय मेला समिति, लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने, उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला तुम्बा इलेवन और बीआरओ इलेवन के मध्य खेला गया। इस दौरान डीसी स्वयं भी बल्ला थामकर प्रतीकात्मक बल्लेबाजी की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके इस आत्मीय एवं प्रेरणादायी अंदाज ने खिलाड़ियों और उपस्थित खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि उत्सव से पूर्व आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना, उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, धैर्य और टीम भावना जैसे गुणों का विकास करते हैं। स्वस्थ युवा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनजातीय उत्सव-2026 को जनभागीदारी के साथ भव्य एवं यादगार बनाने के लिए विभिन्न खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलने के साथ-साथ युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला, 70 आरसीसी के ऑफिसर कमांडिंग मेजर आकाश चौधरी, परियोजना अधिकारी (आईटीडीपी) अश्वनी कुमार, पुलिस उप-अधीक्षक रश्मि शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।उ ल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव-2026 का आयोजन 14 से 16 अगस्त तक केलांग में किया जाएगा। उत्सव से पूर्व आयोजित की जा रही खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले में उत्सव का माहौल बन चुका है तथा युवाओं में इन आयोजनों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

कुल्लू के 25 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

राज्यस्तरीय सब जूनियर वुशू चैंपियनशिप के लिए जिला कुल्लू की टीम रवाना

अनंत ज्ञान

सब जूनियर वुशू चैंपियनशिप के लिए रवाना होते हुए जिला कुल्लू की टीम।

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू वुशू एसोसिएशन की टीम 8 और 9 अगस्त को जिला शिमला के भराड़ी स्थित लॉरिएट पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर वुशू चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। टीम सानशू और ताओलू दोनों वर्गों में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

सानशू वर्ग में लड़कों की विभिन्न भार श्रेणियों में हार्दिक सिंह ठाकुर, गिरीश ठाकुर, प्रदीप सिंह, राजीव, अंशुमन, विशाल, गुरु दत्त, पुनीत कुमार, शौर्य चौहान और राहुल मुकाबले में उतरेंगे। वहीं लड़कियों के वर्ग में नायरा गुप्ता, सृष्टि ठाकुर, दिव्यांशी, अवनी ठाकुर, वंशिता, चारू, कोमल ठाकुर, टशी लामो, खुशबू ठाकुर, आनंदिता ठाकुर और श्रुति संकेत बुंदेला पदक जीतने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगी। ताओलू स्पर्धा में लड़कियों में सेथर डोमा, आंचल और तान्या, जबकि लड़कों में शिवांश शर्मा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव एवं कोच लूदर चंद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अक्टूबर में श्रीनगर में होने वाली राष्ट्रीय सब-जूनियर वुशू चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि कुल्लू के खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते आए हैं तथा इस बार भी टीम से अधिक पदकों की उम्मीद है। टीम के साथ कोच अक्षित, टीम मैनेजर पल्लवी ठाकुर और समृति भी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला वुशू संघ के पदाधिकारियों ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

न्यूज ब्रीफ

गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, अर्की। विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत सिविल अस्पताल अर्की में गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 120 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सर्विसेज ने स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना तथा पहले छह माह तक केवल मां का दूध देना शिशु के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कोलोस्ट्रम को शिशु का पहला और सर्वोत्तम आहार बताया। फीमेल हेल्थ वर्कर सपना ठाकुर ने स्तनपान की सही तकनीक, नवजात के समय पर टीकाकरण तथा मां और शिशु की देखभाल संबंधी जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण का महत्व भी समझाया। कार्यक्रम में माताओं से दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने की अपील की गई। आशा कार्यकर्ता सुनीता बंसल, गीता कश्यप, सुनीता शर्मा एवं जय देवी भी उपस्थित रहीं।

देवठी स्कूल के विद्यार्थियों ने लगाए 100 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देवठी के इको क्लब द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत देवठी गांव की शामलात भूमि में 100 पौधों का रोपण किया गया। अभियान में विद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी श्रीमती नीतिमा बरागटा के नेतृत्व तथा वनरक्षक राकेश एवं वन मित्र कुमारी मल्लिका के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य कमलचंद ने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। कुमारी मल्लिका ने वनों, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।

नशा-मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान में शामिल हुए शूलिनी विवि के छात्र

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनकर तथा नशा-मुक्ति की शपथ लेकर 'नशा-मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' में भाग लिया। 2 अगस्त से शुरू हुए 100 सप्ताह के इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करना और नशा-मुक्त भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशा-मुक्त भारत का एंबेसडर बनने का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत-2047 का सपना स्वस्थ, आत्मविश्वासी और नशे से दूर रहने वाले युवाओं से ही साकार होगा। कार्यक्रम के बाद छात्रों ने नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय एवं सहयोगी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।

10 साल पुराने सड़क हादसे के मामले में भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत भेजा

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। दाड़लाघाट पुलिस थाना की पीओ सेल ने लंबे समय से फरार चल रहे भगोड़े आरोपी को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्र कुमार (42) निवासी माजरीकलां, तहसील नकुड़, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उसने कार को सड़क से करीब 200 फीट गहरी खाई में गिरा दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुआ, जिसके बाद 2 जून, 2026 को उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया। पीओ सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर 3 अगस्त को सहारनपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सोलन में 17.41 ग्राम चिट्टा सहित दो युवक व युवती गिरफ्तार, आल्टो कार जब्त

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17.41 ग्राम चिट्टा सहित दो युवकों और एक युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5,600 रुपए नकद भी बरामद किए। जिला पुलिस की एसआईयू टीम ने 2/3 अगस्त की रात गुप्त सूचना के आधार पर आल्टो कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें यह बरामदगी हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जय सिंगला (23), औनिक रमोलटा (21) और श्रुति ठाकुर (21) के रूप में हुई है। पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपियों को अदालत में पेश किया और तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

रेणुका कांग्रेस मंडल अध्यक्ष की प्रेस वार्ता झूठ का पुलिंदा : प्रताप सिंह रावत

अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने रेणुका कांग्रेस मंडल अध्यक्ष तपेंद्र चौहान की संगड़ाह में आयोजित प्रेस वार्ता को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कांग्रेस और विधायक विनय कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रेणुका विधानसभा क्षेत्र में कोई बड़ा सरकारी संस्थान नहीं खुल पाया है। रावत ने कहा कि ददाहू विकास खंड कार्यालय, डिग्री कॉलेज, आईटीआई सहित कई संस्थान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में स्वीकृत हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने कई संस्थानों को डिनोटिफाई किया, जिन्हें विधायक बहाल नहीं करवा पाए। उन्होंने विधायक पर मुख्यमंत्री से बेहतर तालमेल न होने के कारण क्षेत्र के विकास प्रभावित होने का भी आरोप लगाया।

पीडब्ल्यूडी राजगढ़ कार्यालय में निजी वाहनों की पार्किंग पर रोक, उल्लंघन पर कार्रवाई

अव्यवस्थित पार्किंग, भीड़ को देखते हुए विभाग ने लागू की नई व्यवस्था

अनंत ज्ञान

राजगढ़। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (एचपीपीडब्ल्यूडी) मंडल राजगढ़ ने कार्यालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों के निजी वाहनों की पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है

◆ **केवल अधिकृत वाहनों को ही मिलेगी परिसर में जगह**

कि अब परिसर में केवल विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के अधिकृत वाहन ही खड़े किए जा सकेंगे। नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल राजगढ़ कार्यालय की ओर से मुख्य प्रवेश द्वार सहित परिसर के विभिन्न स्थानों पर सूचना पट्ट और नोटिस लगाए गए हैं। इसके अलावा निजी वाहन मालिकों द्वारा पार्क किए गए वाहनों पर भी निर्देश संबंधी सूचनाएं चस्पा की गई हैं। विभाग ने बताया कि बाहरी लोगों के निजी वाहनों को आवश्यक कार्य से कार्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति रहेगी, लेकिन उन्हें वाहन अंदर पार्क करने की इजाजत नहीं होगी। आम नागरिकों और कार्यालय में कार्य करवाने आने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे अपने वाहन परिसर के बाहर निर्धारित स्थानों पर ही खड़े करें, ताकि आवागमन सुचारू बना रहे।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत रूप से वाहन पार्क करने की स्थिति में वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेदार होगा। यह निर्णय कार्यालय परिसर में बढ़ती भीड़, अव्यवस्थित पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए लिया गया है। विभाग ने सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है और इसकी नियमित निगरानी की जाएगी।

मन्जयाट में कथित मस्जिद निर्माण पर देवरा पंचायत ने लगाई रोक

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत देवरा के मन्जयाट गांव में कथित मस्जिद निर्माण की चर्चा के बाद ग्रामीणों में नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों का दावा है कि दूसरी पंचायत के कुछ लोग स्थानीय व्यक्ति के सहयोग से यहां धार्मिक स्थल बनाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अभी तक मौके पर कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बाहरी लोगों की बढ़ती आवाजाही को लेकर चिंता जताई है और कुछ लोगों ने धमकियां मिलने के आरोप भी लगाए हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अर्की मुख्यालय में पहले से मस्जिद मौजूद है, इसलिए नए निर्माण की आवश्यकता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम पंचायत देवरा के प्रधान दलीप कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद जनरल हाउस बैठक तक निर्माण कार्य रोकने का नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत नियमों के अनुसार कार्रवाई करेगी। (अनंत ज्ञान)

ऐतिहासिक धरोहर के सामने गंदगी का अंबार, जिम्मेदार बेखबर

सफाई सिर्फ कागजों में, पार्क में बदबू व मच्छरों का कब्जा

अनंत ज्ञान, नाहन। वार्ड नं 2 में ऐतिहासिक पक्का टैंक के सामने लख दाता पीर के साथ बना नगर परिषद का यह पार्क अनदेखी के कारण गंदगी और बदबू से भरा पड़ा है। आदेशों की अवहेलना करके डॉग फीडिंग करवा रहे लोग भी यहां गंदगी फैलाने में पीछे नहीं है। लंबे अरसे से सफाई नही हुई। आरोप है कि पार्क में कभी-कभार झाड़ू मार कर कचरे का ढेर लगा दिया जाता है, लेकिन कचरे को उठाने आसानी से कोई वाहन लेने नहीं आता। ऐसे में बरसात में कचरा सड़ रहा है। बदबू फैल रही है तथा मच्छरों ने क्षेत्र को अपने कब्जे में ले रखा है, जिससे कई प्रमुख बिमारियों के फैसले का भय बना हुआ है।

सीईआईआर पोर्टल बना मददगार

सिरमौर पुलिस ने लौटाए एक करोड़ रुपए के 829 मोबाइल

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। जिला सिरमौर पुलिस ने भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। सीईआईआर पोर्टल शुरू होने के बाद से अब तक पुलिस ने 829 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए हैं। इन बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई गई है

पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई 2026 से 5 अगस्त 2026 के बीच भी 18 मोबाइल फोन बरामद कर संबंधित लोगों को लौटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि यह पहल लोगों की खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने के साथ-साथ मोबाइल फोन के गलत इस्तेमाल को रोकने में भी मददगार साबित हो रही है।

सीईआईआर पोर्टल की निगरानी और तकनीकी विश्लेषण का कार्य साइबर कमांडो कांस्टेबल प्रदीप द्वारा किया जा रहा है। उनके विश्लेषण के आधार पर विभिन्न थानों में तैनात नोडल अधिकारी मोबाइल फोन की ट्रेसिंग कर उन्हें बरामद करते हैं और मालिकों तक पहुंचाते हैं। सरमौर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें और सीईआईआर पोर्टल पर डिवाइस ब्लॉक करवाएं। साथ ही नागरिकों को अपना आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखने और बिना सत्यापन के सेकंड हैंड मोबाइल खरीदने से बचने की सलाह दी गई है।

नशा तस्करों पर सोलन पुलिस का बड़ा प्रहार, 2.40 करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज

इस साल कुल 3.50 करोड़ की कार्रवाई, एनडीपीएस के 99 मामलों में 205 आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। जिला सोलन पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति फ्रीज की है। वित्तीय जांच (फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन) के आधार पर पुलिस ने एक मामले में करीब 2.40 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज कर दी है। इसमें दो वाहन, एक मकान, एक होटल, पोस्ट ऑफिस में जमा धनराशि और भूमि शामिल है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक तिरुमला राजू एसडी वार्मा ने बताया कि जिला पुलिस अब केवल नशा तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि अपराध से अर्जित संपत्तियों को भी कानून के तहत जब्त करने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा करने वालों और नशा बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

एसपी ने बताया कि धर्मपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 और 2026 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों की वित्तीय जांच के दौरान आरोपियों की संपत्तियों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने नशे के अवैध कारोबार से करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की थी, जिसके बाद करीब 2.40 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज की गई। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य मामलों में भी बड़ी कार्रवाई की गई है। दाड़लाघाट थाना क्षेत्र के एक मामले में करीब 47 लाख रुपए तथा परवाणू थाना क्षेत्र के एक मामले में लगभग 65 लाख रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई है। इस तरह वर्ष 2026 में अब तक जिला सोलन पुलिस द्वारा करीब 3.50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति फ्रीज की जा चुकी है। एसपी वार्मा ने बताया कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के 99 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 205 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हिमाचल प्रदेश के 157, पंजाब के 15, हरियाणा के 19, चंडीगढ़ के 7, बिहार के 2, नेपाल के 4 नागरिक तथा एक विदेशी नागरिक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पुलिस ने विभिन्न अभियानों के दौरान करीब 1 किलो 300 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) भी बरामद किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस गिरफ्तारी, वित्तीय जांच, संपत्ति फ्रीज करने और तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की बहुआयामी रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं नशे की गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने के अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके।

सिरमौर पुलिस ने 12 वर्षीय लापता बालक को हरियाणा से सकुशल किया बरामद

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर पुलिस की गुमशुदा सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले 12 वर्षीय लापता बालक को हरियाणा के नारायणगढ़ क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रिंस (12 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप, निवासी ग्राम रतनपुर, थाना बछो, जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) को गुमशुदा सेल टीम ने देहा बस्ती, नारायणगढ़ से सुरक्षित ढूंढ निकाला। पुलिस ने बताया कि बालक पूरी तरह सुरक्षित है और उसे जल्द ही उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। सिरमौर पुलिस ने इस सफलता के साथ आम जनता से अपील की है कि यदि कोई बच्चा गुम हो जाए तो समय गंवाए बिना इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी या थाने में दर्ज कराएं, ताकि पुलिस तत्काल कार्रवाई कर बच्चे को सुरक्षित तलाश सके।

स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में सरकार प्रचार में व्यस्त : शैलेंद्र

अनंत ज्ञान

सोलन। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने प्रदेश सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी का

◆ **स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप, डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी पर उठाए सवाल**

◆ **केंद्र की सहायता के बावजूद अस्पतालों में खाली पदों पर सरकार को घेरा**

आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। सरकार अस्पतालों के उद्घाटन और प्रचार में व्यस्त है, जबकि मरीज डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों और तकनीकी कर्मचारियों की कमी से परेशान हैं। गुप्ता ने दावा किया कि वर्ष 2022 में हिमाचल स्वास्थ्य क्षेत्र की रैंकिंग में अग्रणी राज्यों में था, लेकिन वर्ष 2026 तक प्रदेश कई पायदान नीचे पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रदेश को 1,454 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता दी, बावजूद इसके अस्पतालों में कई पद खाली हैं।

उन्होंने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कई जिलों में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। उन्होंने कंडाघाट सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ के बिना 179 प्रसव होने को गंभीर मामला बताया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि आधुनिक मशीनें होने के बावजूद तकनीकी स्टाफ की कमी से उपकरण बेकार पड़े हैं। उन्होंने सोलन जिला अस्पताल में लंबी कतारों और रेफरल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से रिक्त पदों को जल्द भरने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की मांग की।

कुमारहट्टी में 200 फुट गहरी खाई में गिरी कार, एजी के दो कर्मी घायल

हादसे के समय पहुंचे डॉ. बिंदल, घायल को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

अनंत ज्ञान

घायल का उपचार करवाते डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

सोलन। कुमारहट्टी टनल से आगे चंडीगढ़ की ओर वीरवार शाम करीब 6 बजे एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 200 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एजी कार्यालय शिमला में कार्यरत दो कर्मचारी, कर्म और सत्येंद्र, गंभीर रूप से घायल हो गए। संयोगवश उसी समय भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल नाहन की ओर जा रहे थे। दुर्घटना देखते ही उन्होंने अपना वाहन रुकवाया और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। डॉ. बिंदल ने गंभीर रूप से घायल एक युवक को अपनी गाड़ी में बैठाकर बिना समय गंवाए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन पहुंचाया, जिससे उसे तत्काल उपचार मिल सका। वहीं दूसरे घायल को करीब आधे घंटे बाद एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया। दोनों घायलों का उपचार क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किए जाने की संभावना है।

डॉ. राजीव बिंदल ने घटना के तुरंत बाद दूरभाष पर सूचना देकर संबंधित लोगों को अस्पताल पहुंचने का आग्रह किया। सूचना मिलते ही वे अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। हादसे की सूचना मिलने पर एजी कार्यालय के ऑडिटर, जो इन दिनों सीएमओ कार्यालय सोलन में ऑडिट कार्य के सिलसिले में तैनात हैं, भी तत्काल अस्पताल पहुंचे और अपने घायल साथियों का हालचाल जाना।

जोगिंद्रा बैंक ने बढ़ाए विस्तार के कदम

मिलेगी आसान बैंकिंग सुविधा मुख्य मार्गों पर आएंगी शाखाएं

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। जोगिंद्रा सहकारी बैंक के 102 वर्ष पूर्ण होने पर बैंक प्रबंधन ने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और बैंक के विस्तार को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। बैंक अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने अर्की में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देते हुए मुख्य मार्ग से दूर स्थित शाखाओं को चरणबद्ध तरीके से मुख्य मार्ग के निकट स्थानांतरित किया जाएगा। इसी क्रम में जयनगर, कुनिहार और अर्की शाखाओं को भी स्थानांतरित किया जाएगा। वर्ष 2025-26 में बैंक का शुद्ध लाभ 21.58 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष से 1.56 करोड़ रुपए अधिक है। बैंक की जमा राशि 1,427 करोड़ से बढ़कर 1,517 करोड़ रुपए तथा ऋण वितरण 711 करोड़ से बढ़कर 744 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक की नेटवर्थ भी 140 करोड़ से बढ़कर 164 करोड़ पहुंच गई है। मुकेश शर्मा ने बताया कि बैंक का सीआरएआर 19.9 प्रतिशत और नेट एनपीए शून्य प्रतिशत है, जो उसकी मजबूत वित्तीय स्थिति का प्रमाण है।

स्वास्थ्य | शिलाई में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिली नई मजबूती : हर्षवर्धन चौहान

1.27 करोड़ से बने पीएचसी कांटी मशवा का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

पीएचसी भवन का उद्घाटन करने पहुंचे उद्योग मंत्री। अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम-रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान 1.27 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य (पीएचसी) कांटी मशवा का

◆ **तीन पंचायतों को मिलेगा लाभ, स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा सुदृढ़ीकरण**

लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि नए पीएचसी भवन से आसपास की तीन पंचायतों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के साथ-साथ चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि पीएचसी कमरऊ, सतौन, चांदनी और कोटा पाब के भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा इनमें चिकित्सकों के आवास की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर और फार्मासिस्ट तैनात हैं।

मंत्री ने क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के तहत लगभग 70 करोड़ रुपए की विभिन्न सड़क और भवन निर्माण योजनाओं पर कार्य जारी है। वहीं, कांटी मशवा पीएचसी, मानल-कांटी मशवा सड़क तथा चांदनी-कठवार सड़क के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 19 करोड़ रुपए की लागत से शिलाई में 100 बिस्तरों वाले नागरिक अस्पताल का निर्माण तेजी से चल रहा है। अस्पताल शुरू होने के बाद क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिलाई अस्पताल में प्रतिदिन 250 से 300 मरीजों की ओपीडी होती है, जहां ईएनटी, मेडिसिन, हड्डी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित 10 चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं और कांटी मशवा, कमरऊ तथा बड़वास के सामुदायिक भवनों के लिए 15-15 लाख रुपए, खिल रोड के लिए 3 लाख तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के पुस्तकालय के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। साथ ही स्कूल की चारदीवारी और खड्ड पर पुल निर्माण का आश्वासन भी दिया।

कंडाघाट को मिली अग्नि सुरक्षा की सौगात

3.49 करोड़ रुपए से बनेगा उप-अग्निशमन केंद्र का भवन

अनंत ज्ञान

सोलन। कंडाघाट में प्रस्तावित उप-अग्निशमन केंद्र के भवन निर्माण की प्रक्रिया अब आगे बढ़ गई है। जिला परिषद सदस्य अमित ठाकुर द्वारा जिला परिषद बैठक में उठाए गए मुद्दे के जवाब में गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने जानकारी दी है कि केंद्र के भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 49 लाख 86 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति तथा 3 करोड़ 43 हजार 98 रुपए की व्यय स्वीकृति वर्ष 2025-26 में अग्निशमन मुख्यालय से मिल चुकी है। 11वीं वाहिनी गृह रक्षा, सोलन के आदेशक द्वारा जिला परिषद सचिव को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि मार्च 2026 में अग्निशमन मुख्यालय ने भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 43 लाख 98 हजार रुपये की राशि लोक निर्माण विभाग (बीएंडआर) को जारी कर दी है। वर्तमान में भवन निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विभाग ने यह भी बताया कि उप-अग्निशमन केंद्र को जल्द शुरू करने के लिए किराये के भवन की व्यवस्था की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। किराया निर्धारण से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मामला अग्निशमन मुख्यालय शिमला को भेजा जाएगा। जिला परिषद सदस्य अमित ठाकुर (मोंटू) ने कंडाघाट में उप-अग्निशमन केंद्र की स्थापना के लिए स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल का आभार जताया।

केंद्र बनने से क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाएं मजबूत होंगी तथा लोगों को समय पर राहत व बचाव सुविधाएं मिल सकेंगी।

अमित ठाकुर (मोंटू)
जिला परिषद सदस्य

न्यूज ब्रीफ

सावन में डेरा रुद्रानंद आश्रम में रोज हो रहा रुद्राभिषेक

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद, अमलेहड़ में सावन माह के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं शिवपूजन किया जा रहा है। यह विशेष अनुष्ठान पूरे सावन महीने तक जारी रहेगा। डेरा के सतपाल शास्त्री ने बताया कि महाराज श्री हेमानंद जी की प्रेरणा से जनकल्याण एवं विश्व शांति की भावना के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिवपुराण के अनुसार सावन में भगवान शिव का रुद्राभिषेक अत्यंत फलदायी माना गया है। जल, दही, गन्ने के रस, शहद, घी, तीर्थ जल तथा सुगंधित जल से अभिषेक करने के अलग-अलग धार्मिक एवं आध्यात्मिक लाभ बताए गए हैं। रुद्राभिषेक के अलावा आश्रम में प्रतिदिन सुबह और शाम शिव-गौरी की भव्य आरती भी आयोजित की जा रही है। सावन माह के चलते डेरा परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है।

उद्घाटन से पहले जनता के लिए खुले रामनगर-नकड़ोह पुल

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। सुंकाली भद्रकाली सड़क के बीच रामनगर नकड़ोह खड्डों पर नवनिर्मित पुल बिना उद्घाटन के ही जनता के लिए खोल दिए गए हैं, जिसकी आमजनमानस द्वारा प्रसंशा की जा रही है, विशेषकर आजकल बारिश के दौरान बने इन नए पुलों का आम जनमानस को लाभ मिल रहा है। विधायक राकेश कालिया द्वारा आम जनमानस की सुविधा के लिए ऐसी व्यवस्था करने की इलाके के प्रबुद्ध वर्ग आम जनमानस द्वारा प्रशंसा की जा रही है। अधिकतर यह देखा जाता है जब तक किसी कार्य का पूरा उद्घाटन न हो जाए तो उसको जनता के लिए समर्पित नहीं किया जाता, लेकिन इन पुलों को आमजन मानस को समर्पित करके जनहित का सराहनीय कार्य हुआ है, जिसके लिए आम जनता द्वारा विधायक राकेश एवं लोक निर्माण विभाग की प्रशंसा की जा रही है।

विधायक विवेक शर्मा ने सुनी जन समस्याएं

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने जोगी पंगा स्थित कांग्रेस कार्यालय में जन समस्याएं सुनीं। क्षेत्रवासियों ने सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और राजस्व से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और

शेष मामलों के जल्द निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ बरसात के दौरान उत्पन्न समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सड़कों की बहाली, पेयजल और बिजली व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि अधिकारी फील्ड में जाकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से बरसात में सतर्क रहने और समस्या आने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करने की अपील की।

एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। यह निर्देश सहायक आयुक्त विनय मोदी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त, 2026 तक चलने वाले अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में 'मिशन 4500' के तहत अब तक 1097 बालिकाओं का टीकाकरण हो चुका है। उन्होंने शिक्षा विभाग, पंचायती राज संस्थाओं, आईसीडीएस और सामाजिक संस्थाओं से सहयोग की अपील की। उन्होंने अभिभावकों से अफवाहों से दूर रहकर बेटियों का समय पर टीकाकरण करवाने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

चूरूडू-लोहारली पुल पर पुलिस ने रोका राजेश ठाकुर का काफिला

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व विधायक का सम्मान

अनंत ज्ञान

विवेक शर्मा, अंब (ऊना)। चूरूडू-लोहारली पुल वीरवार को राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना रहा। गगरेट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुल निर्माण में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेश ठाकुर के योगदान को लेकर उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया।

राजेश ठाकुर समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पुल की ओर रवाना हुए, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें पुल तक जाने की अनुमति नहीं दी। लोहारली की ओर पुल के प्रवेश द्वार पर गगरेट पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जबकि चूरूडू की ओर अंब पुलिस ने बैरिकेडिंग कर आवाजाही बंद कर दी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुल के दोनों छोर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

इस दौरान समर्थकों और पुलिस के बीच काफी देर तक बहस होती रही। कार्यकर्ता पुल पर जाने की मांग करते रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुल से कुछ दूरी पहले सड़क किनारे ही सम्मान समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम में राजेश ठाकुर को शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने पुल निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले राशपाल पठानिया, सतपाल पठानिया, मनोहर पठानिया, भीम सिंह पठानिया और स्वर्गीय मुल्तान सिंह पठानिया के परिजनों को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भूमि दाताओं और क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही यह परियोजना संभव हो सकी।

पत्रकारों से बातचीत में राजेश ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर विकास कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुल भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था और इसके निर्माण में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। वहीं, पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन सतर्क रहा और कड़ी सुरक्षा के बीच समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

लोहारली-चुरूडू पुल समारोह से गगरेट की राजनीति में हलचल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, गगरेट। लोहारली-चुरूडू पुल निर्माण को लेकर आयोजित सम्मान समारोह ने गगरेट की राजनीति में नए संकेत दिए हैं। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के समर्थन में उमड़ी भीड़ ने क्षेत्र में उनकी सक्रियता और जनाधार को लेकर राजनीतिक चर्चाओं को तेज कर दिया है। खराब मौसम, भारी पुलिस व्यवस्था और पुल तक जाने पर रोक के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने राजनीतिक हलकों का ध्यान खींचा। समर्थकों की सक्रियता को राजेश ठाकुर की जमीनी पकड़ से जोड़कर देखा जा रहा है। राजेश ने वर्ष 2017 में पहली बार चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। विधायक रहते हुए उन्होंने कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया, जिनमें लोहारली-चूरूडू पुल भी प्रमुख रहा। वर्ष 2022 के चुनाव में हार के बाद गगरेट की राजनीति में बदलाव आए, लेकिन भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद उनकी भूमिका फिर चर्चा में है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सम्मान समारोह ने यह संदेश दिया है कि राजेश ठाकुर अभी भी गगरेट भाजपा की राजनीति में अहम चेहरा हैं। आने वाले चुनावों में पार्टी की रणनीति तय करते समय इन राजनीतिक समीकरणों को नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा।

विश्व स्तनपान सप्ताह पर महिलाओं को किया जागरूक

अनंत ज्ञान

ऊना। विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह के तहत हिमोत्कर्ष महिला मंच एवं संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ने कंवर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में अस्पताल के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश्वर कंवर मुख्यातिथि तथा आयुष विभाग की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जागृति दत्ता मुख्य वक्ता रहीं।

डॉ. कंवर ने कहा कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए अमृत समान है। जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना और पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाना शिशु के स्वस्थ विकास के लिए बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जन्म के बाद शहद या अन्य पदार्थ देने के बजाय सबसे पहले मां का दूध ही पिलाना चाहिए। डॉ. जागृति दत्ता ने स्तनपान के वैज्ञानिक, पोषण एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मां को भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। उन्होंने सही स्तनपान तकनीक और उचित मुद्रा की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में अनूपा ठाकुर ने महिलाओं से भ्रांतियों से दूर रहने का आग्रह किया। मंजू मनकोटिया ने स्वागत, रंजना जसवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव तथा रमा कंवर ने मंच संचालन किया। कार्यशाला में 100 से अधिक महिलाओं व छात्राओं ने भाग लिया। अंत में चिकित्सकों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

ऊना जिले में विशेष ग्राम सभाएं अब 10 से 12 अगस्त तक

अनंत ज्ञान

- **अब कलस्टर मोड में तय स्थलों पर होंगी ग्राम सभाएं, बीपीएल परिवारों से होगा सीधा संवाद**

ऊना। ऊना जिले में 6, 7 और 8 अगस्त को प्रस्तावित विशेष ग्राम सभाएं अब 10, 11 और 12 अगस्त को कलस्टर मोड में आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि विकास खंड स्तर पर ग्राम पंचायतों को कलस्टर में विभाजित कर निर्धारित स्थलों पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि इन ग्राम सभाओं में चरण-1 से चरण-7 सर्वेक्षण के तहत चयनित बीपीएल परिवारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन किया जाएगा तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रभावी अभिसरण के माध्यम से उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिले के सभी विकास खंडों अंब, ऊना, गगरेट, हरोली और बंगाणा में 10, 11 और 12 अगस्त को सुबह 11 बजे से निर्धारित कलस्टर स्थलों पर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित होंगी। कुछ स्थानों पर दोपहर के सत्र भी निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक कलस्टर में संबंधित ग्राम पंचायतों के बीपीएल परिवारों को आमंत्रित किया गया है।

उपायुक्त ने संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम सभाओं का सफल आयोजन सुनिश्चित करें तथा पात्र परिवारों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इन बैठकों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

अनंत ज्ञान, अंब (ऊना)। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अपर मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुहाड़छन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर मंडल अध्यक्ष किरपाल सिंह ने की, जबकि पूर्व विधायक बलवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और संगठन विस्तार के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।

इस दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष राधा रानी, पंचायत उपप्रधान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बंगाणा सीबीएसई स्कूल के प्रिंसिपल बने सरोही

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय बंगाणा स्थित नवस्थापित सीबीएसई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में राजपाल सरोही ने प्रिंसिपल पद का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने विद्यालय के विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया।

राजपाल सरोही ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने विधायक विवेक शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि वे उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा तथा विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाया जाएगा। आधुनिक शिक्षा के साथ खेल, विज्ञान और साहित्यिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम और अभिभावक बैठकों के आयोजन पर जोर दिया। इससे पहले राजपाल सरोही हटली स्कूल में प्रिंसिपल रह चुके हैं, जहां उनके नेतृत्व में छात्र संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नैतिकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उनके कार्यभार संभालने से अभिभावकों और विद्यार्थियों में विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उम्मीद जगी है।

प्रदेश का पर्यावरण स्वच्छ रखना सरकार की प्राथमिकता: धर्माणी

मंत्री ने बिलासपुर बस स्टैंड से 15 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार बिलासपुर बस स्टैंड से 15 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला बिलासपुर को प्रथम चरण में कुल 15 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई गई हैं, जिनमें से पांच बसें बिलासपुर डिपो तथा 10 बसें घुमारवीं उप-डिपो के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण रूटों पर संचालित की जाएंगी।

बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले बस का पूजन करते मंत्री राजेश धर्माणी।

राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार राज्य सरकार ने 300 इलेक्ट्रिक बसों को हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के बेड़े में शामिल किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथम चरण में जिला बिलासपुर को भी 15 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई गई हैं तथा भविष्य में और बसें उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन रूटों पर डीजल बसें संचालित हो रही हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से प्रतिस्थापित किया जाएगा। उन्होंने एचआरटीसी प्रबंधन को बिलासपुर-बंदला रूट पर भी एक इलेक्ट्रिक बस संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि यह संदेश जाए कि इलेक्ट्रिक बसें पहाड़ी क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक संचालित की जा सकती हैं।

राजेश धर्माणी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कीरतपुर-मनाली तथा शिमला-धर्मशाला मार्गों सहित विभिन्न ग्रीन कॉरिडोर विकसित किए हैं। इन कॉरिडोरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं तथा भविष्य में इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गांवों को सड़क सुविधाओं से जोड़ने के साथ-साथ परिवहन सेवाओं की मांग भी लगातार बढ़ रही है।

राज्य सरकार का प्रयास है कि दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण और सुगम परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हों तथा इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इससे पूर्व एचआरटीसी प्रबंधन ने तकनीकी शिक्षा मंत्री का स्वागत किया।

पिछले वर्ष क्षतिग्रस्त हुआ मार्ग आजतक नहीं हुआ दुरुस्त

श्री नयना देवी मार्ग बदहाल, श्रावण अष्टमी मेले से पूर्व श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सवाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिले में स्थित विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में आगामी 13 अगस्त से शुरू होने वाले श्रावण अष्टमी मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से पहले मंदिर को बस अड्डे से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले वर्ष भारी वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त हुआ यह मार्ग आज तक पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर लगातार खतरा मंडरा रहा है।

शेरा वाला गेट से घवांडल चौक होते हुए बस स्टैंड तक जाने वाला यह मार्ग मंदिर पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। बरसात के कारण सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से यहां मार्ग पहले की तुलना में काफी संकरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद संबंधित विभाग ने स्थायी मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जबकि यह मार्ग हर दिन हजारों लोगों की आवाजाही का केंद्र बना रहता है।

हाल ही में इसी स्थान पर पंजाब से आए श्रद्धालुओं की एक इनोवा कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हालांकि सौभाग्य से वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए, लेकिन इस घटना ने मार्ग की खस्ताहाल स्थिति को एक बार फिर उजागर कर दिया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक सुरक्षा और मरम्मत कार्य नहीं किए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु इसी मार्ग से मंदिर तक पहुंचेंगे। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि मेले से पहले सड़क की तत्काल मरम्मत कर इसे सुरक्षित बनाया जाए। उनका आरोप है कि विभाग को सड़क की स्थिति की पूरी जानकारी होने के बावजूद एक वर्ष से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो लगातार हो रही वर्षा के कारण सड़क का शेष हिस्सा भी धंस सकता है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित होने के साथ-साथ किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेले से पहले इस मार्ग की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

नयना देवी मंदिर में बंदरों का आतंक बढ़ा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में बंदरों का बढ़ता उत्पात श्रद्धालुओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। ताजा घटना में पंजाब के जालंधर से दर्शन करने पहुंचे एक श्रद्धालु की बंदर के हमले से बचने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जालंधर निवासी एक व्यापारी अपनी पत्नी के साथ मां नयना देवी के दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर परिसर में बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। बंदरों से बचने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन तथा मंदिर न्यास से मांग की है कि मंदिर क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते खतरे को देखते हुए तत्काल प्रभावी व्यवस्था की जाए।

मां का पहला दूध नवजात शिशु के लिए अमृत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अंतर्गत सिविल अस्पताल घुमारवीं में गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व तथा नवजात शिशुओं के समुचित पोषण के प्रति जागरूक करना था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुपम शर्मा ने उपस्थित माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म के तुरंत बाद मां के स्तनों से निकलने वाला पहला गाढ़ा पीले रंग का दूध, जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है, नवजात शिशु के लिए अमृत समान होता है। यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है तथा उसे विभिन्न संक्रमणों एवं बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नवजात को जन्म के तुरंत बाद यह पहला दूध अवश्य पिलाया जाना चाहिए।

श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में गुरुवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण किया तथा धार्मिक वातावरण में भक्ति रस का आनंद लिया। कथा व्यास आचार्य सुनील वशिष्ठ ने प्रथम दिवस के प्रवचन में मां गंगा के प्राकट्य, उनकी महिमा तथा श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म, भक्ति और वैराग्य का मार्ग दिखाने वाला दिव्य ज्ञान है। जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के अनेक कष्ट दूर होते हैं तथा उसे आध्यात्मिक शांति और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। आचार्य सुनील वशिष्ठ ने गंगा अवतरण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मां गंगा केवल एक पवित्र नदी ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवनधारा हैं।

दाड़ी-चुआरी में दी रेशम कीट पालन की जानकारी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। 'मेरा रेशम मेरा अभिमान 2.0 (2026-27)' अभियान के अंतर्गत रेशम विभाग, सिल्क सीड प्रोडक्शन ऑफिसर कार्यालय, घुमारवीं द्वारा क्षेत्रीय प्रसार केंद्र घुमारवीं के सहयोग से ग्राम दाड़ी-चुआरी में रेशम कीट पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विसंक्रमण एवं शहतूत पौधरोपण पर प्रौद्योगिकी सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रसार केंद्र, घुमारवीं की वैज्ञानिक डॉ. रीता सिंह ने रेशम कीट पालन में पालन-पूर्व, पालन अवधि तथा पालन उपरांत विसंक्रमण के महत्व पर विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा वैज्ञानिक विधि से इसका व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। उन्होंने किसानों को शहतूत पौधरोपण की उन्नत तकनीक, उचित रोपण विधि, पौधों की देखभाल, छंटाई तथा गुणवत्तापूर्ण पत्ती उत्पादन के संबंध में भी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी दी।

संस्कृति संरक्षण संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ द्वारा आयोजित आवासीय सनातन धर्म शिक्षा शिविर का समापन समारोह श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संघ की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को सनातन संस्कृति, संस्कृत भाषा, भारतीय परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना रहा। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को धर्म, संस्कृति, संस्कार, योग, श्लोक एवं भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा दी गई। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की आधारशिला है और इसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा।

बिलासपुर में नशे पर पुलिस का शिकंजा दो मामलों में 20.92 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 20.92 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब बरामद नशे के स्रोत और इससे जुड़े फॉरवर्ड व बैकवर्ड लिंकेज की भी गहन जांच कर रही है। पहले मामले में स्पेशल डिटेक्शन टीम (एसडीटी) बिलासपुर ने पट्टा फोरलेन स्थित टनल नंबर-3 के समीप नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच की।

इस दौरान एक एचआरटीसी बस में सवार हरिन्द्र सिंह (29) निवासी गांव मड्याला, डाकघर बोड्डू, जिला अमृतसर (पंजाब) के कब्जे से 14.72 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में पुलिस थाना स्वारघाट की टीम ने कैंचीमोड़ फोरलेन के पास नाकाबंदी के दौरान कीरतपुर से बिलासपुर की ओर आ रही एक महिंद्रा पिकअप वाहन की जांच की। वाहन में सवार मुकेश कुमार (24) निवासी गांव संदौली तथा अजय कुमार (23) निवासी गांव कन्डैला, जिला बिलासपुर के कब्जे से 6.20 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर अभिषेक धीमान ने बताया कि जिले में नशे की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस बरामद नशे के स्रोत, आपूर्ति श्रृंखला तथा इससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए गहन जांच कर रही है। उन्होंने आम जनता से भी नशे के कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की, ताकि समाज को इस गंभीर समस्या से मुक्त कराया जा सके।

निर्देश जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक संपन्न

मंत्री धर्माणी ने दिए शिकायतें निपटाने के निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। प्रदेश सरकार में नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही के साथ कार्य करें। मंत्री राजेश धर्माणी ने आज उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा जिला से जुड़े जनहित के अनेक मुद्दे उठाए गए, जिन पर मंत्री ने संबंधित विभागों को आवश्यक एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में फोरलेन निर्माण, रेलवे परियोजना, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, पेयजल तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े शिकायतों के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मंडी भराड़ी पुल से बिलासपुर बस स्टैंड तक रात्रि के समय टैक्सी एवं ऑटो चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूलने की शिकायत उठाई गई। इस पर मंत्री ने परिवहन विभाग को टैक्सी एवं ऑटो के किराए निर्धारित कर उनकी रेट सूची मंडी भराड़ी पुल के समीप प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने तथा निर्धारित किराए का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निजी बस संचालकों द्वारा निर्धारित रूट पर संचालित न होकर सीधे फोरलेन से जाने तथा यात्रियों को बीच रास्ते में उतारने की शिकायत भी उठाई गई। इस पर मंत्री ने उपायुक्त बिलासपुर को अतिरिक्त उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक तथा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) की संयुक्त समिति गठित कर पूरे मामले की जांच करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

न्यूज ब्रीफ

बीमा सुरक्षा बनी सहारा, स्व. बालक राम के परिवार को मिली आर्थिक राहत

अनंत ज्ञान, चंबा। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सुंडला शाखा ने ग्राम डांडी निवासी स्वर्गीय बालक राम के 8 लाख रुपये के ऋण की बीमा सुरक्षा के तहत उनकी पत्नी शकुंतला देवी को बीमा राशि उपलब्ध करवाई। प्राप्त 8 लाख रुपये से बैंक का पूरा ऋण चुकता हो गया। बैंक ने कहा कि ऋण के साथ जीवन बीमा सुरक्षा लेने से आकस्मिक परिस्थितियों में परिवार पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। बैंक ने ग्राहकों से ऋण लेते समय बीमा करवाने की अपील की है।

भाजपा नेता घनश्याम शर्मा ने सरकार पर वादे पूरे न करने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक घनश्याम शर्मा ने चंबा में पत्रकार वार्ता कर प्रदेश सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को दो वर्षों में स्थायी रोजगार देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने पेंशनरों को लंबित लाभ न मिलने और हिमकेयर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सरकार से वादों को जल्द पूरा करने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मांग की।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर की बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को समारोह की गरिमा के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम ऐतिहासिक चौगान में होगा, जिसमें पुलिस, होमगार्ड, विद्यालयों और विभागों की टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

मणिमहेश यात्रा की तैयारियां तेज डीसी ने किया पैदल मार्ग का निरीक्षण

80 फीसदी वैकल्पिक रास्ता तैयार, सभी कार्यों समयबद्ध ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। भगवान शिव की पवित्र मणिमहेश यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पिछले वर्ष भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने भरमौर से हड़सर, धनछो और माता गौरीकुंड तक पैदल यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि मार्ग के कई हिस्से अभी भी संकरे और अधिक ढलान वाले हैं। कई स्थानों पर मिट्टी अधिक होने के कारण बारिश के दौरान फिसलन का खतरा बना रहता है, जबकि पुराने मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य भी जारी है। उन्होंने संबंधित विभागों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे वैकल्पिक पैदल मार्ग का लगभग 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कनेक्टिविटी पर तेजी से काम चल रहा है। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि वर्ष 2025 के मानसून के दौरान हड़सर से धनछो तक का पैदल मार्ग भारी बारिश के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी अनुभव को देखते हुए इस बार प्रशासन ने पहले से ही वैकल्पिक मार्ग के निर्माण और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यात्रा आरंभ होने से पहले निर्माण और सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे हो जाएं।

एक साल के इंतजार के बाद गुंआं स्कूल के क्षतिग्रस्त खेल मैदान का निर्माण शुरू

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुंआं के प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त हुए खेल मैदान का पुनर्निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। लंबे समय से इस कार्य का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर राहत की सांस ली है।

पुनर्निर्माण के बाद बच्चों को सुरक्षित वातावरण में खेल गतिविधियों का अवसर मिल सकेगा। गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के दौरान खेल मैदान का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण विद्यालय में खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। वहीं, मैदान के नीचे स्थित राड़ी-भटवाड़ा संपर्क मार्ग पर बारिश के दौरान पत्थर और मलबा गिरने का खतरा भी बना रहता था। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को लगातार उठाया। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रधान और विद्यालय प्रभारी ने अस्थायी सुरक्षा दीवार बनाकर राहत देने का प्रयास किया था, लेकिन स्थायी समाधान के लिए मैदान का पुनर्निर्माण जरूरी था। अब कार्य शुरू होने से विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधा मिलेगी और संपर्क मार्ग भी अधिक सुरक्षित हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूरा होने की उम्मीद जताई है।

जल निकासी विवाद गहराया

मोहल्ला मुगला के लोगों ने की प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। चंबा शहर के हरदासपुरा स्थित वार्ड नंबर-11 के मोहल्ला मुगला के निवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) पर वर्षा जल निकासी में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जिला उपायुक्त को शिकायत सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एनएचएआई द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग का बरसाती पानी निजी कृषि भूमि की ओर मोड़ा जा रहा है, जहां जल निकासी के लिए न तो कोई सरकारी कलवर्ट है और न ही उचित व्यवस्था। इससे कृषि भूमि, मकानों और आसपास के क्षेत्र को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से सरकारी कलवर्ट उपलब्ध है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा पानी की निकासी में बाधा उत्पन्न की जा रही है। आरोप है कि कुछ मकानों को बचाने के लिए अन्य परिवारों की सुरक्षा और संपत्ति को खतरे में डाला जा रहा है। निवासियों ने बताया कि लगातार पानी बहने से श्मशान घाट जाने वाला रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच करवाने, जल निकासी को सरकारी कलवर्ट के माध्यम से बहाल करने और अवैध अवरोध हटाने की मांग की है।

स्वास्थ्य, शिक्षा और आपात सेवाओं पर फोकस, चंबा एसोसिएशन ने रखी मांगें

◆ चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने की इंजीनियरिंग कॉलेज व बाइक एंबुलेंस की मांग

अनंत ज्ञान

चंबा। चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने जनहित और जिले के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पर्यटन निगम के होटल इरावती में प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, गवर्नमेंट मिलेनियम पॉलिटेक्निक कॉलेज सरोल को इंजीनियरिंग कॉलेज का दर्जा देने और चंबा शहर में बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू करने सहित कई मांगें उठाई गईं।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वारा चंबा के लिए की गई विकास घोषणाओं का स्वागत किया गया। साथ ही सदर विधायक नीरज नैयर और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रयासों की सराहना की गई। एसोसिएशन ने मेडिकल कॉलेज चंबा में घोषित कार्डियोलॉजी विभाग को जल्द शुरू करने, रिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद भरने, ओसीटी मशीन स्थापित करने और अस्पताल में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। ट्रॉमा सेंटर को पूरी तरह कार्यशील बनाने पर भी जोर दिया गया। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में संगठन ने सरोल स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज को इंजीनियरिंग कॉलेज में स्तरोन्नत करने की मांग दोहराई। संगठन का कहना है कि इससे जिले के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। इसके अलावा चंबा शहर की संकरी गलियों को देखते हुए बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू करने की मांग भी रखी गई। संगठन ने कहा कि यह सुविधा आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मददगार साबित होगी। बैठक में महासचिव सुरेश कश्मीरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पांगी में राशन से भरा ट्रक पलटा चालक और परिचालक घायल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। जनजातीय क्षेत्र पांगी में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया। किलाड़ मुख्यालय के काकल पानी से आगे प्रघवाल मोड़ के पास आवश्यक राशन सामग्री से लदा ट्रक (एचपी-73ए-1255) अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर सिविल अस्पताल किलाड़ पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है। हादसे के बाद ट्रक में लदा राशन सड़क पर बिखर गया और अधिकांश सामग्री खराब हो गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक जैसे ही प्रघवाल के तीखे और खतरनाक मोड़ पर पहुंचा, चालक वाहन का संतुलन खो बैठा और देखते ही देखते ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। प्रशासन ने सड़क पर बिखरे राशन और क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात बहाल कराया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तीखा मोड़ और वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र पांगी की दुर्गम एवं संकरी सड़कों पर लगातार हो रही दुर्घटनाएं एक बार फिर सुरक्षित और सतर्क वाहन संचालन की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

भरमौर में एचआरटीसी बस का टायर पंचर होने से एक घंटे तक बाधित रहा हाईवे

अनंत ज्ञान, भरमौर। पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वीरवार दोपहर चननी के समीप एचआरटीसी बस का टायर अचानक पंचर होने से यातायात एक घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा। बस बीच सड़क में खड़ी हो जाने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शीतकालीन स्कूलों में अवकाश शुरू होने के चलते मार्ग पर सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक आवाजाही थी। जाम के कारण महिलाओं, बच्चों और अन्य यात्रियों को विशेष दिक्कतें झेलनी पड़ीं। स्थानीय लोगों ने एचआरटीसी की पुरानी बसों की स्थिति पर चिंता जताते हुए जनजातीय क्षेत्र भरमौर-पांगी में बेहतर और नई बसें उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि बार-बार बसों के खराब होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद संधू ने संसद में उठाया पंजाब में नहर आधारित सिंचाई के विस्तार का मामला

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने पंजाब में गहराते जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से राज्य की पुरानी नहर प्रणाली के आधुनिकीकरण तथा प्रमुख जलाशयों के पुनर्जीवन के लिए विशेष कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर में लगातार गिरावट और पुरानी नहरों की घटती जल धारण क्षमता के कारण पंजाब गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में यह मुद्दा उठाते हुए सांसद संधू ने कहा कि पंजाब देश का अन्न भंडार है और हरित क्रांति के बाद से राज्य के किसानों ने देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'आज पंजाब तेजी से गिरते भूजल-स्तर और गंभीर जल संकट जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। राज्य की अधिकांश नहरें पुरानी हो चुकी हैं। गाद जमने, संरचनात्मक क्षति और रिसाव के कारण उनकी जल धारण क्षमता काफी कम हो गई है। अधिकांश नहरें आज भी पारंपरिक प्रणाली पर संचालित हैं। इसके साथ ही रूपनगर (रोपड़), हरिके, कांजली, केशोपुर, मियानी, नंगल, झज्जर और बडोली सहित पंजाब के सभी प्रमुख वेटलैंड्स एवं जलाशयों की नियमित सफाई, डिसिल्टिंग, पुनर्जीवन और जल धारण क्षमता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।'

सांसद सतनाम सिंह संधू ने आगे कहा कि पंजाब में नहर सिंचाई के तहत आने वाला क्षेत्र कम हो गया है और इस दायरे को बढ़ाना समय की ज़रूरत है। उन्होंने कहा, 'मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह पंजाब के नहर बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए विशेष उपाय करे। शाहपुर कंडी बांध से मिलने वाले रावी नदी के पानी को पंजाब की नहर प्रणाली से जोड़ा जाना चाहिए और राज्य की सभी प्रमुख नहरों की मरम्मत, आधुनिकीकरण, मज़बूती, पुनर्विकास और संचालन-रखरखाव के लिए विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए।' सांसद संधू ने कहा कि पंजाब के प्रमुख जलाशयों जैसे रूपनगर (रोपड़), हरिके, कांजली, केशोपुर, मियानी, नंगल, झज्जर और बडोलीको डीसिल्ट करने, पुनर्जीवित करने और उनकी जल धारण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष राष्ट्रीय परियोजना शुरू की चाहिए।

उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, पंजाब में नहरों से सिंचाई का दायरा बढ़ाने और नहरों से सिंचाई वाले इलाके को बढ़ाने के लिए एक खास योजना बनाई जानी चाहिए, ताकि राज्य की आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।' सांसद संधू ने कहा कि पंजाब में भूजल का अत्यधिक उपयोग और नहरों की घटती जल धारण क्षमता राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड के 2025 के नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब के ज़्यादातर ज़िलों में भूजल का संकट गंभीर स्थिति में पहुंच गया है।

सांझ राहत केंद्रों में 1000 से अधिक मामले दर्ज: डीजीपी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए पंजाब पुलिस के 'सांझ राहत केंद्र' आज सामुदायिक पुलिसिंग के एक सशक्त मॉडल के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं को सहायता, परामर्श, संकट की स्थिति में त्वरित हस्तक्षेप तथा पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मोहाली स्थित सांझ राहत केंद्र में केवल दो प्रशिक्षित काउंसलरों के साथ शुरू की गई इस पहल का विस्तार अब फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना और जालंधर के सिविल अस्पतालों तक हो चुका है। पिछले दो वर्षों के दौरान इन केंद्रों में 1,069 मामले दर्ज किए गए, जबकि 1,656 मामलों की प्रारंभिक जांच (स्क्रीनिंग) की गई। इस संबंध में पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने कहा, 'वर्तमान समय में एसएएस नगर, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब और जालंधर में चार सांझ राहत केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो संकटग्रस्त महिलाओं को मानसिक आघात से उबरने और सामान्य जीवन जीने में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

एनआईआईएफटी मोहाली में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईआईएफटी), मोहाली द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम-2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान के शैक्षणिक वातावरण, मूल्यों, सुविधाओं तथा भविष्य में उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना था। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जसप्रीत सिंह, आई ए एस, निदेशक, उद्योग एवं वाणिज्य, पंजाब तथा महानिदेशक, एनआईआईएफटी ने विद्यार्थियों को डिजाइन शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास के माध्यम से रचनात्मक अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डॉ. संजय सूद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हिमाचल प्रदेश, प्रो. संजय कौशिक, कुलपति, गुरुग्राम विश्वविद्यालय तथा डॉ. कनु थिंद, पी सी एस, निदेशक, एनआईआईएफटी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, रचनात्मकता और व्यावसायिक मूल्यों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संस्थान परिसर में पौधरोपण अभियान भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

9 अगस्त को इंग्लिश में होगा गुरु पूर्णिमा लेक्चर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। वेदांता इंस्टीट्यूट दिल्ली और चंडीगढ़ तमिल संगम मिलकर 9 अगस्त को इंग्लिश में गुरु पूर्णिमा लेक्चर ऑर्गनाइज़ करेंगे। 99 साल के स्वामी ए. पार्थसारथी के लेक्चर 'जीवन के कोर वैल्यूज़' पर फोकस करेगा। लेक्चर प्रोग्राम सुबह 11:00 बजे भारती भवन, चंडीगढ़ तमिल संगम, सेक्टर 30, चंडीगढ़ में भजन के साथ शुरू होगा, उसके बाद सुबह 11:45 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक लेक्चर होगा, और दोपहर 1:00 बजे लंच के साथ खत्म होगा। यह जानकारी वेदांता इंस्टीट्यूट दिल्ली के मेंबर डॉ. अनुवियन वीरबाहु ने दी। इस मौके पर तमिल संगम के प्रेसिडेंट एस.पी. राजशेखर, जनरल सेक्रेटरी शिवा भी मौजूद थे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रोग्राम की जानकारी देते हुए, डॉ. अनुवियन वीरबाहु ने कहा कि यह लेक्चर 99 साल के स्वामी ए. पार्थसारथी के एक पुराने लेक्चर की स्क्रीनिंग होगी। स्वामीजी, जिन्हें प्यार से स्वामीजी के नाम से जाना जाता है, एक जाने-माने फिलॉसफर और वेदांत के जाने-माने एक्सपर्ट हैं। मानवता की अपनी सात दशकों की निस्वार्थ सेवा के दौरान, स्वामीजी का सबसे बड़ा योगदान इस पुराने ज्ञान को आज की ज़िंदगी में शांतिपूर्ण और फायदेमंद ज़िंदगी के लिए शामिल करना रहा है।

'आप' की कर्मचारी विरोधी सोच उजागर : सुभाष

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, खरड़। भारतीय जनता पार्टी जिला मोहाली के जिला व्यापार सेल के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने कहा कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार की कर्मचारियों और पेंशनर्स के प्रति नकारात्मक और सरकार विरोधी कर्मचारी सोच को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। कोर्ट ने महंगाई भत्ते के बकाया को रोकने के लिए सरकार द्वारा दी गई हर दलील को खारिज कर दिया। अग्रवाल ने कहा कि कोर्ट में हार के बाद भी पंजाब सरकार वही पुरानी दलीलें दोहराकर कर्मचारियों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जिन्हें हाई कोर्ट अपने विस्तृत फैसले में पहले ही खारिज कर चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार को कोर्ट के फैसले का सम्मान करना चाहिए और कर्मचारियों को गुमराह नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने यह साफ़ कर दिया है कि सरकार अपनी सुविधा के हिसाब से पे कमीशन की सिफारिशें लागू नहीं कर सकती। अगर सरकार ने बदले हुए पे स्केल को मंज़ूरी दे दी है, तो वह उसके हिसाब से ष्ठ देने से पीछे नहीं हट सकती। कोर्ट ने यह भी कहा कि बेसिक पे और महंगाई भत्ता अलग-अलग कामों के लिए हैं और दोनों की तुलना करके कर्मचारियों के कानूनी अधिकारों को नकारा नहीं जा सकता।

रूपनगर में भाजपा के नेतृत्व के प्रति भारी रोष

अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। भारतीय जनता पार्टी के पंजाब प्रदेश की किसी भी संगठनात्मक इकाई अथवा पदाधिकारी मंडल में रूपनगर जिले को कोई प्रतिनिधित्व न दिए जाने से जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं समर्पित नेतृत्व में गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है। यह केवल एक जिले की उपेक्षा नहीं, बल्कि उन कार्यकर्ताओं की अनदेखी है जिन्होंने दशकों तक संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। रूपनगर जिला भाजपा के इतिहास में सदैव संगठन का एक सशक्त केंद्र रहा है। इस धरती ने पार्टी को अनेक समर्पित नेता दिए, जिन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संगठन का ध्वज बुलंद रखा। यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि पंडित यज्ञ दत्त शर्मा, जो पंजाब में जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे तथा अखिल भारतीय स्तर पर सबसे लंबे समय तक संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वहन करने वाले वरिष्ठ नेताओं में शामिल रहे, उनके योगदान को आज मानो भुला दिया गया है।

मैकडॉनल्ड्स इंडिया-नॉर्थ एंड ईस्ट ने पार किया 200 मैककैफे का पड़ाव

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, चंडीगढ़। मैकडॉनल्ड्स इंडिया-नॉर्थ एंड ईस्ट ने उत्तर एवं पूर्वी भारत में अपने मैककैफे नेटवर्क को 200 आउटलेट तक पहुंचा दिया है। इस उपलब्धि के साथ ही बेहतरीन एवं गुणवत्तापूर्ण कैफे एक्सपीरियंस को ज्यादा सुलभ बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। भारत में कॉफी कल्चर लगातार बदल रहा है और अब युवा ऐसी जगह जाना पसंद करते हैं, जहां उन्हें एक-दूसरे से कनेक्ट होने और खुलकर जीने का मौका मिले। मैककैफे ने अपने 'गुड वाइब्स स्टार्ट विद मैककैफे' प्लेटफॉर्म के माध्यम से शानदार कीमत पर बेहतरीन कॉफी की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए खुद को प्रेफर्ड कैफे के रूप में स्थापित किया है। इस खास पड़ाव को पार करने के मौके पर मैकडॉनल्ड्स इंडिया-नॉर्थ एंड ईस्ट ने तारा सुतारिया के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के माध्यम से 'गुड वाइब्स स्टार्ट विद मैककैफे' प्लेटफॉर्म को कॉफी के खास पलों एवं रोजाना के शानदार अनुभवों के साथ जीवंत किया जाएगा। सीपीआरएल के वाइस चेयरपर्सन अनंत अग्रवाल ने कहा, '200 मैककैफे आउटलेट की यह उपलब्धि अपना फुटप्रिंट लगातार बढ़ाने और अपने बेवरेज पोर्टफोलियो को मजबूत करने की दिशा में हमारे लगातार निवेश को दिखाता है।

पार्क ग्रीशियन अस्पताल ने की काम्प्रीहेन्सिव न्यूरो स्पेशलिटी क्लीनिक की शुरुआत

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। पार्क ग्रीशियन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने वीरार को अपने काम्प्रीहेन्सिव न्यूरो स्पेशलिटी क्लिनिक के शुभारंभ की घोषणा की। यह क्लिनिक मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और नर्व से जुड़ी विभिन्न बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श, उन्नत डायग्नोस्टिक, न्यूरोसर्जिकल उपचार, न्यूरो आईसीयू सेवाएं, रिहैबिलिटेशन और 24 घंटे आपातकालीन न्यूरो देखभाल प्रदान करेगा। वरिष्ठ कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी डॉ. अनिल सोफत और कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी डॉ. संदीप कौर इस क्लिनिक का संचालन करेंगे। पार्क ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ-नॉर्थ, आशीष चड्ढा ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को अपने घर के पास ही समय पर, व्यापक और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल मिले, जिससे इलाज के परिणाम और गुणवत्ता में सुधार हो सके।

चंडीगढ़ में 'ओह माय डॉग' की विशेष स्क्रीनिंग

निर्देशक अमित राय भी रहे मौजूद, देशभर में आज रिलीज होगी फिल्म

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। निर्देशक अमित राय की फिल्म ओह माय डॉग ने अपनी देशव्यापी यात्रा को आगे बढ़ाते हुए चंडीगढ़ में एक विशेष दर्शक स्क्रीनिंग आयोजित की, जहां 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ से पहले फिल्म को जबरदस्त सराहना मिली। चंडीगढ़ में आयोजित इस विशेष स्क्रीनिंग में दर्शकों ने फिल्म की भावनात्मक कहानी, दमदार अभिनय और दया एवं करुणा के सार्वभौमिक संदेश को दिल से अपनाया। दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया ने एक बार फिर इस बात को साबित किया कि फिल्म अपनी सच्ची भावनाओं और सकारात्मक वर्ड-ऑफ-माउथ के दम पर लोगों तक पहुंच रही है।

निर्देशक अमित राय भी इस स्क्रीनिंग में मौजूद रहे और उन्होंने दर्शकों के साथ बातचीत करते हुए ओह माय डॉग के निर्माण से जुड़े कई दिलचस्प अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि यह फिल्म इंसानों और जानवरों के बीच के अनोखे रिश्ते, संवेदनशीलता, उम्मीद और मानवता का जश्न मनाने की एक ईमानदार कोशिश है।

चंडीगढ़ की यह स्क्रीनिंग फिल्म के देशव्यापी ऑडियंस प्रीव्यू टूर का एक और सफल पड़ाव रही। इससे पहले यह टूर इंदौर, दिल्ली, पुणे, लखनऊ, कोलकाता, पटना, अहमदाबाद, गुवाहाटी, बेंगलुरु और हैदराबाद पहुंच चुका है। अब मुंबई में होने वाली अंतिम स्क्रीनिंग के बाद फिल्म 7 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी, जहां इसे लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। फिल्म की रिलीज़ रणनीति समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्मों द लंचबॉक्स और लापता लेडीज़ की तरह है, जहाँ दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रियाओं और वर्ड-ऑफ-माउथ ने बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी।

चंडीगढ़ स्क्रीनिंग के दौरान निर्देशक अमित राय ने कहा, 'देशभर के दर्शकों से 'ओह माय डॉग' को जो प्यार मिला है, वह हमारे लिए बेहद भावुक कर देने वाला अनुभव रहा है। हर शहर ने इस फिल्म को खुले दिल से अपनाया है और चंडीगढ़ भी इसका अपवाद नहीं है। हमने यह फिल्म दया, करुणा और इंसानियत का संदेश देने के उद्देश्य से बनाई थी। जब दर्शकों को इसकी भावनाओं से गहराई से जुड़ते हुए देखते हैं, तो यही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। उम्मीद है कि 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बाद भी दर्शक इसी तरह फिल्म पर अपना प्यार बरसाते रहेंगे।'

खूबसूरत जर्मन खिलाड़ी जुलिया ग्विन

जुलिया ग्विन एक प्रसिद्ध जर्मन पेशेवर फुटबॉलर हैं। उनका जन्म 2 जुलाई 1999 को हुआ था। वह बायर्न म्यूनिख क्लब और जर्मनी की महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए खेलती हैं। मैदान पर वह मुख्य रूप से राइट-बैक या मिडफील्डर की पोजीशन संभालती हैं और टीम की कप्तान भी हैं।

बीसीसीआई ने कठिन किया फिटनेस टेस्ट

10 मिनट में 2 किमी दौड़ना जरूरी, 5.20 मिनट में पूरी करनी होगी 1200 मीटर की दौड़

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ञ्च्ष्टद्ध ने ब्रोंको टेस्ट का बेस टाइम 6 मिनट से घटाकर 5 मिनट 15 सेकंड से 5 मिनट 20 सेकेंड कर दिया है। अब खिलाड़ियों को 1200 मीटर की दौड़ इस तय समय के भीतर पूरी करनी होगी।

साथ ही 2 किलोमीटर दौड़ (2किमी टेस्ट) के लिए 9 से 10 मिनट की समय सीमा तय की गई है। पहले क्रिकेटरों की फिटनेस के लिए यो-यो टेस्ट होता था, लेकिन अब उसकी जगह ब्रोंको टेस्ट को प्राथमिक फिटनेस टेस्ट बना दिया गया है।

बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने खिलाड़ियों में लगातार बढ़ती इंजरी और गिरते फिटनेस स्टैंडर्ड को देखते हुए यह बदलाव किया है। बीसीसीआई ने टीम मैनेजमेंट और मेडिकल टीम के बीच बेहतर तालमेल के लिए नए बेस पैरामीटर्स (न्यूनतम मापदंड) भी तय किए हैं। (अनंत ज्ञान)

अनफिट हर्षित-नीतीश को मिली थी क्लियरेंस

बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, पिछले एक साल में फिटनेस टेस्ट के मानकों का सख्ती से पालन नहीं किया गया। कुछ सीनियर खिलाड़ियों को पास कराने के लिए अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य दिए गए। टीम मैनेजमेंट की मांग पर सीओई स्टाफ ने हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी को पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद क्लियरेंस दे दी थी। इंग्लैंड दौरे के दौरान हर्षित राणा को वापस भेजा गया था। तब दावा किया गया था कि उनका वजन तय सीमा से ज्यादा है। टीम मैनेजमेंट के अनुसार उनका वजन 97 किलो था। अब सीओई ने उनका वजन 96 किलो से कम रखने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल उनका वजन 94 किलो है और अगले हफ्ते तक उन्हें फिट घोषित किया जा सकता है।

श्रीलंका टेस्ट से पहले वार्म-अप मैच खेलेगी टीम इंडिया

एजेंसी, नई दिल्ली

श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टीम शुक्रवार से कोलंबो में तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेलेगी। मुकाबला नॉनडेस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब मैदान पर श्रीलंका इलेवन के खिलाफ खेला जाएगा। यह मैच 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारियों का अहम हिस्सा होगा। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का सबसे बड़ा फोकस स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तकनीक को और मजबूत करना रहेगा। (अनंत ज्ञान)

श्रीलंका इलेवन से होगी भिड़ंत स्पिन के खिलाफ होगी परख

श्रीलंका टीम के पास मजबूत स्पिन डिपार्टमेंट

हाल के महीनों में भारत को घरेलू टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्पिन के सामने संघर्ष करना पड़ा था। श्रीलंका की परिस्थितियां भी स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती हैं और मेजबान टीम के पास घरेलू हालात का फायदा उठाने वाले अनुभवी स्पिनर मौजूद हैं। ऐसे में पहले टेस्ट से पहले यह अभ्यास मैच भारतीय बल्लेबाजों के लिए खुद को परखने और कमजोरियों पर काम करने का अच्छा मौका होगा। कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल समेत टीम के प्रमुख बल्लेबाजों ने कोलंबो रवाना होने से पहले अपने-अपने घरेलू सेंटर पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ विशेष अभ्यास किया था। हालांकि, श्रीलंका इलेवन की टीम का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है।

बांग्लादेश में क्रिकेटर शाकिब के घर पर हमला

एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के मगुरा शहर में बने घर पर हमला हुआ है। यह घटना पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाकिब के शामिल होने के कुछ घंटों बाद हुई। शाकिब के घर पर हमला रात 8.45 से 9 बजे के बीच हुआ। मगुरा सदर पुलिस ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने पत्थर फेंके और खिड़कियां तोड़ दीं। हमलावरों ने घर में आग लगाने की कोशिश की। शाकिब इस वक्त श्रीलंका में हैं। घटना के बाद पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो साल बाद बुधवार शाम करीब 6.45 बजे को लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। जब हसीना बोल रही थीं, उस दौरान उनका कैमरा बंद था। हसीना ने 25 मिनट भाषण दिया। इस दौरान शाकिब अल हसन, शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय, पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी भी मौजूद थे। हालांकि शाकिब ने इस दौरान भाषण नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

श्रेयांशी को हराकर कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तन्वी शर्मा

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत की 17 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का शानदार फॉर्म जारी है। पिछले हफ्ते ताइपे ओपन सुपर-300 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली तन्वी ने अब कोरिया मास्टर्स 2026 के महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आसान में खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्होंने हमवतन श्रेयांशी वालिशेट्टी को 21-16, 17-21, 21-13 से हराया। दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच मुकाबले की शुरुआत में श्रेयांशी ने बढ़त बनाई, लेकिन तन्वी ने जल्द ही वापसी करते हुए मैच पर पकड़ मजबूत कर ली। दमदार मूवमेंट और आक्रामक स्ट्रोक्स के दम पर उन्होंने पहला गेम 21-16 से जीत लिया। निर्णायक गेम में तन्वी पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाई और श्रेयांशी को वापसी का मौका नहीं दिया। वर्ल्ड रैंकिंग में 30वें नंबर की तन्वी ने तीसरा गेम 21-13 से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। (अनंत ज्ञान)



15 अगस्त को मैदान में उतरते ही हमारे पास होगा हर सवाल का जवाब: गंभीर

एजेंसी, कोलंबो। भारतीय टीम का हाल के वर्षों में घरेलू मैदान पर टेस्ट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर को उम्मीद है कि 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार रहने के साथ हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम रहेगी। अभ्यास सत्र से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गंभीर ने टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ियों स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का भी स्वागत किया। सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में गंभीर ने कहा, 'हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या चुनौती है और हम किस लक्ष्य के लिए खेल रहे हैं। हम कड़ी मेहनत कर सकते हैं, अपनी क्षमता को आगे बढ़ा सकते हैं और हर तैयारी पूरी कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, '15 अगस्त की सुबह जब मैच शुरू होगा, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी हमें हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए अभी से अपनी तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़नी है।' (अनंत ज्ञान)

खाइदेम चानू जूनियर एशिया कप में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान

एजेंसी, नई दिल्ली। मिडफील्डर खाइदेम शैलेमा चानू चीन के मोकी में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले जूनियर एशिया कप में भारत की 18 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टूर्नामेंट की तैयारी के लिये भारतीय टीम हाल ही में ब्रिटेन के दौरे से लौटी है। एशिया कप में मैचों का कार्यक्रम और पूल की जानकारी टूर्नामेंट शुरू होने के आसपास दी जाएगी। मुख्य कोच टिम व्हाइट ने कहा, 'इन युवा खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिये जो प्रतिबद्धता और दृढता दिखाई है, मुझे उस पर गर्व है । पिछले कुछ महीने में उन्होंने लगातार काम किया है और खेल के हर पहलू में सुधार किया है।' टीम में गोलकीपर के रूप में निधि, एंजिल हर्षा रानी मिंज। डिफेंडर : पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पार्वती टोप्नो और मधु। मिडफील्डर : खाइदेम शैलेमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, बिनिमा धन, रोशनी इंद , गीता यादव। फॉरवर्ड : लालरिंपुइ, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका माने, मधु सिदार और रिजर्व में एफ लालबियाक्सियामी, तनुश्री कादु शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)



जोस बटलर टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

एजेंसी, लंदन। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कीरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बटलर के नाम अब 522 टी-20 मैचों में 14,833 रन हैं, जबकि पोलार्ड ने 746 मैचों में 14,803 रन बनाए हैं। बटलर ने यह उपलब्धि द हंड्रेड लीग में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए वेल्श फायर के खिलाफ हासिल की। उन्होंने 20 गेंदों में 51 रन की तेज पारी खेलकर पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। रिकॉर्ड बनाने के बाद बटलर का एक बयान भी चर्चा में रहा। उन्होंने कहा कि भारत के 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भविष्य में यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स से बातचीत में 34 साल के बटलर ने कहा, टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी बनना शानदार एहसास है। लेकिन एक दिन कोई न कोई यह रिकॉर्ड जरूर तोड़ेगा। मुझे लगता है कि वह खिलाड़ी शायद भारत का वैभव सूर्यवंशी हो सकता है।' हाल ही में भारत के पूर्व बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने भी वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की थी। (अनंत ज्ञान)

वर्ल्ड एथलेटिक्स 20 चैंपियनशिप में 3 भारतीयों ने फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी, यूजीन

अमेरिका के यूजीन में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स 20 चैंपियनशिप के पहले दिन भारत के तीन खिलाड़ियों ने अपने-अपने इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। पुरुषों के जेवलिन थ्रो में आशीष यादव और टी. धरणीधरन ने क्वालीफाई किया, जबकि महिलाओं के डिस्कस थ्रो में अमानत कंबोज ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

जेवलिन थ्रो में आशीष व धरणीधरन ने किया कमाल



19 साल के आशीष यादव ने पुरुषों के जेवलिन थ्रो के ग्रुप-ए क्वालीफिकेशन में 69.87 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, ओवरऑल रैंकिंग में वे साउथ अफ्रीका के जन-हेन्ड्रिक हेमंस (76.02 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। आशीष का करियर और सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 74.49 मीटर है। इस इवेंट में ऑटोमेटिक क्वालीफिकेशन मार्क 72.50 मीटर था, जिसे केवल हेमंस ही पार कर सके। भारत के दूसरे जेवलिन थ्रोअर टी धरणीधरन ने 68.07 मीटर के थ्रो के साथ ग्रुप-बी में पांचवां स्थान हासिल किया। ओवरऑल वे 12वें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे।

डिस्कस थ्रो में अमानत का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

महिलाओं के डिस्कस थ्रो में अमानत कंबोज ने ग्रुप-ए में 52.58 मीटर का थ्रो किया, जो इस सीजन का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वे ग्रुप में छठे और ओवरऑल 12वें स्थान पर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। चीन की सू यिशिन 58.06 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं। इस इवेंट का ऑटोमेटिक क्वालीफिकेशन मार्क 55 मीटर था।

अरुणाचल में अक्तूबर माह में होगी एशियाई राफ्टिंग चैंपियनशिप

एजेंसी, इटानगर। अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के बोलेंग में अक्टूबर 2026 में एशियाई राफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित होगा जिसे राज्य के साहसिक खेलों और वैश्विक पर्यटन की पहचान को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री ओजिंग तासिंग (बोलेंग के विधायक भी हैं) ने आगामी प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा के लिए खेल प्रशासन से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ अलग-अलग उच्चस्तरीय बैठकें कीं। यह प्रतियोगिता पांच से नौ अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएगी। खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, " यह आयोजन अरुणाचल प्रदेश की मनमोहक नदियों, प्राकृतिक सौंदर्य, साहसिक खेलों की संभावनाओं और स्थानीय आतिथ्य को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर है।' पांच दिन तक चलने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के शीर्ष राफ्टिंग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने एटलेटिको सान लुईस को हराया

एजेंसी, मियामी

लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप के बाद पहले दो गोल किए, जिसकी मदद से इंटर मियामी ने लीग्स कप में एटलेटिको सान लुईस को 4-2 से हराया। बिजली कड़कने और बारिश के कारण दूसरे हाफ में मैच 30 मिनट के लिये रोकना पड़ा।

मेस्सी ने 11वें और 44वें मिनट में गोल किए। उनके अब लीग्स कप में 12 मैचों में 14 गोल हो गए हैं। टेलास्को सेगोविया और डिफेंडर माइकल ने भी गोल दागे। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेस्सी अर्जेंटीना को फाइनल तक ले गए थे लेकिन स्पेन ने 1-0 से हराकर लगातार दूसरा खिताब जीतने का उनका सपना तोड़ दिया।

मेस्सी का विश्व कप के बाद यह दूसरा मैच था। 39 बरस के मेस्सी शनिवार को कोलंबस क्रू के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में 37 मिनट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर खेले थे। वह मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था जिसमें मेस्सी गोल नहीं कर सके थे। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स 374 अंक चढ़कर 78,955 पर पहुंचा, निफ्टी में भी मामूली बढ़त

बैंकिंग शेयरों में जबरदस्त खरीदारी, रियल्टी शेयरों में दिखी गिरावट

एजेंसी, मुंबई

शेयर बाजार में 6 अगस्त को तेजी रही। सेंसेक्स 374 अंक चढ़कर 78,955 पर बंद हुआ। निफ्टी में 11 अंकों की बढ़त रही, यह 24,636 पर आ गया है। वीरवार के कारोबार में बैंकिंग शेयरों में खरीदारी और रियल्टी शेयरों में गिरावट रही। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी जूनिपर ग्रीन एनर्जी का शेयर एनएसई पर 245 और बीएसई पर 242 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ है। ये इसके 225 रुपए के इश्यू प्राइस से करीब 9% ज्यादा है। आईपीओ बोली लगाने के लिए 30 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक खुला था। इसके लिए प्राइस बैंड 214 से 225 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार, सोमवार से शेयर बाजार में उन कंपनियों के लिए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन लागू किया गया है, जिनके शेयरों में फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस का कारोबार होता है। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका के पास हथियारों का बड़ा जखीरा : ट्रंप

कहा-नए हथियार भी बन रहे, सीक्रेट लीक करने वालों को होगी लंबी जेल

एजेंसी, वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका के पास हथियारों का बड़ा जखीरा मौजूद है और जरूरत के मुताबिक नए हथियार भी तेजी से तैयार किए जा रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी रक्षा कंपनियां इतिहास में सबसे ज्यादा नए प्लांट और फैक्ट्रियां बना रही हैं।

ट्रंप ने सेना से जुड़ी सीक्रेट जानकारियां लीक करने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है। उन्हें लंबी जेल की सजा दी जाएगी।

हालांकि, ट्रंप ने यह नहीं बताया कि वह किस सीक्रेट जानकारी लीक का जिक्र कर रहे हैं। दरअसल, कुछ अखबारों में मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना के पास हथियार तेजी से खत्म होते जा रहे हैं। इनमें लंबी दूरी की मिसाइलें शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

ईरानी सेना बोली- हम हर खतरे से निपटने को तैयार

तेहरान। ईरानी सेना ने कहा है कि वह किसी भी संभावित खतरे का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अमीर अकरामिनिया ने कहा कि सेना लगातार अपनी ऑपरेशनल क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है। इसके लिए क्षतिग्रस्त सिस्टम को आधुनिक बनाया जा रहा है और घरेलू तकनीक के आधार पर नए सैन्य उपकरण शामिल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई सैन्य सामग्री मिलने के साथ ही सेना अपने हथियारों और उपकरणों की तैनाती भी जरूरत के मुताबिक बदल रही है, ताकि किसी भी चुनौती का तुरंत जवाब दिया जा सके।

सोना 2,735 रुपए बढ़कर 1.48 लाख पर पहुंचा, चांदी भी चमकी

एजेंसी, नई दिल्ली



सोने-चांदी की कीमत में 6 अगस्त को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,735 रुपए बढ़कर 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। एक किलो चांदी की कीमत 931 रुपए बढ़कर 2.25 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस महीने यानी अगस्त में सिर्फ 6 दिन में ही सोना 5,501 और चांदी 7,198 रुपए महंगी हो चुकी है। डॉलर के कमजोर पड़ने से डॉलर में कीमत वाली सोना-चांदी विदेशी खरीदारों के लिए सस्ती हो जाती है, जिससे मांग बढ़ती है। इससे भी सोने-चांदी को सपोर्ट मिल रहा है। ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आए सोना-चांदी: 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई पहुंच गए थे। तक से इनकी कीमत काफी नीचे आ चुके हैं, ऐसे में निवेशक इसमें खरीदारी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

माफिया अतीक अहमद के बेटे अबान की सड़क हादसे में मौत

एजेंसी, झांसी। माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान (21) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह वीरवार सुबह 5 बजे प्रयागराज से झांसी जेल में बंद बड़े भाई अली से मिलने जा रहा था। क्रेटा कार में अबान के साथ उसके 4 दोस्त थे। झांसी से 70 किमी पहले सुबह 10.30 बजे पूंछ थाना इलाके में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार 7 फीट हवा में उछल गई। 40 फीट तक कार के टुकड़े हाईवे पर बिखर गए। अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। अबान समेत सभी 5 लोग अंदर फंस गए। चीख-पुकार मच गई। पुलिस और राहगीरों ने जैसे-तैसे दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला। आगे की सीट पर बैठे अबान और उसके दोस्त सोनू की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाकी 3 घायल उमर अहमद, मोहम्मद जैद और असलम को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, मरने से पहले अबान के आखिरी शब्द थे- मुझे बचा लो...। (अनंत ज्ञान)

मोदी कैबिनेट ने गोबरधन योजना और गुवाहाटी-तेजपुर कॉरिडोर को दी मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। एक ओर भारत में बायोगैस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 23731 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट वाली 'गोबरधन योजना' को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

यह योजना साल 2026-27 से लेकर 2035-36 तक लागू की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य कंप्रेस्ड बायोगैस को भारत के भविष्य के ऊर्जा क्षेत्र का एक मजबूत हिस्सा बनाना है।

दूसरी ओर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को बड़ा बढ़ावा देते हुए 8,970.20 करोड़ रुपये की लागत से गुवाहाटी-तेजपुर एनएच-15 कॉरिडोर (135.871 किमी) के विकास को मंजूरी दे दी है। यह चार लेन वाला एक्सेस-कंट्रोल हाईवे होगा, जिसे 'बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर' टोल मोड पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना से असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच आवागमन बेहद आसान और तेज हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत तेजपुर बाईपास पर 4.9 किलोमीटर लंबी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी बनाई जाएगी, जिसे भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर तैयार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

इस योजना में क्या होगा महत्वपूर्ण ?

बता दें कि इस योजना के तहत खेतों के अवशेष (पराली आदि), पशुओं का गोबर, गन्ने की मैला (प्रेस मड), शहरी गीला कचरा और अन्य जैविक कचरे को साफ ईंधन और जैविक खाद में बदला जाएगा। इससे ग्रामीण इलाकों में लोगों की आय बढ़ेगी और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। गोबरधन योजना के तहत सरकार बायोगैस सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए कई अहम कदम उठाने जा रही है। गैस पहुंचाने के लिए पाइपलाइन का बुनियादी ढांचा तैयार करने के अलावा इसके लिए आसानी से लोन मिलना और नई तकनीक का विकास करना है। कुल मिलाकर इस योजना से न केवल देश में प्रदूषण कम होगा, बल्कि गांवों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

खंडन नागरिक उड्डयन मंत्री ने केजरीवाल के दावे को बताया गलत

जेट फ्यूल में एथेनॉल मिलाने का कोई प्लान नहीं: केंद्र

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने स्पष्ट किया कि एविएशन टरबाइन फ्यूल में एथेनॉल मिलाने की सरकार की कोई योजना या प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि विमान सुरक्षा को लेकर इस तरह की गलत जानकारी या अफवाहें फैलाने से हवाई यात्रियों में बेवजह डर और चिंता पैदा होती है। नायडू का यह बयान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर विमान के ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना बनाने का आरोप लगाया था। उड्डयन मंत्री ने साफ किया कि हवाई यात्रियों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नायडू ने एक्स पर लिखा कि सरकार का एटीएफ में एथेनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह दावा पूरी तरह से झूठा और गैर-जिम्मेदाराना है। (अनंत ज्ञान)

आखिर केजरीवाल ने क्या दावा किया था?

दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की थी। उन्होंने लिखा था कि सूत्रों से संकेत मिला है कि मोदी सरकार ञ्जञ्ज में एथेनॉल मिलाने की योजना बना रही है। जानकारों का कहना है कि इससे उड़ानों की सुरक्षा से गंभीर समझौता हो सकता है।